* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

04 नवंबर, 2022
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 16

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

गुजरात चुनाव - 1 दिसंबर को 89 सीटों पर और 5 दिसंबर को 93 सीटों पर वोटिंग होगी। नतीजे 8 दिसंबर को आयेंगे।






## आवास के बाहर झामुमो कार्यकर्ताओं के बीच सीएम ने भरी हुंकार, इन्क्वायरी और समन क्यों?

# हिम्मत है तो गिरफ्तार करके दिखाओ: हेमंत




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए इडी ने गुरुवार सुबह 11.30 बजे अपने कार्यालय बुलाया था, लेकिन वह नहीं गये। पहले से ही कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण उन्होंने इडी से तीन सप्ताह का समय मांगा है। वहीं इडी के समन के बाद झामुमो कार्यकर्ताओं में पूरे राज्य में गुस्सा देखने को मिल रहा है। गुरुवार की सुबह से ही झामुमो कार्यकर्ता इडी के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए मोरहाबादी मैदान में जुटने लगे थे। दोपहर में वे सीएम हाउस के पास एकत्र हुए। उन्हें सीएम हेमंत सोरेन ने संबोधित किया। अपने संबोधन के क्रम में हेमंत सोरेन ने इडी को सीधी चुनौती देते हुए कहा कि अगर गुनाह किया है तो इनक्वायरी और समन क्या करना? हिम्मत है तो गिरफ्तार करके दिखाओ। इडी की ओर से समन भेजना एक साजिश का नतीजा है, लेकिन वह डरनेवाले नहीं हैं। इडी आये और मुझे गिरफ्तार करे। राज्य में सियासी हलचल के बीच गुरुवार सुबह से ही सीएम हाउस के आसपास झामुमो कार्यकर्ताओं का जमावड़ा शुरू हो गया था। वहीं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन ने ये बातें कहीं।

### झामुमो कार्यकर्ता झंडा, तीर-धनुष और परंपरागत हथियारों के साथ मोरहाबादी मैदान में जुटे

झारखंड के अलग-अलग जिलों से आये लगभग सात-आठ हजार झामुमो कार्यकर्ता पार्टी झंडों और तीर-धनुष एवं परंपरागत हथियारों के साथ मोरहाबादी मैदान में इकट्ठा हुए और वहां से जुलूस की शक्ल में कांके रोड स्थित सीएम आवास पहुंचे। इसके बाद सीएम ने अपने आवास से बाहर निकल कर सड़क पर जमा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

### एक आदिवासी का बेटा झारखंड को सफलतापूर्वक चला रहा है, यह विरोधियों को पच नहीं रहा

हेमंत ने कहा कि एक आदिवासी का बेटा झारखंड को सफलतापूर्वक चला रहा है, यह विरोधियों को पच नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होने के लिए गुरुवार को रायपुर जाने का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था। इसके बावजूद इडी ने जानबूझ कर आज का दिन चुना और इस दिन इडी ने हमें न्योता भेज दिया। उन्होंने कहा कि इससे हम घबराने वाले नहीं हैं। इन्हें लगता है कि ये हमें जेल भेजेंगे तो हम डर जायेंगे। अगर हमने जेल भरो आंदोलन शुरू कर दिया, तो इतने लोग हैं कि जेल में जगह कम पड़ जायेगी। झामुमो पार्टी ऐसे संघर्षों और परिस्थितियों से तप कर और मजबूत हुई है।

### राजभवन और इडी ऑफिस विपक्ष का ठिकाना बना

हेमंत सोरेन ने अपने 29 मिनट के भाषण में केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार को दिल्ली से गिराने की साजिश हो रही है। भाजपा के लोग कभी सीबीआइ, कभी इडी, कभी कोर्ट का सहारा लेते हैं। कभी राजभवन तो कभी इडी ऑफिस में रात बिताते हैं। इन्हें लगता है कि ये जेल भेजेंगे तो हम डर जायेंगे। उनके ऑफिस की सुरक्षा बढ़ायी जा रही है। इडी कार्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है, भाजपा दफ्तर की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। क्या इन्हें झारखंडियों से डर लगता है।

### हम अपने पर उतरे तो इन्हें मुंह छिपाने की जगह नहीं मिलेगी

सोरेन ने कहा कि अगर मैंने गुनाह किया है तो पूछताछ क्या करना? हिम्मत है तो आओ और गिरफ्तार करके दिखाओ। लेकिन वे नहीं जानते कि अगर हम अपने पर उतर जायें तो इन्हें मुंह छिपाने की जगह नहीं मिलेगी। ये लोग राजनीतिक तौर पर हमारा मुकाबला नहीं कर सकते, तो हमें इडी और सीबीआइ का डर दिखाया जा रहा है।

### भाजपा के लोग हमारा बाल भी बांका नहीं कर सकते

सोरेन ने आगे कहा कि जनता मेरे साथ है और जो लोग झारखंड सरकार गिराने का ख्वाब देख रहे हैं, वे हमारा बाल भी बांका नहीं कर सकेंगे। हमारी सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। झामुमो ऐसे हालात से तप कर और मजबूत होती है। वे राजनीतिक रोटी सेंकने की कोशिश कर रहे हैं, उसे जला देंगे।

### राज्य में बाहरियों का नहीं, झारखंडियों का राज चलेगा

हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा के लोग नहीं चाहते कि कभी आदिवासी, दलित आगे बढ़ें। इनकी सोच सामंतवादी है। ये लोग केंद्रीय एजेंसियों की मदद से अपनी ताकत दिखा रहे हैं। वे आदिवासियों और दलितों को कुचलने की कोशिश कर रहे हैं। अब इस राज्य में बाहरियों का नहीं, झारखंडियों का राज चलेगा। मैं गुजरात के आदिवासियों से अपील करता हूं कि इस चुनाव में भाजपा को वोट न दें। हेमंत ने कहा कि भाजपा को राज्य में हुए सभी चार-पांच उपचुनाव में हार का सामना करना पड़ा। आनेवाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जायेगा। केंद्रीय एजेंसियों की साख पर सवाल उठाते हुए सोरेन ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में भ्रष्टाचार के अनेक मामले हैं, लेकिन सीबीआइ-इडी वहां कोई कार्रवाई नहीं करती। क्या भाजपा में जाने से सारे पाप धुल जाते हैं?

### पहचान कीजिए कौन लोग हैं, जो धरना प्रदर्शन कर रहे हैं

हेमंत ने कहा कि कार्यकर्ता जाकर गांव- गांव में संदेश दें। सरकार के काम से विरोधी घबरा गये हैं। मैंने सुना है कि विपक्ष के लोग धरना प्रदर्शन करेंगे। ऐसे लोगों की पहचान कीजिए कौन लोग हैं, जो धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। समय आने पर इन्हें सबक सिखायेंगे। हम राजनीतिक और कानूनी तौर पर लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे।

### झारखंड को देने जा रहा हूं 1932 का खतियान

सीएम ने कहा कि केंद्र से जब हम पैसा मांगते हैं, तो कोई पूछने वाला नहीं। ये लोग विशुद्ध रूप से व्यापारी हैं। खून पसीना बहा कर हम लोगों ने झारखंड बनाया है। हेमंत राज्य को 1932 का खतियान देने जा रहा है। आदिवासी लोग को ये मजदूर मानते हैं। इनको याद नहीं कि हम किसके वंशज हैं। हम मजबूती से इनके राजनीतिक षड्यंत्र का जवाब देंगे।



### हेमंत सोरेन नहीं पहुंचे इडी ऑफिस, मांगा तीन सप्ताह का समय

रांची। प्रवर्तन निदेशालय ने पूछताछ के लिए सीएम हेमंत सोरेन को बुलाया था। गुरुवार को उनसे पूछताछ होनी थी, लेकिन वह इडी दफ्तर नहीं गये। सीएम सचिवालय का कर्मी गुरुवार को करीब 3.30 बजे हेमंत सोरेन का जवाब लेकर इडी ऑफिस पहुंचा। सीएम द्वारा भेजे गये पत्र में उन्होंने इडी से तीन सप्ताह का वक्त मांगा है।

## भाजपा कार्यकर्ता गीदड़ भभकी से डरनेवाले नहीं: दीपक प्रकाश




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाषण पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि मुख्यमंत्री सत्ता मद में अहंकार की भाषा बोलते हुए लोकतंत्र का गला घोटना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राज्य गठन की प्रसव वेदना झेली है। भाजपा राज्य के संसाधनों को लूटते और बर्बाद होते नहीं देख सकती। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन को बेचने और खरीदने वाले इस दर्द को क्या समझेंगे। भाजपा राज्य के सवा तीन करोड़ जनता की भावनाओं की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी, भाजपा के कार्यकर्ता जब आपातकाल में कांग्रेस के दमन से नहीं डरे, तो फिर आज क्या डरेंगे। लोकतांत्रिक तरीके से भाजपा सदन से सड़क तक खनिज संसाधनों की मची लूट, युवाओं के साथ हुए धोखे, महिलाओं बहन बेटियों पर हो रहे अत्याचार, किसानों के साथ हुई वादाखिलाफी, ध्वस्त विधि व्यवस्था, तुष्टिकरण की पराकाष्ठा, ठप विकास कार्य को लेकर संघर्ष के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार गठन के साथ ही भाजपा ने सदन से सड़क तक जनभावनाओं के अनुरूप लगातार जनविरोधी नीतियों कार्यक्रमों का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी देश और राज्य आपके प्रोपेगेंडा से नहीं, बल्कि भारत की संवैधानिक संस्थाओं-व्यवस्थाओं से चलेगा।










## अलग अंदाज दिखाया : कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पहुंची तेलंगाना

# राहुल गांधी ने खुद को मारे कोड़े, फोक डांस ढिमसा पर थिरके

आजाद सिपाही संवाददाता

**हैदराबाद।** भारत जोड़ो यात्रा का तेलंगाना में 12वां दिन है। गुरुवार को यात्रा की शुरुआत रुद्रम से हुई। इसके बाद ऐसे कई मौके आये, जहां राहुल गांधी का अलग अंदाज दिखायी दिया। पहले उन्होंने एक बच्चे को कराटे की टेक्नीक सिखायी। फिर लोक नृत्य ढिमसा किया। इसके बाद सबसे अलग चीज रही बोनालू सेलिब्रेशन किया। इसमें उन्होंने खुद को कोड़े मारे।

### तेलंगाना के बोनालू फेस्टिवल की परंपरा है कोड़े मारना

तेलंगाना के बोनालू फेस्टिवल में कोड़े मारने की परंपरा है। यह कोड़े 'पोथाराजू' बना व्यक्ति अपने शरीर पर मारता है। पोथाराजू, बोनालू फेस्टिवल की देवी महाकाली का भाई है, जो देवी की रक्षा के लिए चाबुक चलाता है। पोथाराजू को देवी महाकाली के विभिन्न रूपों वाली सात बहनों का भाई माना जाता है। राहुल गांधी ने भी अपनी यात्रा के दौरान यही अवतार अपनाया।

### बच्चे को पास बुला कर कराटे प्रैक्टिस करायी

रुद्रम में एक बच्चा कराटे ड्रेस में नजर आया। राहुल ने उसे बुलाया और उसकी पंचिंग प्रैक्टिस करायी। इस दौरान एक लड़की भी कराटे ड्रेस में नजर आयी। राहुल गांधी जापानी मार्शल आर्ट फॉर्म अकीदो में ब्लैक बेल्ट हैं। 2013 में उन्हें ब्लैक बेल्ट से नवाजा गया था। वह मार्शल आर्ट सीखने के लिए जापान भी गये। वह नेशनल लेवल शूटिंग चैंपियन भी हैं। राहुल कई फाइटिंग आर्ट्स फॉर्म सीख रहे हैं।



### भारत जोड़ो यात्रा में आज ब्रेक, 7 नवंबर को महाराष्ट्र में एंट्री

तेलंगाना में भारत जोड़ो यात्रा 19 विधानसभा और सात संसदीय क्षेत्रों में कुल 375 किमी का सफर कर रही है। कल यानी 4 नवंबर को एक दिन का ब्रेक रहेगा। 7 नवंबर को यात्रा महाराष्ट्र में प्रवेश करेगी। भारत जोड़ो यात्रा 7 सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई थी। तेलंगाना में आने से पहले यात्रा केरल, आंध्रप्रदेश और कर्नाटक में वॉक पूरी कर चुकी है। तेलंगाना में 10 समितियां बनायी गयी हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 47,300 रु./10 ग्राम
चांदी 59,500 रु./प्रति किलो



### झारखंड में 2007 में शुरू हुई भ्रष्टाचार की गाथा, दरअसल, अफसरों ने पद, पैसा और पहुंच के लिए राज्य को खूब नचाया है

# राजनेताओं पर तो कार्रवाई होती रही, लेकिन अफसर बचते रहे

**आजाद सिपाही विशेष**

**15 नवंबर 2000 को देश के राजनीतिक नक्शे पर 28वें राज्य के रूप में जब झारखंड का उदय हुआ, तब किसी को इस बात का इल्म नहीं था कि निश्छल और संवेदनशील संस्कृति का समाज वाला यह प्रदेश बहुत जल्द भ्रष्टाचार की नयी परिभाषा गढ़ेगा और देश में इसकी चर्चा इसकी खनिज संपदा के साथ भ्रष्टाचार के कारण भी होगी। झारखंड को राजनीति के चतुर खिलाड़ियों, सत्ता प्रतिष्ठान के चाटुकार नौकरशाहों और पैसा कमाने की अंधाधुंध होड़ में लगे लोगों ने जम कर लूटा और हर दिन यहां भ्रष्टाचार के नये किस्से सामने आने लगे। हालत यह है कि झारखंड को लूटनेवालों की पहचान अब जरा भी मुश्किल नहीं है। उनकी विलासिता, बेहिसाब दौलत और संपत्ति का अश्लील प्रदर्शन झारखंड के सवा तीन करोड़ लोगों के सीने पर सांप बन कर लोटने लगा है। भ्रष्टाचार ने झारखंड को आर्थिक चोट ही नहीं पहुंचायी है, बल्कि पूरी दुनिया में इसकी इज्जत को मिट्टी में मिला दिया है। दोष यहां सिर्फ राजनेताओं पर मढ़ा जाता रहा है। सवाल यह है कि क्या दोषी सिर्फ राजनेता हैं। सीधा सा जवाब है-नहीं। वैसे में अब इन कहानियों के 'अदृश्य नायकों' का पता लगाना बहुत जरूरी हो गया है। इसीलिए कहा जाता है कि झारखंड का सिस्टम अपने हिसाब से चलता रहा है। यहां के कुछ अफसर पूरी तरह बेलगाम हो गये हैं। यह कहने में तनिक भी संकोच नहीं है कि इन बेपरवाह अफसरों के कारण गाहे-बगाहे सरकार की किरकिरी होती रहती है। दरअसल, झारखंड में लूट-खसोट की यह कहानी एक या दो साल पुरानी नहीं है, बल्कि इसकी शुरुआत 2007 में ही हो गयी थी। कमजोर राजनीतिक नेतृत्व के कारण अफसर बेलगाम होते गये और अपने हिसाब से राज्य को चलाने लगे। अफसरों ने पद, पैसा और पहुंच के लिए सब कुछ किया, लेकिन किसी की गर्दन नहीं फंसी। इस कारण राज्य सरकार की किरकिरी हुई या उसके सामने नये किस्म की चुनौती आकर खड़ी हो गयी। लोकतंत्र की स्थापित अवधारणा है कि इसमें विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका स्तंभ के रूप में काम करती है और तीनों के काम तथा जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से विभाजित की गयी हैं। झारखंड की कार्यपालिका अपनी जिम्मेदारियों के प्रति उतनी गंभीर नहीं है, क्योंकि इन मामलों से साफ पता चलता है कि कुछ अफसरों ने अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभायी। सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन सिस्टम तो कार्यपालिका से ही चलता है, यह बात ऐसे अफसर नहीं समझते। झारखंड में भ्रष्टाचार की इन कहानियों की पृष्ठभूमि में राज्य के भविष्य का आकलन करती *आजाद सिपाही* के विशेष संवाददाता राकेश सिंह की विशेष रिपोर्ट।**



राकेश सिंह

संसदीय लोकतंत्र की मूलभूत अवधारणा यही है कि कोई भी शासन विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका नामक स्तंभों की मदद से चलता है। विधायिका नीतियों का निर्धारण करती है, कार्यपालिका उन नीतियों का पालन कराती है और कोई विवाद होने पर न्यायपालिका उसमें पंच की भूमिका निभाती है। बहुत से देश में मीडिया को चौथा स्तंभ कहा जाता है। अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन ने 30 अप्रैल, 1789 को शपथ लेने के बाद अपने संबोधन में कहा था कि राष्ट्रपति के रूप में मैंने शपथ जरूर ली है, लेकिन अमेरिका का शासन तीन कंधों पर टिका हुआ है। कोई भी कंधा हिलने से देश हिल जायेगा। तब से लेकर आज तक यही माना जाता है कि लोकतंत्र की गाड़ी इन तीन पहियों पर ही चलती है।

एक बार फिर झारखंड में लौटते हैं। पिछले कुछ दिनों से यहां भ्रष्टाचार के नये-नये किस्से उजागर हो रहे हैं। इनके किरदारों की पहचान भी हो रही है और हमेशा की तरह इन कहानियों पर सियासी मुलम्मा भी चढ़ाया जा रहा है। लेकिन इस हकीकत पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है कि इन किस्सों की शुरुआत 2019 के दिसंबर के बाद ही नहीं हुई है, बल्कि झारखंड को लूट-खसोट का अड्डा बनाने का सिलसिला 2007 में ही शुरू हो गया था। उस समय कमजोर राजनीतिक नेतृत्व ने कार्यपालिका को बेलगाम छोड़ दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि अफसर राज्य को अपने हिसाब से चलाने लगे। मधु कोड़ा, अर्जुन मुंडा, हेमंत सोरेन और रघुवर दास में से किसी भी मुख्यमंत्री ने बेलगाम होते अफसरों को नियंत्रण में करने पर ध्यान नहीं दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि अधिकारी राजनीतिक नेतृत्व को अंधेरे में रख कर मनमाना फैसला कराते रहे। यह विडंबना ही कही जा सकती है कि लगातार दूसरी बार राज्य में बनी पूर्ण बहुमत की सरकार तीन साल बाद ही राज्य के कुछ अधिकारियों की बेपरवाही या गैर-जिम्मेदार फैसलों के कारण संकट में घिरती नजर आ रही है। सरकार के सामने एक के बाद एक ऐसी चुनौतियां आकर खड़ी हो रही हैं, जिनके बारे में उसे कुछ पता ही नहीं है।

शासन ऐसे नहीं चलता है, यह अधिकारियों को समझ लेना चाहिए। यदि किसी फैसले के लिए राजनीतिक नेतृत्व जिम्मेदार है, तो नौकरशाही को यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि उस फैसले तक पहुंचने का रास्ता उसने ही दिखाया है। इस जिम्मेदारी से पीछे हटने के कारण ही आज हर मुद्दे के लिए सरकार की आलोचना होती है। यह रवैया ठीक नहीं है। इससे जहां लोकतांत्रिक व्यवस्था के दो स्तंभों के बीच की खाई चौड़ी होती है, वहीं समाज के विकास की प्रक्रिया को भी झटका लगता है। नौकरशाही लोकतंत्र का मजबूत फौलादी कवच है। इससे उम्मीद की जाती है कि वह विधायिका के काम को राज्यहित के अनुरूप आंके और अपने विवेक से उन पर अमल करे। लेकिन झारखंड में इसके विपरीत काम होता है। यहां के कुछ अफसर हमेशा इस बात की ताक में रहते हैं कि कैसे चीजों को विवादित बनाया जाये और कुछ उल्टा हुआ, तो पल्ला झाड़ कर निकल लिया जाये। यह दुखद स्थिति है। सरकार को ऐसे अधिकारियों को चिह्नित करना चाहिए और उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह के गलत फैसलों की वजह से उसकी किरकिरी न हो सके। पुरानी कहावत है कि एक मछली पूरे तालाब को गंदा कर सकती है, तो नौकरशाही के भीतर का कोई एक अफसर भी पूरे राज्य पर असर डाल सकता है। ऐसे अफसरों के खिलाफ जितनी जल्दी एक्शन होगा, राज्य के लिए उतना ही अच्छा होगा।



इस पूरी कहानी को मध्यप्रदेश की एक महिला आइएएस अधिकारी दीपाली रस्तोगी के उस चर्चित लेख से बखूबी समझा जा सकता है, जिसे भारतीय नौकरशाही के लिए 'आइ ओपनर' कहा जाता है। इस लेख में वह लिखती हैं: हम अपने बारे में, अपनी बुद्धिमत्ता के बारे में और अपने अनुभव के बारे में बहुत ऊंची राय रखते हैं और सोचते हैं कि लोग इसीलिए हमारा सम्मान करते हैं। जबकि असलियत यह है कि लोग हमारे आगे इसलिए समर्पण करते हैं, क्योंकि हमें किसी को फायदा पहुंचाने या किसी का नुकसान करने की ताकत दी गयी है। हमें वेतन और सुविधाएं इसलिए मिलती हैं कि हम अपने काम को कुशलता से करें और 'सिस्टम' विकसित करें। सच्चाई यह है कि हम कुप्रबंध और अराजकता फैला कर पनपते हैं, क्योंकि ऐसा करने से हम कुछ को फायदा पहुंचाने के लिए चुन सकते हैं और बाकी की उपेक्षा कर सकते हैं। हमें भारतीय गणतंत्र का 'स्टील फ्रेम' माना जाता है। सच्चाई यह है कि हममें दूरदृष्टि ही नहीं होती। हम अपने राजनीतिक आकाओं की इच्छा के अनुसार औचक निर्णय लेते हैं। हम पूरी प्रशासनिक व्यवस्था का अपनी जागीर की तरह अपने फायदे में या अपने चहेते लोगों के फायदे में शोषण करते हैं। हम काफी ढोंगी हैं, क्योंकि यह सब करते हुए हम यह दावा करते हैं कि हम लोगों की 'मदद' कर रहे हैं। दीपाली रस्तोगी के लेख के इस अंश को झारखंड की नौकरशाही से जोड़ने पर साफ पता चलता है कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं लिखा है।

इस विकराल होती समस्या के पीछे राज्य के राजनीतिक नेतृत्व में भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ कार्रवाई करने की इच्छा शक्ति का अभाव है। पिछले 22 वर्षों में झारखंड में एकाध मामलों में ही आइएएस-आइपीएस अफसरों के खिलाफ कार्रवाई इसका प्रमाण है। पूजा सिंघल के खिलाफ इडी की कार्रवाई को छोड़ दें, तो झारखंड के कई आइएएस-आइपीएस अफसरों ने अकूत संपत्ति अर्जित की है और उनका कुछ नहीं बिगड़ा है। उदाहरण के लिए राज्य के एक पूर्व मुख्य सचिव का हाउसिंग कॉलोनी की जमीन पर विशाल बहुमंजिली इमारत है। हर कोई जानता है कि पूर्व डीजीपी डीके पांडेय ने कांके के चामा में अवैध तरीके से जमीन खरीद ली और फिर उस पर आलीशान मकान बना लिया। उनकी पत्नी के नाम से हुए इस पूरे सौदे के खिलाफ कार्रवाई पर हाइकोर्ट ने रोक लगा दी है। राज्य के एक पूर्व मुख्य सचिव एके बसु को चारा घोटाले में 2017 में सजा भी सुनायी गयी थी। पूर्व मुख्य सचिव सजल चक्रवर्ती और एक दो पूर्व आइएएस-आइपीएस पर भी कार्रवाई हुई, लेकिन सच यही है कि इसमें कोई बड़ी मछली नहीं फंसी। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा को सजा तो मिली, लेकिन पूरे झारखंड को यह पता है कि उनके कंधे पर बंदूक रख कर गोली किसने चलायी, लेकिन उसका कुछ नहीं बिगड़ी। यह सूची यहीं खत्म नहीं होती। झारखंड के एक आइएएस अफसर के पास रांची में एक सात मंजिली व्यावसायिक इमारत है, तो एक पूर्व मुख्य सचिव ने मुंबई में फिल्म स्टूडियो में करोड़ों निवेश कर रखा है।

झारखंड के अफसरों के भ्रष्टाचार की कहानी का सबसे दुखद पहलू यह है कि पहले ये लोग अपनी संपत्ति दूसरे राज्यों में निवेश करते थे, लेकिन अब ये खुलेआम झारखंड में निवेश करने लगे हैं। इसके पीछे का कारण यह है कि अब इन अफसरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती। इसलिए इनकी हिम्मत बढ़ गयी है। एक आइएएस अफसर ने कहा कि यदि पूजा सिंघल के खिलाफ 2010 में ही मनरेगा घोटाले में कार्रवाई हो गयी होती, तो आज झारखंड को शर्मसार नहीं होना पड़ता। कोई कार्रवाई तो हुई नहीं, उलटे उनके ओहदे बढ़ते गये और हर सरकार में वह आंखों की पुतली बनी रहीं। दरअसल झारखंड में भ्रष्टाचार की यह नदी ऊपर से शुरू होती है, जो नीचे तक आती है। अपने सीनियर अफसरों के कारनामों को देख कर जूनियर अफसर भी सोचते हैं कि यहां कार्रवाई नहीं होती, तो फिर संपत्ति अर्जित करने में बुराई क्या है।

प्रख्यात हास्य कवि काका हाथरसी की एक मशहूर कविता है, 'क्यों डरता है बेटा रिश्वत लेकर-छूट जायेगा तू भी रिश्वत देकर'। अच्छी और कमाऊ पोस्टिंग की लालच में अफसर अपने राजनीतिक आकाओं के आगे दुम हिलाते हैं और बदले में भ्रष्टाचार का लाइसेंस पाते हैं। सरकारी जांच एजेंसिया राजनेताओं की तो खूब बखिया उधेड़ती हैं, लेकिन उनकी यह जांच आखिरकार आइएएस-आइपीएस तक क्यों नहीं जाती। झारखंड को लूटनेवाले इन अफसरों के खिलाफ अब कार्रवाई का समय आ गया है। इनकी महंगी पार्टियों का शोर, जिनमें विदेशी शराब पानी की तरह बहायी जाती है और संपन्नता का अश्लील प्रदर्शन किया जाता है, अब झारखंड के जंगलों-बस्तियों में सुनी जानेवाली मांदर की थाप की गूंज में दबाने के लिए यह मुफीद वक्त है।

## गिरिडीह के प्रेम बने महाराष्ट्र में भाजपा झारखंड प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह के प्रेम कुमार को महाराष्ट्र भाजपा ने अहम जिम्मेदारी दी गयी है। उन्हें महाराष्ट्र में भाजपा झारखंड प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक बनाया गया है। महाराष्ट्र बीजेपी ने हिंदी भाषियों को जोड़ने के लिए प्रेम कुमार को महाराष्ट्र प्रदेश संयोजक झारखंड प्रकोष्ठ पद पर नियुक्त किया है। उत्तर भारतीय मोर्चा, भाजपा महाराष्ट्र के अध्यक्ष डॉ संजय पांडेय और उपाध्यक्ष कपिल राज वर्मा ने प्रेम कुमार को नियुक्ति पत्र दिया। मूल रूप से गिरिडीह के देवरी मंझलाडीह के रहने वाले प्रेम कुमार मुंबई और आसपास के जिलों में रहने वाले झारखंड मतदाताओं पर अच्छा खासा प्रभाव रखते हैं। मुंबई की 227 सीटों में से 50 से ज्यादा सीटें ऐसी हैं, जहां हिंदी भाषियों का वर्चस्व है। महाराष्ट्र की महानगरपालिका में चुनाव होने हैं। यही कारण है कि बीजेपी पूरी तरह से सक्रिय हो गयी है। इसी कड़ी में झारखंड में अपना खासा प्रभाव रखने वाले प्रेम कुमार को उत्तर भारतीय मोर्चा, महाराष्ट्र प्रदेश संयोजक झारखंड प्रकोष्ठ पद पर नियुक्त किया गया है।

## बिजली कटौती से डीवीसी क्षेत्र का जन जीवन और उद्योग हुआ बेहाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीवीसी कमांड एरिया में बिजली कटौती फिर से गंभीर हो गयी है। इन दिनों धनबाद समेत अन्य डीवीसी कमांड एरिया में छह घंटे तक की बिजली कटौती की जा रही है। केंद्र सरकार ने पिछले कुछ महीने से डीवीसी का भुगतान नहीं होने पर डीवीसी को झारखंड में दस फीसदी बिजली कटौती करने का आदेश दिया ह।. वहीं, सेंट्रल पावर एक्सचेंज से मिलने वाली अतिरिक्त बिजली पर भी दस फीसदी की रोक लगायी है। ऐसे में डीवीसी के सात जिलों की स्थिति गंभीर हो गयी है। हालांकि डीवीसी क्षेत्र में सालों भर लोड शेडिंग के नाम पर बिजली कटौती की जाती रही है, जो पांच से छह घंटे औसतन रहती है। जानकारी हो कि इस बार केंद्र सरकार के आदेश के बाद राज्य में कटौती की जा रही है। हालांकि सेंट्रल पावर एक्सचेंज से बिजली कटौती के कारण अन्य इलाकों में अधिक प्रभाव नहीं देखा जा रहा है, लेकिन डीवीसी एरिया में आम जनजीवन और उद्योगों की स्थिति बदहाल है।



**हर साल हो रही समस्या:** साल 2019 के बाद से राज्य में डीवीसी क्षेत्र में बिजली का संकट गहराता जा रहा है। डीवीसी की ओर से सात जिलों में बिजली आपूर्ति की जाती है, लेकिन अक्टूबर के बाद से डीवीसी की ओर से समय-समय पर कटौती शुरू कर दी जा रही है, जबकि मामले में कई बार उच्च स्तरीय बैठकें की गयीं। इसके बाद भी कोई असर नहीं पड़ा। डीवीसी राज्य में लगभग 250 मेगावाट बिजली आपूर्ति करता है, जो सात जिलों में सप्लाई की जाती है। हालांकि राज्य सरकार की ओर से इन जिलों में अपनी संचरण लाइन स्थापित की जा रही है, लेकिन इसमें अभी वक्त लगेगा। फिलहाल हर महीने 170 करोड़ की बिजली खरीदी जाती है। राज्य में प्रतिदिन 1900 से 2200 मेगावाट बिजली की खपत होती है, जो सेंट्रल पुल और राज्य के अपने स्रोतों से पूरी हो जा रही है। जानकारी हो कि राज्य को सेंट्रल पुल से सात सौ मेगावाट तक बिजली मिलती है।

## सरायकेला थाना हाजत में युवक ने की आत्महत्या

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** घाटशिला थाना क्षेत्र के मुडाकाटी गांव निवासी मोहन टूडू ने बुधवार की देर रात सरायकेला थाना हाजत में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि मोहन प्रेम प्रसंग में किसी लड़की को सरायकेला से भगा कर ले आया था। इसके बाद विगत 30 अक्टूबर को सरायकेला पुलिस मुडाकाटी गांव से मोहन टूडू को गिरफ्तार कर ले गयी थी। उसके बाद बुधवार की देर रात थाना हाजत में बेल्ट के सहारे उसने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही एसपी आनंद प्रकाश ने बुधवार रात को ही जेल पहुंच कर मामले की जांच की। जांच के दौरान उन्होंने सरायकेला सर्किल इंस्पेक्टर राम अनूप महतो को इस मामले में दोषी पाया। उन्होंने अगले आदेश तक उक्त इंस्पेक्टर को सस्पेंड करने की घोषणा की। थाने की जिम्मेदारी दी गयी है। गौरतलब है कि युवक को तीन दिनों से सरायकेला थाना के बालमित्र हाजत में रखा गया था। सूचना पर पहुंचे एसपी, एसडीपीओ ने मामले की कई पहलुओं पर जांच की और अंततः एसपी आनंद प्रकाश ने थाना प्रभारी मनोहर कुमार को दोषी पाया और उन्हें निलंबित कर दिया।

## हाइकोर्ट में हाजिर हुए आइएएस केके सोन, साहिबगंज डीसी, कटिहार डीएम ने मांगी मांफी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज गंगा में मालवाहक जहाज परिचालन मामला में हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ रविरंजन एवं जस्टिस एस एन प्रसाद की खंडपीठ में हुई। कोर्ट में केके सोन, साहिबगंज डीसी और कटिहार डीएम उदयन मिश्रा हाजिर हुए। कटिहार डीएम ने अदालत के समक्ष कहा कि पूर्व में कोर्ट द्वारा दिये गये आदेश को लागू कर दिया गया है।

### प्रकाश ने याचिका दाखिल की है

जय बजरंग बली स्टोन वर्क्स के मालिक प्रकाश चंद्र यादव ने झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसमें कहा गया है कि पहले जिला प्रशासन द्वारा समदा घाट (साहिबगंज) और मनिहारी घाट (कटिहार,बिहार) के बीच गंगा नदी में उनके मालवाहक जहाज के संचालन की अनुमति दी गयी थी। बावजूद इसके रोल-ऑन/रोल-ऑफ था। भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आइडब्ल्यूएआइ) से संचालन की अनुमति नहीं थी। प्राधिकरण ने कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा जहाजों का संचालन भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण अधिनियम 1985, राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम 2016, अंतरदेशीय पोत अधिनियम1917 के प्रावधानों के साथ-साथ केंद्र सरकार द्वारा लागू कानूनों के अनुसार किया जायेगा। इसके अलावा संथाल परगना डिवीजन के आयुक्त ने निर्देश दिया था कि याचिकाकर्ता अपने स्वामित्व वाले या वैध समझौते के तहत अपने कितने भी जहाजों/ रो-रो जहाजों/ बार्जों की फेरी लगा सकता है।

**आप पर चार्जफ्रेम क्यों नहीं किया जाये: कोर्ट**

**कोर्ट ने पूछा कि आपने अपने हलफनामा में अवमानना का जिक्र क्यों नहीं किया है। आप पर चार्जफ्रेम क्यों नहीं किया जाये, जिस पर कटिहार डीएम उदयम मिश्रा ने मौखिक तौर पर अदालत से माफी मांगी। कोर्ट ने डीएम को लिखित माफी मांगने को कहा। कोर्ट ने कहा कि अदालत के आदेश पर गंभीर हों। अधिकारियों की लापरवाही के कारण फजीहत होती है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 28 नवंबर को होगी। बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कटिहार (बिहार) जिले के डीएम उदयन मिश्रा पर अवमानना का मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था। साथ ही कोर्ट ने उन्हें अदालत में सशरीर हाजिर होने का आदेश दिया था।**

### हेमंत से ज्यादा घोटाला रघुवर राज में, एक आंख में काजल, दूसरी में सुरमा क्यों

## इडी पूर्व सीएम को पूछताछ के लिए क्यों नहीं बुला रही

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरयू राय ने कहा कि इडी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा पर हुए चार्जशीट के आधार पर उन्हें बुला रही है। यह साहिबगंज और पाकुड़ में गिट्टी घोटाला से संबंधित है। इस मामले में हेमंत सोरेन से अधिक घोटाला रघुवर दास के मुख्यमंत्री और खान मंत्री रहते हुआ है, जिसका प्रमाण इडी की उसी चार्जशीट में है, जिसके आधार पर इडी हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए बुला रही है। हेमंत सोरेन सरकार पर तो सिर्फ गिट्टी घोटाले का आरोप है, जिसमें उनके प्रतिनिधि पंकज मिश्रा मुख्य अभियुक्त हैं, पर रघुवर दास सरकार पर तो गिट्टी घोटाला के साथ ही मनरेगा घोटाले का आरोप भी है, जो इडी की उस चार्जशीट से साबित होता है, जिसमें पूजा सिंघल पर मुकदमा हुआ है। श्री राय गुरुवार को जमशेदपुर में प्रेस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गिट्टी घोटाला में इडी ने जो चार्जशीट दाखिल किया है, उसमें लिखा हुआ है कि 2015 से 2019 तक यानी रघुवर दास जब मुख्यमंत्री और खान मंत्री थे, तब दो तिहाई घोटाला और हेमंत सोरेन के समय एक तिहाई घोटाला रेलवे रैक से बिना चालान के गिट्टी ढुलाई में हुआ है। इडी चार्जशीट के अनुसार रघुवर दास मुख्यमंत्री और खान मंत्री थे, तब 2015 से 2019 के बीच हर साल रेलवे रेक से अवैध ढुलाई हुई है। यह ढुलाई 2015-16 से 2019-20 के बीच 233 रेक से हुई है और रघुवर दास सरकार में वसूली एजेंट प्रेम प्रकाश की कंपनी ने यह अवैध ढुलाई की है। सरयू राय ने कहा कि यदि इडी 1000 करोड़ के गिट्टी घोटाला (2020-21 और 2021-22 के बीच) में पंकज मिश्रा पर हुए चार्जशीट के आधार पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए बुला रही है तो इसी चार्जशीट में अंकित 2015-16 से 2019-20 तक हुए गिट्टी घोटाला के बारे में पूछताछ करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को क्यों नहीं बुला रही है? जबकि रघुवर दास के समय का घोटाला हेमंत सोरेन के समय के घोटाला से दो तिहाई अधिक है, मनरेगा घोटाला में पूजा सिंघल को क्लीन चिट देने का आरोप अलग है। शराब घोटाला अलग है।

विधायक सरयू राय ने कहा कि एक आंख में काजल और एक आंख में सुरमा की नीति से इडी की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। इडी इस मामले में रघुवर दास से भी पूछताछ करे, तभी उसे विश्वसनीय माना जायेगा, नहीं तो सवाल उठेंगे।

## मानसिक दिव्यांग मरीजों के बीच फूड पैकेट और फलों का वितरण

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** होली फैमिली हॉस्पिटल में 3 नवम्बर को मिनरवा कल्चरल एंड सोसायटी के बैनर तले सोसायटी के निदेशक अमित सिंह के द्वारा हॉस्पिटल में भर्ती मानसिक रूप से दिव्यांग मरीजों के बीच फूड पैकेट एवं फलों का वितरण किया गया। इस मौके पर सोसायटी के सदस्यगण अधिवक्ता सूरज सिन्हा, अभिषेक सिंह, अधिवक्ता सह सहायक सरकारी वकील शैलेन्द्र कुमार अभय, अधिवक्ता मुकेश सिन्हा, अजय यादव, सन्नी सिंह, दिलीप सिन्हा, सुरेन्द्र भारती एवं होली फैमिली हॉस्पिटल कि सिस्टर रॉनिटा के अलावा भारी संख्या में लोग मौजूद थे। मौके पर मौजूद मिनरवा कल्चरल एंड सोसायटी के निदेशक श्री सिंह ने बताया कि जिला में भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजन किये जाएंगे।

## सब्जी मार्केट प्रांगण की सभी लाइटें खराब

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं11 सब्जी मार्केट प्रांगण और रास्ते में प्रत्येक दिन सूर्यास्त होने के बाद पूरा इलाका अंधकार में डूब जाता है। यहां पर स्थित सभी बिजली के पोल में लगे एलईडी लाईटें या तो खराब हैं या किसी कारण बंद पड़ी है। नगर परिषद और वार्ड नं०11 के वार्ड पार्षद का इस मामले में उदासीन रवैया रहा है। रात्रि के समय इलाके में अंधकार हो जाने से मुहल्ले में रहने वाले लोगों और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसका फायदा जुआरियों और शराबियों को मिलता है और इनका अड्डा बन जाता है। इस बात की शिकायत मुहल्ले वालों के द्वारा संबंधित विभाग को कई बार दिया गया है परन्तु मामले में विभाग का रवैया उदासीन ही रहा है।

## मुखिया सरस्वती देवी ने योजनाओं से लाभ लेने की अपील की

**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** चंदवारा प्रखंड अंतर्गत कांटी पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन 5 नवंबर को मध्य विद्यालय कांटी में आयोजित किया जाएगा। मुखिया सरस्वती देवी ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का शिविर के माध्यम से लोगों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। शिविर में मुख्य रूप से सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना, जिनका अभी तक राशन कार्ड नहीं बना है वैसे यह गुलाब को ग्रीन कार्ड उपलब्ध करवाना, धोती साड़ी वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत छात्राओं को अनुदान राशि उपलब्ध कराया जाएगा। कांटी पंचायत मुखिया सरस्वती देवी ने सभी जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं पंचायत वासियों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर लाभ लेने की अपील की है।

## भाकपा की बैठक आज

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भाकपा जिला परिषद कोडरमा की बैठक दिनांक 4 नवंबर को दोपहर 1 बजे साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में रखी गई है। इसमें 7 नवंबर को राज भवन रांची के समक्ष धरना प्रदर्शन की तैयारी को लेकर चर्चा होगी। बैठक में मुख्य रूप से भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, जिला मंत्री प्रकाश रजक मौजूद रहेंगे।

## गरीब आदिवासी परिवार के ब्रह्मभोज में वार्ड सदस्य ने अनाज देकर किया सहयोग



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सिरमा पंचायत के पंडरिया गांव के वार्ड नंबर 7 में गरीब आदिवासी महावीर की पत्नी फुलवा देवी काफी लंबे समय से बीमार थी जिसका इलाज कई बड़े शहरों में भी किया जा चुका था परंतु वह ठीक नहीं हो सकी और अंततः 30 अक्टूबर को मृत्यु हो गया। जिसके बाद गरीब आदिवासी परिवार के समक्ष ब्रह्मभोज करने का आर्थिक संकट आन पड़ा जिसको देखते हुए वार्ड नंबर 7 के व्हाट्सएप मनोज महतो ने ब्रह्मभोज के लिए 50 केजी चावल देकर गरीब परिवार का सहयोग किया इसके अलावा कई अन्य लोगों ने भी उनको अपने स्तर से मदद किया। मौके पर मुख्य रूप से धनराज महतो, सरजू महतो, प्रदीप महतो, कुलदीप कुमार, दशरथ ठाकुर, हीरामन महतो, जितेंद्र गंझू, गिरधारी गंझू, अजीत कुमार, कार्तिक गंझू, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## हजारीबाग शहर अब रेस्टुरेंट हब के रूप में हो रहा है विकसित : जयंत सिन्हा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग शहर के इंद्रपुरी चौक स्थित ग्रैंडमा किचन रेस्तरां का उद्घाटन सांसद माननीय जयंत सिंहा ने किया। इस दौरान सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि हजारीबाग शहर अब होटल और रेस्टुरेंट हब के रूप में विकसित हो रहा है। ऐसे में एक औ? नए बेहतरीन नक्कासी और आराम के स्पेस में वेज – नॉन वेज लजीज व्यंजन के साथ खुलने से लोगों का इसका लाभ मिलेगा। इस रेस्टोरेंट को आकर्षक रूप से भी सजाया गया है। विशिष्ट अतिथि नगर निगम महापौर रौशनी तिर्की ने कहा कि हजारीबाग के हृदय स्थली चौक में इस तरह का रेस्टोरेंट खुलने से ग्राहकों को इसका लाभ मिलेगा। यह रेस्टोरेंट में ग्राहकों के सुविधा के लिए आराम देह टेबल के साथ कई सोफे और आरामदेह डाइनिंग टेबल के अलावे कई लाइटिंग टेबल बनाएं गए हैं। विशेषकर इस रेस्टोरेंट की खासियत यह है कि इस बिल्डिंग के रेस्टोरेंट में लिफ्ट की सुविधा के साथ एयरकंडीशनर की भी विशेष सुविधा दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह एक पारिवारिक माहौल में गुणवत्तापूर्ण भोजन और स्नेक्स का आनंद ले सकेंगे। मौके पर रेणुका कुमारी, सत्यभामा, राकेश गुप्ता, मोहम्मद खालिद, संतोष सिन्हा, सुरेंद्र सिन्हा, अशोक सिन्हा, मनोज सिन्हा, स्वप्निल अभिषेक, अरुनिष अभिषेक, नवीन वर्मा, ऋषिका, तन्नू , कृष्णा पाण्डेय, सुनील गुप्ता, सुनील अग्रवाल, दिलीप कुमार राय व मोहित कुमार इस खास मौके पर उपस्थित थे।

## चंद्रवंशी समाज की बैठक में लिये गये कई निर्णय



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के धरमू स्थित शिव मंदिर परिसर में गुरुवार को चंद्रवंशी समाज की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता रघुवीर राम व संचालन अभिषेक कुमार ने किया। इस दौरान भारत के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध जयंती समारोह के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गई। वही पूजा के बाद प्रखंड स्तरीय कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। नशा मुक्त समाज बनाने को लेकर कई योजनाएं बनाई गई, वही बेटियों को शिक्षित करने पर बल दिया गया। समाज के लोगो से पूजा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। मौके पर पत्रकार अरुण वर्मा, प्रकाश चंद्रवंशी, शिक्षक प्रमोद कुमार, अजय शर्मा, उमेश राम, आलोक कुमार, अमरदीप कुमार, दीपक कुमार, राजूराम, राजेश कुमार, सुरेंद्र वर्मा, विनोद वर्मा, अवधेश राम, राजेश कपरदार, कामेश्वर राम, नागेंद्र उर्फ चुन्नू राम, अशोक राम, संजय सुमन, रवि कुमार, उप मुखिया बलराम कुमार, शशि कुमार, विकास कुमार, विक्रम कुमार, सोनू कुमार, किशन कुमार, प्रिंस चंद्रा समेत प्रखंड से आए चंद्रवंशी समाज के दर्जनों लोग शामिल थे।

## नागी में हुआ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के नागी में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में 337 आवेदन के विरुद्ध 229 मामले का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।206 लम्बित रहा।विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए।जिसमे खाद्य सुरक्षा योजना के 46, सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना के 88, सीएमईजीपी 04, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 39, सर्वजन पेंशन योजना 19, मनरेगा 03, 15 वे वित्त 02, धोती साड़ी लुंगी 05, कम्बल वितरण 10 ,केसीसी 13, भु लगान रशीद 13, ई शर्म कार्ड 08 , पीडीएस 06, जे एस एल पी एस 02, आपूर्ति विभाग 63 ,जॉब कार्ड मनरेगा 08, चापानल मरम्मती 02, दाखिल खारिज 06 आवेदन आये।मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी, अंचल अधिकारी रामबालक कुमार,आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार, कनीय अभियंता नीरज हजारी ,बीपीओ राजेश कुमार,बीपीआरओ रामचन्द्र दांगी, जिप सदस्य सरयू पटेल,प्रमुख जैबुन निशा,मुखिया कुंवर हंसदा समेत बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मालगाड़ी का मलबा हटाते समय क्रेन से दबकर दो रेलकर्मियों की मौत



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा गया रेलखंड के गुरपा रेलवे स्टेशन के पास बेपटरी हुई मालगाड़ी का मलबा हटाते समय गुरुवार को दो रेलवे कर्मचारियों की क्रेन से दबकर मौत हो गयी। मृतक रेल कर्मचारियों की पहचान धनबाद लोको शेड के धनंजय कुमार व आरा के रहने वाले रंजीत कुमार के रूप में की गयी है। मालगाड़ी का मलबा हटाने के समय क्रेन से दबकर धनंजय कुमार की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि रंजीत कुमार को गया के मगध अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान रंजीत ने दम तोड़ दिया। वहीं हादसे में पटना के फतुहा में रहने वाले रेलवे कर्मचारी मृगभूषण का पैर टूट गया है। मृगभूषण को धनबाद में भर्ती कराया गया है। मलबा हटाने के दौरान हुए हादसे के कारणों की जानकारी अबतक नहीं मिली है। वहीं मौके पर मौजूद कुछ रेलवे कर्मचारियों ने बताया कि क्रेन में तकनीकी खराबी के चलते यह हादसा हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर धनबाद रेल मंडल के डीआरएम गुरपा स्टेशन के पास घटना स्थल पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। उन्होंने काम कर रहे अन्य कर्मियों को सावधानी से काम करने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि एक सप्ताह पहले 26 अक्टूबर को कोडरमा से सटे गया जिले के गुरपा रेलवे स्टेशन पर ब्रेक फेल होने से मालगाड़ी की कई बोगियां बेपटरी हो गयी थी। इस वजह से 3 दिनों तक इस रेलखंड पर ट्रेनों का आवागमन ठप रहा। घटना के बाद से मालगाड़ी का मलबा हटाने का काम किया जा रहा था। इधर 2 कर्मचारियों की क्रेन से दबकर मौत के बाद अन्य कर्मचारियों में भय है। घटनास्थल पर पहुंचे धनबाद डीआरएम ने परिजनों को आर्थिक सहायता और नौकरी का आश्वासन दिया है। हालांकि मुआवजे की धनराशि के बारे में उन्होंने स्पष्ट कुछ नहीं बताया है।

# मोरंगी में सरकार आपके द्वार के तहत लगा शिविर

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखण्ड के पंचायत मोरांगी में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गुंजन कुमारी सिन्हा, अंचल अधिकारी, राजेश कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष, राजीव कुमार मेहता, मोरांगी पंचायत की मुखिया दयामनी टोप्पो के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। मंचासीन पदाधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों के द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर इसका लाभ लेते देखे गए। शिविर में आपूर्ति, कल्याण, पशुपालन, पेंशन, मनरेगा, कृषि, राजस्व, स्वास्थ्य, जे०एस०एल०पी०एस०, पेयजल, विद्युत विभाग आदि के स्टॉल लगाए गये थे। इस शिविर में मनरेगा योजना के तहत कुल 15 योजना, जिसमें खेल मैदान 01, कूप 09, डोभा 09, जिसकी प्रा०रा० 63,56,219 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सुधीर राम पिता जगदीश राम एवं बिनोद



अगेरिया पिता अकलु अगेरिया को आवास पूर्ण कर लेने के उपरांत गृह प्रवेश कराया गया। फूलो झालो आशीर्वाद योजना के तहत खरछढर से 02 लाभुकों को 25,000 प्रति कुल 50,00,000 लाख रुपए एवं उउछ के तहत 09 समूहों में कुल 13,50,000 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। कल्याण विभाग के तहत दो दिव्यांग पुनम कुमारी पिता विष्णु उरांव एवं मदन लिंडा पिता विशेश्वर लिंडा को ट्राईसाईकिल प्रदान किया गया। 147 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 82 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जाँच एवं 16 का टीकाकरण किया गया। शिविर में कुल 531 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें 352 आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। उक्त अवसर पर उषा देवी, पं०स०स०, संगीता देवी, पिंकी देवी, रामाज्ञय सिंह, रूपा कुमारी, शोभा देवी, पुजा देवी, दिपा राम, रजनी तिर्की, करमी देवी, भुनेश्वर उरांव, वार्ड सदस्य, सांसद प्रतिनिधि रणधीर पांडेय, गुरहेत मुखिया महेश तिग्गा, सिन्दूर मुखिया सरोज देवी, समाजसेवी कृष्णा प्रसाद (पंडित जी) पूर्व मुखिया मोरांगी चौधरी प्रसाद साहु तथा बाल विकास परि० पदा०, शैल बाला, बी० पी०एम०, जे०एस०एल०पी०एस०, दिव्या सिन्हा, प्र०कार्य०पदा०, उज्ज्वल किशोर, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, सुनील कुमार प्रखण्ड समन्वयक, पंचायत राज, गुरुचरण सिंह, पंचायत सचिव, नीरज कुमार ग्राम रोजगार सेवक के अलावे प्रखण्ड सह अंचल के कर्मी एवं ग्रामीण समाजसेवी संजय टोप्पो, गोपाल साव, राकेश साव, अमित मेहता, पप्पू कुमार, रंजन कुमार, प्रकाश कुमार, धीरेंद्र कुमार, चुन्नू साव, रामदेव उरांव, शंकर टोप्पो, केदार कुमार, छोटू कुमार, करुणा देवी, मंजू देवी, दीपक साव, बलराम कुमार, गौतम कुमार, सतीश कुमार, उपस्थित थे।

## झामुमो केंद्रीय समिति के महासम्मेलन में शामिल हुए संजीव बेदिया

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासम्मेलन में मोराबादी मैदान में सुनिश्चित किया गया है जिसमें बड़कागांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया शामिल हुए। बेदिया अपना कार्यकताओं के साथ मोराबादी मैदान में जाने के क्रम में एक दूसरे को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार लोकतांत्रिक तरीके से कार्य कर रही है।आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार जो कार्यक्रम चल रहा है। उसके बारे में भी लोगों को जानकारी दिए इस योजना के तहत ग्रामीण लाभ उठाएं जो हेमंत सरकार दे रही है। ग्रामीणों के लिए कल्याण विभाग में कई प्रकार के योजना सरकार के द्वारा दिया जा रहा। इस योजना का भी लाभ ले यह योजना जनता के लिए ही है।मौके पर उपस्थित झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, झारखंड मजदूर कोलियरी यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह, केंद्रीय सदस्य मुकेश रावत, सोनाराम मांझी, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा, प्रखंड सचिव बासुदेव यादव, दीपन साव, शंकर साव, नंदकिशोर भुईयां, बहादूर बेदिया, अशोक गुप्ता, बालेश्वर पासवान, मुनेश कुमार, सुखदेव यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## हरली पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार ने आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया है। इसी तहत के ग्राम पंचायत हरली में आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन जिला परिषद सुनीता देवी, प्रमुख फुलवा देवी, बीडीओ सह सीओ जितेंद्र कुमार पांडेय स्वास्थ्य चिकित्सा प्रभारी डा. बीएन प्रसाद, मुखिया कविता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इसके बाद सभी अतिथियों को माला पहनाकर व गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इधर कार्यक्रम में पंचायत में ग्रामीणों द्वारा भिन्न भिन्न तरह के



आवेदन दिए गए, जिसमे खाद आपूर्ति से, ई श्रम कार्ड, कृषि, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जेएसपीएलएस, पशुपालन, पीएम आवास, सामाजिक सुरक्षा, बाल विकास परियोजना, पशुपालन विभाग से भी आवेदन आया है। वही मुखिया कविता देवी ने पहुंचे हुए सभी पदाधिकारी व आधिकारी एंव ग्रामीणों को आभार प्रकट किया।

# सांसद और विधायक ने होलंग से डुमर तक सड़क मरम्मत कार्य का किया शिलान्यास

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण विकास विभाग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत टाटीझरिया के होलंग से डुमर तक 7.530 किलोमीटर सड़क मरम्मति का शिलान्यास हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा और मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने गुरूवार को किया। होलंग में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम के मौके पर सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा विकास की गति कभी नहीं रुकेगी। केंद्र सरकार को देश की भलाई की चिंता है वहीं झारखंड सरकार को अपनी मलाई की चिंता है। कोनार डैम से हजारीबाग तक पेयजलापूर्ति कार्य चल रहा है उसका लाभ यहां के लोगों को भी मिलना है। विधायक ने कहा कि बहुत दिन से सड़क की स्थिति जर्जर थी, लोगों को परेशानी हो रही थी, इसलिए सड़क मरम्मति के लिए लिखा गया था। अब इसकी स्वीकृति मिली है। मौके पर संवेदक को गुणवत?तापूर्ण कार्य करने का निर्देश



### जिला परिषद सदस्य और मुखिया ने जताया नाराजगी

होलंग से डुमर तक सडक मरम्मति कार्य के शिलान्यास होने के आयोजन पर जिला परिषद सदस्य रामप्रसाद और टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव ने नाराजगी जाहिर किया है। दोनों ने कहा कि उन्हें बगैर किसी सूचना के शिलान्यास किया गया है। यह स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा है। उन्होंने कहा कि वह इसकी शिकायत करेंगे।

दिया है। बिजली सबस्टेशन चालू कराने में भी उन्होंने हमेशा आवाज बुलंद किया था। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास का पहिया निरंतर गतिशील रहेगा। नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने होलंग पैक्स में हुए घोटाले के मामले की ओर ज्ञापन देकर सांसद और विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव, प्रमुख संतोष मंडल, मांडू विस सांसद प्रतिनिधि विपिन सिन्हा, एमके पाठक, कैलाशपति सिंह, राजेश कुमार यादव, योधी प्रसाद यादव, लक्ष्मण यादव, गौतम प्रसाद, अर्जुन राणा, रजनीकांत चौधरी, परमेश्वर प्रसाद यादव, बोधी महतो, सहदेव यादव, लोकनाथ महतो, रीतलाल महतो, अरुण सिंह, मुबारक अंसारी, मो. हबीब, बंधु महतो, जीवाधन प्रसाद, लालचंद प्रसाद, गिरिजा शंकर, प्रबील प्रसाद, छोटन प्रसाद, सुखदेव पांडेय, शंकर प्रसाद, बिनोद महतो व अन्य उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में आगामी 12 नवम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोडरमा के प्रकोष्ठ में वन विभाग, उत्पाद विभाग, विद्युत विभाग, खनन विभाग, राजस्व विभाग, श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला जज सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा विरेन्द्र कुमार तिवारी ने की। श्री तिवारी ने उपस्थित अधिकारियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन की दिशा में आवश्यक पहल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जहाँ एक ओर मामलों के निष्पादन से विभाग को राजस्व की वसूली करने में सहायता होती है वहीं दूसरी ओर न्यायालय से मुकदमों



का बोझ कम होता है। मौके पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी वैशाली श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद, न्यायाधीश प्रभारी प्रशांत कुमार वर्मा, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष अमृत लाल यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उत्पाद अधीक्षक सुजीत कुमार, खनन निरीक्षक अभिजीत मजुमदार, वन क्षेत्र पदाधिकारी सामाजिक वानिकी राज कुमार सिंह, विद्युत विभाग के कनीय अभियंता उज्जवल कुमार, विजय सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## डीइओ अलका जायसवाल ने कई विद्यालयों का निरीक्षण किया

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय देवीपुर, सर्बोदय प्लस टू उच्च विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय का निरीक्षण जिला शिक्षा पदाधिकारी अलका जायसवाल ने गुरुवार को किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था तथा मध्याह्न भोजन का भी जायजा लिया।वही बच्चों से शिक्षकों के द्वारा पठन पाठन ठीक से किया जा रहा है कि नही इसकी भी जानकारी ली। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति सही देख खुशी जाहिर की। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य न्यूटन कुमार, राजेश राम, अंजू भारती, रवि कुमार, बसंत कुमार, विजय कुमार यादव, अनिल कुमार, ज्योति कुमारी, प्रकाश कोटवार आदि शिक्षक, शिक्षिका व लिपिक उपस्थित थे।

## जनता दल यूनाइटेड 7 नवंबर को देगी धरना



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जनता दल यूनाइटेड प्रदेश कमिटी के निर्देश पर हजारीबाग जदयू जिला कमिटी 7 नवंबर को धरना देगी। बेतहासा बढ़ रही महंगाई, चरम सीमा पर पहुंची बेरोजगारी के खिलाफ एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिला जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के अध्यक्ष अर्जुन कुमार मेहता ने जिला मुख्यालय में धरना का निर्देश पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को दिया। इस संदर्भ में जिला और प्रखंड के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से आवाहन किया गया है कि अधिक संख्या में धरना स्थल पुराना कचहरी के बाहर जमा होकर पार्टी के आवाज को बुलंद करें एवं पार्टी को मजबूत करें।

## मोहराबादी रैली में शामिल होने इचाक से पहुंचे दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता



**इचाक (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमिटी इचाक के दर्जनों कार्यकर्ता रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित विशाल रैली में शामिल होने गुरुवार को रवाना हुए। इस दौरान झामुमो के वरिष्ठ नेता सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम और झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर कुमार मेहता ने कहा की हेमंत सोरेन की सरकार के जनहित में किए जा रहे कार्य से विपक्षी पार्टी बौखला गई है और ईडी और दूसरे एजेंसियों का सहारा लेकर विकास कार्य में बाधा डालने का कार्य कर रही है। जिसका झारखंड की जनता और झामुमो कार्यकर्ता मुहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। रांची रवाना होने वालों में मुख्य रूप से 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, 20 सूत्री सदस्य सह झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दिगम्बर कुमार मेहता, बबुन हांसदा, रामफल मेहता राजेन्द्र प्रसाद मेहता मुकेश कुमार मेहता सुरेंद्र मेहता, किरण देवी, रेखा देवी, सुनीता देवी, अशोक कुमार मेहता, शशिभूषण मेहता समेत अन्य शामिल थे।

## सलगा में आयोजित जनता दरबार में हुआ मामलों का निष्पादन



**केरेडारी(आजाद सिपाही) ।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखण्ड के सलगा पंचायत में जनता दरबार का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस अवसर पर समूचा प्रखण्ड महकमा इस कार्यक्रम में मौजूद था ।कार्यक्रम की शुरूआत बीडीओ कीस्टो कुमार बेसरा,जिला परिषद सदस्या अनीता सिंह,सीओ राकेश तिवारी,विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव व मुखिया पार्वती देवी ने संयुक्त रूप से किया जबकि कार्यक्रम का संचालन रवि राजा ने किया। इस कार्यक्रम में पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे व अपनी समस्याओं को अधिकारीयों के समक्ष रखो इस कार्यक्रम में कुल 667 मामले आये जिसमें से 352 मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया जबकि 325 मामले अभी प्रक्रियाधीन हैं कार्यक्रम में वृद्धावस्था पेंशन,विधवा पेंसन,मातृत्व वंदना योजना,भूमि प्रतिवेदन,पेयजल,पशुपालकों को दवा वितरण,सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,विद्युत से सम्बंधित मामलों के मामलों का निष्पादन भी किया गयो साथ ही लाभुकों के बिच 108 कम्बलों का वितरण भी किया गया। मौके पर बिडिओ कीस्टो कुमार बेसरा,सीओ राकेश तिवारी,बीपीओ सुमन कुमार,प्रभारी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी रवि राजा,केरेडारी दक्षिणी जिला परिषद सदस्या अनीता सिंह,मुखिया पार्वती देवी,विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव,मनोज सिंह,प्रमोद कुमार साव,अर्जुन राम सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे ।

## इचाक प्रखंड के गरडीह में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन




**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डाडीघाघर पंचायत के गर्डीह में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक अमित कुमार यादव, डीटीओ विजय कुमार, जीप सदस्य रेणु देवी, सीओ मनोज महथा, बीडीओ रिंकू कुमारी, मुखिया नंदकिशोर कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। मंचासीन पदाधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों के द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर इसका लाभ लेते देखे गए। शिविर में आपूर्ति, कल्याण, पशुपालन, पेंशन, मनरेगा, कृषि, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग आदि के स्टॉल लगाए गये थे। इस शिविर में मनरेगा योजना के तहत कुल 37 योजना, खाद्य आपूर्ति के 60 आवेदन, अंचल कार्यालय के 4, ई श्रम के 81 आवेदन, आवास के 71 आवेदन, सामाजिक सुरक्षा के 114 आवेदन शिविर में आए। गरीबी के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीपीओ राजीव आनंद ने किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सचिदानंद अग्रवाल, पांसस लीलावती देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## भराजो पंचायत भवन में रोजगार दिवस मनाया गया



**टाटीझरिया/हजारीबाग ( आजाद सिपाही)।** भराजो पंचायत भवन में मुखिया स्वास्तिका कुमारी की अध्यक्षता में रोजगार दिवस मनाया गया। जिसमें दीदीबाड़ी योजना के अंतर्गत किये जा रहे कार्य को जल्द समापन करवाने का आग्रह किया गया। इस मौके पर एक स्वयंसेवी संस्था द्वारा ग्रामीणों को पंचायत को भृष्टाचारमुक्त बनाने का आग्रह किया। संस्था द्वारा बताया गया कि कौशल विकास कार्य को आपलोग करें। सब को सरकारी नौकरी मिलना संभव नहीं है। इसलिए आप अपने लड़कों–लड़कियों को प्रशिक्षण दिलवाकर अपने पैरों पर खड़ा करवाएं। कार्यक्रम में रोजगार सेवक अरविंद कुमार,सुरेश रजक,उपेंद्र पांडेय,कौलेश्वर कुमार,अवधेश कुमार,सुरज कुमार, कृष्णा कुमार समेत अन्य उवस्थित थे।

## 10 नवंबर को भाजपा करेगी प्रखंड कार्यालय का घेराव



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के बाबा बालक नाथ परिसर में भाजपा मंडल की बैठक सुरेंद्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में प्रदेश नेतृत्व के द्वारा आयोजित सभी प्रखंड कार्यालय को घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तैयार किया गया। प्रखंड के सभी पंचायत का प्रभारी नियुक्त किया जिससे कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग शामिल हो। बैठक में सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक, कैलाश पति सिंह, महेश अग्रवाल,प्रमुख सह महामंत्री संतोष मंडल,रितलाल महतो, रजनीकांत चौधरी,प्रवील प्रसाद, राजेश यादव,जुगेश्वर महतो, अवधेश प्रसाद, कौलेश्वर कुमार,अर्जुन राणा,बोधी महतो, लालचंद मंडल समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मध्य विद्यालय अमनारी में रसोइया का चयन

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय अमनारी में रसोइया का चयन को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक मुखिया स्वास्तिका कुमारी के अध्यक्षता में किया गया जिसमें सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पाण्डेय, उपमुखिया कौलेश्वर कुमार समेत समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं अभिभावक उपस्थित हुए। सर्वसमिति से रसोइया का चयन सविता कुमारी पति नरेश कुमार एवं प्रमिला देवी पति दिलीप पासवान का चयन किया गया। विद्यालय प्रधानाध्यापक छोटन कुमार रवि ने बताया कि विद्यालय में पुर्व से दो रसोइया थी जो बच्चों के अनुसार कम पड़ रहा था । इसी को लेकर बीईओ को लिखित आवेदन दिया उसी के अनुरूप आदेश आते ही चयन किया गया। बैठक में शिक्षक कुलदीप पासवान, बलराम प्रसाद कुशवाहा, उमेश दीन,वार्ड सदस्य शीवा कुमार,संतोष प्रसाद,अध्यक्ष धानेश्वर पासवान,कांती देवी,मुन्नी देवी, राजेश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 04 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## कोयद में सरकार आपके द्वार शिविर में पहुंचे श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** कोयद पंचायत भवन में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम की शुरूआत फीता काट कर एव दिप प्रज्वल्लित कर कौशल विकास सह श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्तिथ होकर शुरूआत किया ।इस अवसर पर मंत्री श्री भोक्ता को चतरा डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता,एसडीओ सुधीर दास,मुखिया किसुन राम ने पुष्प गुच्छ एव आम के पौधा देकर स्वागत किया ।इस मौके पर मंत्री श्री भोक्ता ने कहा की झारखण्ड सरकार जनता की सरकार हैं। राज्य भर के बूढ़ा बुजुर्ग को जंगल पहाड़ हो या किसी समाज के लोग हो राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, इत्यादि कार्य के लिए सरकारी बाबुओ नही सुनते थे ।इसलिए मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन ने सरकार आपकी द्वार में आकर सरकार की सभी योजना को जनता के दरवाजे पर आकर वितरण कर रहे है ।उन्होंने वृद्धा पेंशन की स्वीकृति पत्र,सवित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत छात्रो को बैंक खाते खोलकर स्वीकृति,वृद्ध को कम्बल वितरण किया ।वही कार्यक्रम के अंत बाद बीडीओ रंथू महतो ने बताया की आयोजित शिविर में कुल 747 मामले आये उनमे से 563 मामले को त्वरित निष्पादन किया गया ।शेष 184 लंबित मामले को अंचल में निष्पादित किया जायेगा ।सबसे अधिक राशन कार्ड 152, वृद्धा पेंशन 92 स्वास्थ्य एव पोषण 104,बाल विकास, 142,आवास 122 मामले आये ।वही सीओ विजय कु दास नें कहा की सरकार की शिविर में जनता की विभिन्न समस्या का निदान देखर खुशी है ।जनता ने भी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सराहना किया ।इस मौके पर मध्य जिप सदस्य सह बीस सुत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, दक्षिणी जिप सदस्य नेहा तिर्की उत्तरी जिप सदस्य देवंती देवी,बीस सुत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी,प्रमुख सुनीता कुमारी,जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव,पथलगडा प्रमुख मनीषा देवी,सिमरिया जिप सदस्य शांति देवी,पंचायत समिति सदस्य प्रखण्ड कर्मी,स्वास्थ्य कर्मी,सीडीपीओ कर्मी,समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्तिथ थे।

## चतरा में राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में डीसी ने युवाओं का बढ़ाया उत्साह



**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त अबु इमरान ने गुरुवार को चतरा कॉलेज में आयोजित विनोबा भावे विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज में पुरुष एवं महिलाओं के लिए रायफल शूटिंग प्रतियोगिता के शुभारंभ में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि निरंतर अभ्यास और आत्म नियंत्रण एक खिलाड़ी को बेहतर बनने में सहायक होता है। खेल से न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक शक्ति का भी विकास होता है ।खेल में प्रतियोगिता की परंपरा आदि काल से ही रही है और यही गुण हमे औरों से बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि खेल में अनुशासन, समन्वय और टीम भावना के द्वारा लक्ष्य की प्राप्ति की जाती है इन गुणों का हमारे जीवन के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उपायुक्त अबु इमरान ने कहा रायफल शूटिंग कुछ लक्ष्य को शूट कर लोगो का उत्साहवर्धन करता है। प्रतियोगिता 3 से 4 नवम्बर तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में चतरा, कोडरमा, हजारीबाग, भुरकुंडा के प्रतिभागी ने भाग लिया। मौके पर मुख्य रूप से जिला खेल पदाधिकारी तुषार रॉय, कॉलेज के प्राचार्य, प्रोफेसर मनीष दयाल, प्रोफेसर मुकेश झा, प्रोफेसर एल्विन, प्रोफेसर प्रेम बसंत बाखला समेत कर्मचारी उपस्थित थे।

## जयनगर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के जयनगर में बुधवार की देर रात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन गोपाष्टमी पूजा के अवसर पर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चैधरी ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होने सभी ग्रामीणों को बधाई दी और कहा कि इस प्रकार का आयोजन लगातार होना चाहिए। मौके पर जिप सदस्य राजा राम प्रजापति, मुखिया हीरा देवी आदि ने सम्बोधित किया। इसके बाद झारखंड के जाने माने नागपुरी सिंगर ईग्नेश कुमार, उडीसा से उर्मिला महतो, पतरातू से भजन गायिका सौम्या पाठक सहित अन्य कलाकारों ने दर्जनों की संख्या में एक से बढ़कर एक गीत गाकर श्रोताओं को खुब झुमाया। इस आयोजन को सफल बनाने में विजेन्द्र मुंडा, नरेश राम अरघदेव राम, दिलीप पाहन, कृष्णा मुंडा, चंदन ठाकुर, सोनी रवि, अभिलाषा प्रसाद, दशरथ ठाकुर, धरमु ठाकुर, वीरमोहन मुंडा, अशोक पाठक, उदय अग्रवाल, नित्यान्द कुमार, सुनील प्रजापति, कार्तिक मुंडा, लखन ठाकुर, दीनानाथ, शंकर, सूरज, राजु, रमन, राजेश, अनिल, जितेन्द्र, सोनु, छोटु, महावीर मुंडा, विनोद पाहन, मिथिलेश, सुजीत ठाकुर, सुरेश मुंडा, दर्शन मुंडा, तिलक ठाकुर, चंद्रमोहन, रवि सहित अन्य लोगों ने सफल बनाने में महत्वपूर्ण भुमिका निभाई।

### प्रकाशोत्सव के आंठवें दिन भी निकाली गयी प्रभात फेरी, साध संगत ने गुरुवाणी किया पेश

# आओ सिख सतगुरु के प्यारे, गांव सच्ची बानी...



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सिख धर्म के संस्थापक व सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर निकाली जा रही प्रभातफेरी के आंठवे दिन बड़ी संख्या में सिख समाज के पुरुष व महिला शामिल हुए। इस दौरान प्रभात फेरी में साध-संगत सबद गाते चल रहे थे। सर्वप्रथम कुजू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल सिंह चोपड़ा अपने हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे।

**आओ सिख सतगुरु के प्यारयो, गावो सच्ची बानी...**

माधो हम ऐसे तू ऐसा, तेरी सेवा तेरी सेवा मुकद भुगत जुगत तेरी सेवा, तुझ बिन को नाही प्रभु राखन हारा राम, आओ सिख सतगुरु के प्यारयो, गावो सच्ची बानी आदि गुरुवाणी से पूरा शहर गूंजता रहा। प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर नया बस स्टैंड पहुंची। यहां बस के माध्यम से सरदार मनपाल सिंह सोनी, डॉ मनवीर कौर के नए कंपलेक्स में पहुंची। जहां सोनी साहब के परिवार वालों ने संगत का स्वागत किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की और से राजू जस्सल ने सरदार मानपाल सिंह सोनी को सरोपा देकर सम्मानित किया।

**प्रभात फेरी में ये थे शामिल**

प्रभातफेरी गुरुद्वारा प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, तेजिंदर सिंह सोनी, देवेंद्र सिंह अरोड़ा, इंद्रजीत सिंह कोहली, यश छाबड़ा, जितेंद्र सिंह पवार, गुरप्रीत सलूजा, सुरेंद्र सिंह बेदी, इकबाल सिंह, रघुवीर सिंह होरा, हरजीत सिंह छाबड़ा, रंजीत सिंह छाबड़ा, देवेंद्र सिंह सोनी, रमन कोहली, राजू जस्सल, इंद्रपाल जस्सल, हरिंदर छाबड़ा, स्नेहा गांधी, रघुवीर सिंह छाबड़ा, प्रीतम सिंह कालरा, डॉ नरेंद्र सिंह सोनी, सुरजीत सिंह छाबड़ा, गुरु नानक स्कूल के चेयरमैन हरपाल सिंह अरोड़ा, वाइस चेयरमैन परमिंदर जस्सल, डिप्टी चेयरमैन मनमोहन सिंह लांबा, बंटी चमन, सतपाल होरा, हरजाप सिंह गांधी, मनी सिंह, गुरजीत सिंह सलूजा, अजैब सिंह छाबड़ा, सीमा कोहली, रंजू अरोड़ा, इंद्रजीत कौर कोचर, रिक्की लांबा, विक्की लांबा, लवली गांधी, डॉ मनवीर कौर, बलविंदर कौर छाबड़ा सहित समाज के कई महिला, पुरुष व नौजवान शामिल थे।

### गोला: मनरेगा में लूट की मिली है छूट

# सप्लायर के माध्यम से गोला में हो रही है भारी गड़बड़ी!

अंजनी कुमार

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला प्रखण्ड में मनरेगा योजना में लूट की खुली छूट मिली है। यहां भ्रस्टाचार इस कदर हावी है कि रोजगार सेवक एवं सप्लायर खुलेआम इस योजना की राशि को बंदरबांट कर रहे है। लेकिन इसे देखने वाला कोई नहीं है। सबसे मजे की बात यह है कि प्रखण्ड में सप्लायर किसी भी लाभुक को मेटेरियल की सप्लाई नहीं करते है। ये सब लाभुक को तीस से चालीस प्रतिशत राशि काट कर देते है। जिससे लाभुक पूरी तरह से ठगा जाता है। लाभुक खुद योजना पूरी करता है। जबकि पूरा कार्य रोजगार सेवक को करना है। जानकारी के अनुसार इस प्रखण्ड में दर्जनो सप्लायर है। इनका काम है लाभुक को मेटेरियल उपलब्ध कराना। इसके लिए विभाग ने उन्हें बिल के अनुरूप राशि उपलब्ध करता है। लेकिन मेटेरियल नहीं गिराकर तीस प्रतिशत राशि काटकर लाभुक को डरा धमकाकर पैसा दे देता है। क्षेत्र में एक दो सप्लायर को छोड़ कर किसी के पास दुकान नही है। ये सभी सिर्फ कागज में बिल बनाकर सरकार से पैसे ले रहे है। लीज एवं अन्य महत्वपूर्ण कागजात भी नही है। फिर भी इन्हें मोटी रकम दी जा रही है। जानकर लोगों ने बताया कि सप्लायर काटे गए पैसे को सभी लोगों में बंटता है। ऊपर से लेकर नीचे तक सभी की इसमें हिस्सेदारी तय है।

**लोकपाल ने पकड़ी है गड़बड़ी,बीडीओ पर नहीं हुई है कार्रवाई**

पिछले दिनों रामगढ़ लोकपाल ने गोला में मनरेगा में भारी गड़बड़ी पकड़ी है। इसके बाद उन्होंने बीडीओ संतोष कुमार को मनरेगा से छः माह के लिए निलंबित करने का अनुरोध उपायुक्त एवं मनरेगा आयुक्त से की है। लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी बीडीओ के ऊपर कोई भी कार्रवाई नही की गई है। जिससे बीडीओ का मनोबल सातवे आसमान पर है। वे अपने आगे किसी को नहीं समझते है।

**बीपीओ बनते है भोला**

गोला प्रखण्ड में मनरेगा योजना में लूट की चर्चा आम हो गई है। ऐसे में बीपीओ महेश महतो भोला बन के बैठा है। बीपीओ अपने को मनरेगा से दूर बताता है। उसका कहना है कि किसी भी प्रकार के योजना एवं मेटेरियल का काम बीडीओ देखते है।

## सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीटीपीएस काली मंदिर के समीप गुरुवार को हुई सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं मिली जानकारी के अनुसार डोकाटाड बिश्रामपुर से पिकअप वान जे एच 02 ए एफ 6319 छड़ लेकर पतरातू प्रखंड के लबगा गांव जा रहा था इसी क्रम में पीटीपीएस कालीघाट के समीप अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें वैन मैं बैठा एक मजदूर प्रभु कुमार उम्र 38 वर्ष पिता गुटन महतो छड़ के नीचे दब गया इसके अलावा एक अन्य मजदूर सिकंदर महतो उम्र 40 वर्ष पिता भीखू महतो घायल हो गया राहगीरों ने छड़ के निचे दबे प्रभु को बाहर निकाला प्रभु का एक हाथ पूरी तरह कट चुका है साथ ही उसके अन्य शरीर में गंभीर चोटें आई है चालक मौके से फरार हो गया स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को प्रखंड चिकित्सालय पहुंचाया गया प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया है।

## सरकार आपके द्वार के तहत चीप हाउस पंचायत में लगा विशेष शिविर



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर गुरूवार को रिभर साईड भुरकुंडा स्थित चीप हाउस पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत विशेष शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पतरातू बीडीओ हलधर कुमार सेठी, विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय, सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, मुखिया विकास पांडेय व पंसस सुनील कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में विभिन्न समस्याओं से संबंधित ग्रामीणों द्वारा 60 आवेदन सौंपा गया। जिसमें 35 समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। शिविर में स्टॉल के माध्यम पशुधन विकास योजना, कृषि, पशुपालन, मनरेगा, कार्ड बनाने, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, जन्म, मृत्यु प्रमाण-पत्र, बाल विकास परियोजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार, श्रम योजना, राज्य समाजिक सुरक्षा पेंशन आदि के तहत कई समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही दर्जनो गरीब-असहायों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। शिविर में फूलो-झानो आशीर्वाद योजना के तहत दो महिला समूह को 60 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। मौके पर बुध बाजार इमलीगाछ की मुखिया चंद्रावती ठाकुर, सेंट्रल सौंदा मुखिया तिलेश्वर साव, सयाल दक्षिणी मुखिया जगदीश कुमार साव, विक्कू रजक सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जया देवी, राजू गुप्ता, मालती देवी, रेखा देवी, अंजली देवी, रीता देवी, प्रदीप सिन्हा, बिन्दा देवी, धनंजय सिंह, अमित, नीरज सिंह, राहुल, विनय आदि का विशेष योगदान रहा।

## बलकुदरा खदान की पीएलआर आउटसोर्सिंग कंपनी को सौंपा ज्ञापन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय विस्थापित मोर्चा अध्यक्ष सह इंटक जिला सचिव कुलदीप यादव ने बलकुदरा खदान में आउटसोर्सिंग का काम देख रही पीएलआर कंपनी के मैनेजर को ज्ञापन सौंपा है। मोर्चा की ओर से सौंपे गये ज्ञापन में 6 सूत्री मांगे रखी गई है। जिसमें कहा गया है कि खदान में ट्रांसपोर्टिंग का काम बलकुदरा, कुरसे, जयनगर और लबगा पंचायत के बेरोजगार स्थानीय विस्थापित मोर्चा के द्वारा कराया जाए, ताकि स्थानीय बेरोजगार विस्थापितों को रोजगार मिल सके। वहीं ज्ञापन में पीएलआर कंपनी में स्थानीय बेरोजगारों को काम पर रखने, हैवी ब्लास्टिंग पर रोक लगाने, प्रदूषण नियंत्रक यंत्र लगाने, सीसीएल और पीएलआर द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल बनाने और लोकल सेल बलकुदरा में खोलने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि एक सप्ताह के भीतर सभी मांगों पर गौर नहीं किया जाता है तो, मोर्चा बाध्य होकर कंपनी का काम ठप करायेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में अनिल प्रसाद, संजीत यादव, विजय स्वर्णकार अनिल कुमार मुंडा सहित अन्य शामिल हैं। यह जानकारी कुलदीप यादव ने दी है।

## बरकाकाना गोलीकांड को लेकर एसआइटी गठित

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने बरकाकाना गोलीकांड को लेकर एसआईटी गठित की। एसआईटी टीम की कमान एसडीपीओ पतरातू बीरेन्द्र चौधरी को दी गई है। एसआईटी टीम में बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार सहित कई अन्य पुलिस पदाधिकारी को शामिल किया गया है। पुलिस अधीक्षक श्री पांडेय ने बताया बरकाकाना बुधबाजार गोलीकांड का अनुसंधान जारी है। जल्द ही अपराधी गिरफ्त में होंगे। इसके पूर्व के के कंस्ट्रक्शन के घायल क्रय मैनेजर विजय कुमार धवन के आवेदन पर आर्म्स एक्ट 27 के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसका कांड संख्या 198/22 है।

## बरकाकाना के श्रमिक संगठनों की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** बीते दिनों मासूम औरव की मौत के बाद सभी यूनियन प्रतिनिधियों की चुप्पी कई सवालों को जन्म देता है ।केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के कर्मचारियों के हितों के लिए बनी श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों का मौन धारण खुद श्रमिक संगठनों के कार्यशैली पर उंगली उठने लगे हैं ।कई सीसीएल कर्मचारी अपने ही श्रमिक संगठनों के कार्यों से असंतुष्ट होकर नाराजगी जताई है ।कर्मचारियों ने बताया यूनियन के पदाधिकारी स्वयं का कार्य कराने में सक्षम नहीं है तो कर्मचारियों के हितों के कार्य कैसे सम्पन्न कराएंगे ।बताते चलें कि सीसीएल क्षेत्र में कार्यरत ठिकेदार व प्रबंधन की लापरवाही के कारण मासूम औरव की मौत के बाद भी सीसीएल प्रबंधन पर चुप्पी श्रमिक संगठनों व कर्मचारियों के भविष्य की दशा व दिशा निर्धारित करेगा।

# अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराना सरकार की प्राथमिकता : मंत्री



**सिमरिया (आजाद सिपाही)।** राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता आज सिमरिया प्रखंड के पुंडरा पंचायत में आयोजित ₹आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम का मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुरूआत की। इस दौरान मंत्री सत्यानंद भोगता ने ग्रामीणों से प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, सड़क, बिजली, पानी आदि की समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर कई समस्याओं का त्वरित निष्पादन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित भी किया। मंत्री ने कार्यक्रम में गरीबों के बीच कंबल, जॉब कार्ड, पेंशन, आवास, छात्रवृत्ति स्वीकृति, केसीसी लोन स्वीकृति पत्र आदि का भी वितरण किया। इसके उपरांत कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जन कल्याण के लिए गांव गांव पहुंच रही है। सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों को मिले इसके लिए इस तरह का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। लोगों को मुख्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े, उन्हें हर जरूरत की सुविधाएं पंचायत सचिवालय में ही उपलब्ध हो यही सरकार का लक्ष्य है। हेमन्त सरकार राज्य के समुचित विकास को लेकर काफी गम्भीर है और तेजी गति से काम कर रही है। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह, जिलापरिषद सदस्य रोहिणी देवी, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सह समाजसेवी मनोज चन्द्रा, राजद प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू आलम, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बिरेन्द्र यादव, प्रखंड प्रमुख रोहन साव, मुखिया बिनोद महतो समेत कई अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ ने प्रदर्शन कर सौंपा 31 सूत्री मांग पत्र



**कुजू (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के बैनर तले सीसीएल कुजू क्षेत्रीय सचिव मो अताउल्लाह के नेतृत्व में सीसीएल कुजू क्षेत्र की परियोजनाओं की ज्वलंत समस्याओं के समाधान को लेकर जीएम कार्यालय कुजू के मुख्य द्वार के समक्ष प्रदर्शन किया। साथ ही, जीएम सीएस तिवारी को 31 सूत्री मांग पत्र सौंपा। इससे पूर्व, विभिन्न परियोजनाओं के संघ सदस्य व समर्थक झंडा बैनर के साथ नयामोड़ चौराहे से जुलूस की शक्ल में जीएम कार्यालय पहुंचे।

### क्या है मांग पत्र में

क्षेत्र की बंद पड़ी परियोजनाओ में पुण्डी, कुजू, आरा, सारूबेड़ा, पिंडरा को अविलंब चालू करने, पुण्डी परियोजना प्रबंधन द्वारा एक्सपोज किए गए कोयले की चोरी रोकने, पुण्डी परियोजना में कार्यरत कर्मियों का अन्यत्र स्थानांतरण न करने, पुण्डी परियोजना को आउटसोर्सिंग नहीं कर सीसीएल प्रबंधन द्वारा ही चालू करने, 3 वर्षों से जीएम, सेल, वित्त, सिविल विभाग के अलावे विभिन्न परियोजनाओं में संवेदनशील पदों पर कार्यरत कर्मियों का स्थानांतरण करने, सेल में पेलोडर बंद कर हाथ लदाई चालू करने, आरसीएमएस के लिए अन्य यूनियन कार्यालयों की तरह क्वार्टर अविलंब आवंटित करने, कायाकल्प योजना के तहत क्वार्टर सुंदरीकरण के लिए करोड़ों रुपए के टेंडर के बाद भी क्वार्टर की स्थिति जस की तस बनी हुई है और गलत तरीके से ठेकेदार को किए गए भुगतान की जांच करने, तोपा व कुजू के खदानों में लगी आग को जल्द बुझाने, पारा मेडिकल स्टाफ कर्मियों को जल्द बहाल करने आदि मांग शामिल हैं।

### प्रदर्शन करने वालों में शामिल

प्रदर्शन में मो .कलाम, अर्जुन सिंह, आकाश ओझा, सुनील सिंह, करण साव, मुबारक अंसारी, हसन अंसारी, अनिरुद्ध सिंह, महेंद्र ठाकुर, सुरेश प्रसाद, प्रदीप कुमार, सहदेव उरांव, रामवचन, मनाराम मांझी, जियाउल, अवधेश सिंह, भोला ठाकुर, ललित कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

## 10 नवंबर को मांडू प्रखंड कार्यालय में प्रदर्शन करेगी भाजपा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा मांडू प्रखंड अंतर्गत मांडू, आरा व घाटो मंडल की संयुक्त बैठक कुजू पूर्वी पंचायत भवन मे हुई। बैठक की अध्यक्षता मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिह व संचालन मांडू मंडल महामंत्री अशोक कुमार ने की। बैठक मे बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ जिला प्रभारी शशिभूषण भगत मौजूद रहे। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारी ने कहा कि आगामी 7 से13 नवम्बर के बीच प्रखंड मुख्यालय मे सरकार की गलत नीति के विरूद्ध मे प्रदर्शन भाजपा प्रदेश कार्यालय के निर्देश पर करना है। कहा कि आगामी 10 नवंबर को मांडू प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन करने की बात कही। बैठक मे रंजीत सिन्हा, अमरेन्द्र गुप्ता, प्रकाश मिश्रा, खिरोधर साहू, बलराम महतो, किरण देवी, महेन्द्र प्रजापति, अखिलेश प्रसाद, रविन्द्र शर्मा, जगेश्वर प्रजापति, रतन प्रसाद साहू, रवि साहू, डिम्पल प्रजापति, अरविंद कुमार, पंकज साहा, मनोहर गुप्ता, उमेश चन्द्र पटेल, विवेक गुप्ता, प्रदीप शर्मा, वीरा, उपेंद्र चौहान, आशीष कुमार, मनोज महतो, बसन्त साहू, ज्ञानी साव, सूरज महतो, नवल ठाकुर, लक्ष्मण साव, राजू करमाली, धर्मेंद्र सिंह, शुभाष चौहान, चितन ठाकुर मौजूद रहे।

## प्रखंड व अंचल कर्मियो ने काला बिल्ला लगाकर किया काम




**पतरातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के आहवान पर विभिन्न मांगो को लेकर प्रखंड व अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों ने गुरूवार को काला बिल्ला लगाकर काम किया गया। और अपनी मांगों को लेकर कर्मियों ने प्रखंड़ सह अंचल कार्यालय में जुटकर प्रदर्शन भी किया। इस मौके पर कर्मियों ने बताया कि संध द्वारा समस्या निराकरण के लिए 15 अक्टुबर को मुख्य सचिव झारखंड़ सरकार को 28 सुत्री मांग पत्र सौपा गया है। इसके बावजूद भी सरकार हमारी मांगों को नजरअंदाज कर रही है। मौके पर प्रधान सहायक संजय कुमार नायक, प्रधान सहायक चितरंजन कुमार, दीपक कुमार, पुलक माथुर, मनोज कुमार राय, प्रमोद कुमार सिंह, यदुनंदन राम, धुनी देवी, विजय हेंब्रम, अशोक प्रजापति आदि शामिल थे।

## रेलकर्मियों के लिए परिवाद संकलन शिविर का आयोजन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू डीजल शेड़ के रेलकर्मियों के लिए गुरूवार को डीजल शेड में परिवाद संकलन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय अधियक्षक गणेश कुमार, कल्याण निरीक्षक आशुतोष कुमार दास मौजुद थे। शिविर का विधिवत शुभारंभ के बाद रेलकर्मियों परिवादों के संकलन और निवारण किया गया। इसके पूर्व पतरातू डजील शेड़ आगमन पर इसीआरकेयु शाखा दो के अजीत कुमार ने स्वागत किया। अजीत कुमार ने बताया कि रेल प्रशासन अपने कर्मचारियों परिवादों का संकलन उनके कार्य स्थल पर पहुंच कर सीधे बातचित कर समाधान करती है। मौके पर शिविर में ईसीआरकेयू के रेल कर्मचारियों ने सहयोग किया।

# श्री श्याम महोत्सव की धुन पर गूंजा शहर



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वधान में गुरुवार को भव्य श्री श्याम निशान यात्रा एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। निशान यात्रा नेहरू रोड स्थित निमार्णाधीन श्याम मंदिर परिसर से आरंभ होकर चट्टी बाजार, झंडा चौक, थाना चौक, मेन रोड, फुटबॉल ग्राउंड, नेहरू रोड होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंच कर संपन्न हुई। यात्रा से पूर्व पुजारी बनवारी शर्मा ने यजमान अनंत सेठ सपत्नीक के हाथों समस्त पूजन कार्य संपन्न कराया। इसके बाद निशान यात्रा आरंभ हुई।

**श्री श्याम महोत्सव के धुन से गुंजा शहर, झूमे श्याम भक्त**

भव्य श्री श्याम निशान यात्रा के दौरान सैकड़ों श्याम भक्त अपने अपने हाथों में श्री श्याम जी झंडा लेकर शामिल हुए। वही, यात्रा के दौरान खाटू वाले श्याम के भजनों से लोग झूमते नजर आए। यात्रा के दौरान सुसज्जित वाहन में श्याम बाबा सवार थे, लोगों ने उनका दर्शन कर आशीर्वाद लिया। साथ ही प्रसाद ग्रहण किया।

**निशान यात्रा में राधे-कृष्ण की जोड़ी था मुख्य आकर्षण का केंद्र**

श्री श्याम निशान यात्रा के दौरान कोलकाता के कलाकारों द्वारा राधे कृष्ण की जोड़ी का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान कलाकारों ने श्री श्याम के गीतों से लोगों को अपनी और खींचा और झूमने पर मजबूर कर दिया। यात्रा के दौरान श्याम भक्त भी झूमते नजर आए।

**संध्या भजन के साथ आज होगा जन्मोत्सव कार्यक्रम संपन्न**

श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित भव्य श्री श्याम निशान यात्रा एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को संध्या भजन के साथ संपन्न होगा। संध्या भजन में राजस्थान के संजय सेन, कोलकाता के किशन जी और रांची के तनमय काठपाल के द्वारा भजन पेश किया जाएगा।

**निशान यात्रा में मुख्य रूप से ये थे शामिल**

विष्णु पोद्दार, रमेश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, शंभू अग्रवाल, कमल बगड़िया, राजेश अग्रवाल, महाबीर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, श्याम शर्मा, दीपक मेवाड़, कमल शर्मा, संदीप शर्मा, शिवकुमार अग्रवाल, अनिल छाबड़ा, अनिल अग्रवाल, गोपाल शर्मा, शशि शर्मा सहित कई महिला, पुरूष व युवा शामिल थे।

## सीसीएल करमा परियोजना कार्यालय में ग्रामीणों ने जड़ा ताला



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल करमा परियोजना के मूल रैयतो ने अधिग्रहित भूमि के पोजीशन सर्टिफिकेट लेने की मांग को लेकर गुरुवार को कार्यालय में ताला जड़ दिया। हालांकि प्रबंधन द्वारा आश्वासन के बाद पांच घंटे के बाद जड़ा ताला को खोल दिया गया। मांग को लेकर पहुंचे दर्जनों मूल रैयतो का कहना था कि प्रबंधन ने हमारी जमीन को अधिग्रहित कर लिया, पर अभी तक पोजीशन सर्टिफिकेट नहीं दिया। लेकिन प्रबंधन द्वारा गुपचुप तरीके से गैर रैयत को पोजीशन सर्टिफिकेट देने का प्रयास किया जा रहा था। जिसकी भनक के बाद हम लोगों ने प्रबंधन के विरुद्ध ताला जड़ने का यह निर्णय लिया। ताला जड़ने से अधिकारी व कर्मी घंटो देर परियोजना कार्यालय में फंसे रहे। बाद में परियोजना पदाधिकारी राजेश कुमार के पहुंचने व आश्वासन देने के पांच घंटे बाद ताले को खोला गया। इस बीच रैयतो ने पोजीशन सर्टिफिकेट पर चर्चा करते हुए अपना मांग पत्र सौंपा। जिसमें रैयतों ने जमीन के बदले नौकरी एवं मुआवजा देने की बात कही है। वही, मांग पत्र सौपते हुए कहा कि आगामी 17 नवंबर तक प्रबंधन द्वारा पहल नही की गई, तो 18 सितंबर से परियोजना में अनिश्चितकालीन बंदी किया जाएगा। मांग करने वालों में प्रेमचंद मुंडा, बीरबल मुंडा, अर्जुन मुंडा, प्रकाश मंडा, सुरेश मंडा, सुखदेव मरांडी, बाबू चंद मरांडी, पचु भुइयां, गुमन मुंडा, किरण देवी, झमनी देवी, मीरा देवी, सरिता देवी, रवि मुंडा, राम किशोर कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# हादसे के बाद

अमूमन हर बड़ी दुर्घटना के बाद उसकी जांच और कार्रवाई की मांग की जाती है, सरकारों की ओर से यह सुनिश्चित करने का दावा किया जाता है। लेकिन पिछले तमाम साल और हादसे इस बात के उदाहरण रहे हैं कि ज्यादातर मामलों में सरकार की ओर से तात्कालिक प्रतिक्रिया और सक्रियता के अलावा जमीनी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते। नतीजतन, आए दिन एक ही प्रकृति के हादसे सामने आते रहते हैं। गुजरात के मोरबी में हुई पुल दुर्घटना के बाद प्रधानमंत्री ने इसी बात की ओर ध्यान दिलाया है कि इस त्रासदी से संबंधित सभी पहलुओं की पहचान करने के लिए एक 'विस्तृत और व्यापक' जांच हो और उससे मिले प्रमुख सबक को जल्द से जल्द अमल में लाया जाए। गौरतलब है कि रविवार को मोरबी में एक झूला पुल के टूट जाने से नदी में गिर कर एक सौ पैंतीस लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के दुख को अब सिर्फ कम करने की ही कोशिश की जा सकती है। इस लिहाज से देखें तो प्रधानमंत्री ने खुद घटनास्थल पर जाकर और घायलों से मुलाकात कर पीड़ितों के दुख पर मरहम लगाने की कोशिश की। मगर इसका प्राथमिक हल यही होगा कि हादसे की जांच की जाए, दोषियों की पहचान हो और उन्हें सजा मिले। इसके अलावा, विस्तृत और व्यापक जांच के जो निष्कर्ष सामने आयें, उनके मुताबिक भविष्य में होने वाले सभी क्षेत्र के ऐसे निर्माण को लेकर एक ठोस नीति बने और उस पर सख्ती से अमल हो। विडंबना यह है कि ज्यादातर बड़े हादसों के बाद इस तरह की जांच और कार्रवाई के आश्वासन तो जारी किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उस पर कितना अमल होता है, यह किसी को पता नहीं चल पाता। यह बेवजह नहीं है कि एक के बाद दूसरे हादसे होते रहते हैं, लोगों की जान जाती रहती है। दरअसल, पुलों या किसी भी सार्वजनिक उपयोग के निर्माण की जो प्रक्रिया होती है, उसमें किस तरह की जटिलताएं घुलमिल गई हैं, यह सभी जानते हैं। भ्रष्टाचार एक अघोषित व्यवस्था की तरह काम करता है, जिसमें किसी ढांचे या परियोजना के लिए सरकार की ओर से जारी रकम में से कितना और किस तरह खर्च किया जाता है, इसका अंदाजा किसी पुल या निर्माण के गिर जाने के बाद होता है। कुछ समय पहले मोरबी पुल की मरम्मत हुई थी, मगर उस काम की जांच और उसके पूरी तरह दुरुस्त होने की पुष्टि के लिए किसी नियमित तंत्र को तैनात नहीं किया गया। जबकि किसी नए पुल या निर्माण का नियमित रखरखाव भी इस स्तर का होना चाहिए, जिससे उसका उपयोग आम लोगों के लिए पूरी तरह सुरक्षित हो। लेकिन औपचारिक व्यवस्था के मुकाबले व्यवहार में ऐसा कोई तंत्र हर नियम पर सख्ती से अमल को सुनिश्चित करने के लिए नियमित तौर पर काम नहीं करता, ताकि कोई परियोजना भ्रष्टाचार से पूरी तरह मुक्त हो। अगर केवल मोरबी पुल का उदाहरण रखा जाए तो हालत यह है कि मरम्मती या दुरुस्त होने से लेकर उस पर जाने वालों की तादाद सीमित करने और इसके साथ-साथ वहां बचाव का कोई इंतजाम नहीं होने जैसी स्थितियां बताती हैं कि किस-किस स्तर पर लापरवाही बरती गई। और भी अनेक पहलू हैं, जो व्यापक जांच में सामने आ सकते हैं।

**किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि उसकी वजहों की पड़ताल करके ऐसी चाक-चौबंद व्यवस्था की जाये, ताकि भविष्य में वैसी त्रासदी की नौबत नहीं आये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**रुपये को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा में बदलने के लिए रिजर्व बैंक और सरकार को रुपये के मूल्य को स्थिर करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। अभी यह बहुत महत्वपूर्ण है। यदि दुनिया भर के इच्छुक देशों और विदेशी मुद्रा व्यापारियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय व्यापार और मौद्रिक लेनदेन के लिए रुपये का उपयोग किया जाता है, तो यह भारत के व्यापार घाटे को कम करने और विश्व बाजार में अपनी स्थिति को मजबूत करने में मदद करेगा।**

# वैश्विक मुद्रा बनाने के लिए भारतीय रुपये को स्थिर करने का समय

नन्तू बनर्जी




**भारत ने विदेशी प्रेषण से धन प्राप्त करने में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले साल, देश ने इस मद से 87 बिलियन अमेरिकी डॉलर प्राप्त किए, जो दुनिया के देशों में सबसे अधिक है और चीन और मैक्सिको जैसे अन्य प्रमुख रेमिटेंस प्राप्त करने वाले देशों से आगे है।**

भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर टी रवि शंकर का यह कहना बिल्कुल सही है कि घरेलू मौद्रिक चुनौतियों के बावजूद भारतीय रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण का कोई विकल्प नहीं है। सीमा पार लेनदेन में रुपये के उपयोग से भारतीय व्यापार के लिए मुद्रा जोखिम कम होने की उम्मीद है। यह बड़े विदेशी मुद्रा भंडार रखने की आवश्यकता को कम करेगा। साथ ही, विश्व स्तर पर विनिमय योग्य रुपया भारत को बाहरी व्यापार और वित्तीय झटकों के प्रति कम संवेदनशील बना देगा, जबकि यह भारतीय व्यवसायों की सौदेबाजी की शक्ति को बढ़ायेगा। 'रुपये का अंतरराष्ट्रीयकरण मौद्रिक नीति को और अधिक चुनौतीपूर्ण बना देगा, लेकिन विकास पर समझौता करना कोई इष्टतम विकल्प नहीं है,' रवि शंकर ने कहा है।

हालांकि रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर ने यह नहीं बताया कि भारतीय रुपये को वैश्विक लेनदेन के लिए स्वीकार्य मुद्रा बनाने में भारत को क्या रोक रहा है? पिछले महीने ही, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने यूनाइटेड किंगडम (यूके) को पछाड़ने वाले दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत को पेश किया। देश की जीडीपी अब सिर्फ अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी से पीछे है। एक दशक पहले, भारत बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में 11वें स्थान पर था जबकि यूके पांचवें स्थान पर। मेक्सिको और न्यूजीलैंड जैसी छोटी अर्थव्यवस्थाओं ने भी अपनी-अपनी राष्ट्रीय मुद्राओं को वैश्विक व्यापारिक मुद्राओं के रूप में रखा है।

**भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर टी रवि शंकर का यह कहना बिल्कुल सही है कि घरेलू मौद्रिक चुनौतियों के बावजूद भारतीय रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण का कोई विकल्प नहीं है**

भारत दुनिया के शीर्ष 13 आयातकों और निर्यातकों में शामिल है फिर भी इसकी मुद्रा नरम बनी हुई है तथा विदेशी मुद्रा बाजारों में इसकी कम मांग के साथ अन्य मुद्राओं के संबंध में इसके मूल्य को बनाये रखने के लिए संघर्ष कर रही है। वैश्विक मुद्राएं शायद ही कभी अचानक मूल्यह्रास करती हैं या मूल्य में बहुत अधिक उतार-चढ़ाव करती हैं। एक प्रमुख व्यापारिक मुद्रा किसी देश के विदेशी व्यापार की प्रकृति और मात्रा, उसके व्यापार और चालू खाता शेष से भी जुड़ी होती है। उत्तरार्द्ध व्यापार संतुलन के साथ-साथ शुद्ध कारक आय जैसे कि विदेशों में देश के निवेश से ब्याज और लाभांश, सेवाओं से आय, अंतरराष्ट्रीय व्यापार से माल और बीमा और श्रमिकों के प्रेषण के लिए है। भारत जबकि अमेरिका, चीन, जर्मनी, जापान, यूके, नीदरलैंड, फ्रांस, हांगकांग, दक्षिण कोरिया, इटली और मैक्सिको के साथ दुनिया के प्रमुख आयातक देशों में से एक है, इसकी निर्यात रैंकिंग 13वां है। देश लगातार उच्च व्यापार और चालू खाता घाटे से चल रहा है, हालांकि सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में चालू खाते की शेष राशि के मामले में भारत अमेरिका और ब्रिटेन सहित कई उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करता है।

वर्ष 2020-21 में, भारत में चालू खाता शेष जीडीपी अनुपात का एक प्रतिशत था। यह पिछले वित्त वर्ष में लगभग नकारात्मक एक प्रतिशत की वृद्धि थी। हालांकि, ट्रेडिंग इकोनॉमिक्स के वैश्विक मैक्रो मॉडल और विश्लेषकों के अनुसार, इस साल के अंत तक भारत का चालू खाता और जीडीपी अनुपात ऋणात्मक (-2.60 प्रतिशत तक) होने की उम्मीद है। भारत को अपने चालू खाते की शेष राशि को जीडीपी अनुपात में सुधारने का प्रयास करना चाहिए। यह इसकी निर्यात-आयात नीति में कुछ बदलावों, घरेलू उत्पादन में वृद्धि, मजबूत बीमा सुविधा, एफओबीपर अधिक आयात और सीआईएफ के आधार पर निर्यात के माध्यम से किया जा सकता है। भारत ने विदेशी प्रेषण से धन प्राप्त करने में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले साल, देश ने इस मद से 87 बिलियन अमेरिकी डॉलर प्राप्त किए, जो दुनिया के देशों में सबसे अधिक है और चीन और मैक्सिको जैसे अन्य प्रमुख रेमिटेंस प्राप्त करने वाले देशों से आगे है।

अमेरिकी डॉलर की तुलना में रुपये के निरंतर अवमूल्यन के बावजूद, वित्तीय वर्ष 2022-23 की शुरुआत के बाद से इसके प्रदर्शन की तुलना करने पर हम पाते हैं कि रुपया अभी भी अन्य मुद्राओं की तुलना में अच्छा है। रुपये ने लगभग आठ प्रतिशत मूल्यह्रास किया। दुनिया की सबसे पसंदीदा मुद्रा यूएस डॉलर की मांग बढ़ती वैश्विक मुद्रास्फीति, भू-राजनीतिक अस्थिरता और परिणामी जोखिम-बंद भावनाओं के संयोजन के कारण बढ़ी। उभरती और विकसित दोनों बाजार अर्थव्यवस्थाएं यूएस डॉलर की बढ़ती ताकत के दबाव में हैं।

यहां तक कि यूरो, पाउंड स्टर्लिंग, येन, दक्षिण कोरियाई वोन, थाई बहत और चीनी रॅन्मिन्बी जैसी मुद्राएं भी 14 से 20 प्रतिशत के बीच नीचे हैं। इनकी तुलना में रुपया अधिक स्थिर दिखता है, हालांकि इसकी दीर्घकालिक स्थिरता अभी भी आयात पर बढ़ती निर्भरता, बढ़ते व्यापार घाटे और आरबीआई के विदेशी मुद्रा भंडार और स्टॉक सूचकांकों को कृत्रिम रूप से बढ़ाने के लिए विदेशी धन प्रवाह पर ध्यान केंद्रित करने के कारण एक संशय बनी हुई है।

घरेलू विनिर्माण पर जोर देने से भारतीय रुपये की स्थिरता में सुधार होना तय है। चीन ने इस क्षेत्र में बेहतरीन मिसाल कायम की है। 2021 में चीन का लगभग 95 प्रतिशत निर्यात विनिर्मित वस्तुओं में केंद्रित था। मशीनरी और वाहन सबसे बड़ा समूह (48 प्रतिशत) था, इसके बाद अन्य विनिर्मित उत्पाद (39 प्रतिशत) और रसायन (आठ प्रतिशत) थे। चीन का सबसे बड़ा आयात मशीनरी और वाहनों (कुल आयात का 38 प्रतिशत) में भी था, इसके बाद कच्चे माल (16 प्रतिशत), अन्य निर्मित उत्पादों (14 प्रतिशत), ऊर्जा (13 प्रतिशत) और रसायनों (10 प्रतिशत) का स्थान आता है। जबकि ऊर्जा भारत की आयात टोकरी में सबसे ऊपर है, इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक्स और सोना, मशीनरी और विनिर्माण के लिए कच्चे माल की स्थिति आती है जा काफी कम है। घरेलू विनिर्माण और विनिर्मित उत्पादों के निर्यात पर ध्यान देने से इसके निर्यात-आयात व्यापार पर और इसके परिणामस्वरूप इसकी मुद्रा की मजबूती पर काफी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा तथा एक बेहतर मुद्रास्फीति नियंत्रण आगे चलकर रुपये को स्थिर करने में मदद करेगा।

रुपये को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा में बदलने के लिए रिजर्व बैंक और सरकार को रुपये के मूल्य को स्थिर करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। अभी यह बहुत महत्वपूर्ण है। यदि दुनिया भर के इच्छुक देशों और विदेशी मुद्रा व्यापारियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय व्यापार और मौद्रिक लेनदेन के लिए रुपये का उपयोग किया जाता है, तो यह भारत के व्यापार घाटे को कम करने और विश्व बाजार में अपनी स्थिति को मजबूत करने में मदद करेगा।

रिजर्व बैंक ने 11 जुलाई को एक सर्कुलर में भारतीय रुपये में अंतरराष्ट्रीय व्यापार निपटान की अनुमति दी है। इसने व्यापारिक भागीदार देशों को सरकारी प्रतिभूतियों में 'अधिशेष शेष' निवेश करने की भी अनुमति दी। यह निश्चित रूप से रुपये को वैश्विक और आरक्षित मुद्रा के रूप में परिवर्तित करने के लिए एक उत्साहजनक कदम है। किसी भी मुद्रा को विदेशी मुद्रा में बदलने में हमेशा एक सट्टा जोखिम शामिल होता है। रुपये को वैश्विक मुद्रा बनाने के लिए यह समय जोखिम उठाने लायक है।

## जमशेदपुर की खबरें

# कृष्णानगर सामुदायिक भवन टेल्को में सरकार आपके द्वार शिविर 630 आवेदनों का किया गया निष्पादन

**शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित 2300 आवेदन प्राप्त हुए**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के मुख्य सचिव व पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त विजय जाघव के निर्देश पर जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में कृष्णानगर सामुदायिक भवन टेल्को में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित शिविर में राशन कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सेवा के अधिकार के तहत जाति व आवासीय, पेंशन प्रमाण पत्र, पत्रजन्म-मृत्यु निबंधन, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) घटक-3 हेतु आवास, सफाई एवं कचरा उठाव, ई-श्रम कार्ड निबंधन का लाभ,पानी कनेक्शन सहित अन्य सुविधाओं का लाभ जरूरतमंद लोगो को उपलब्ध कराया गया। गुरुवार को आयोजित शिविर में कुल 2300 आवेदन प्राप्त किया गया। इस दौरान 630 आवेदनों को कैंप में ही निष्पादन किया गया। साथ ही ठंड को देखते हुए 28 असहाय के बीच कम्बल का वितरित किया गया। जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के शिविर में नगर मिशन प्रबंधक राकेश आनन्द, सामुदायिक संगठनकर्ता गीता कुमारी, अनिता चौधरी, सामुदायिक संसाधन सेविकाओं ने सैकड़ो लाभार्थियों के बीच उपस्थित रहे।

# भाजपा की साजिश नहीं होगी सफल : महाबीर मुर्मू

**झामुमो नेता कार्यकर्ताओं के साथ रांची मोराबादी मैदान से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समर्थन में विशाल जुलूस में शामिल हुए**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष महाबीर मुर्मू ने भाजपा पर जमकर बरसे। गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा राज्य में बीजेपी की साजिश सफल नहीं होगी। उन्होंने सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ रांची मोराबादी मैदान से मुख्यमंत्री आवास तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समर्थन में विशाल जुलूस में शामिल हुए। मौके पर मंत्री चंपई सोरेन शामिल रहे। पूर्व जिला अध्यक्ष महाबीर मुर्मू ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जोशीले भाषणों को सुन कर उनके संदेश को गांव-टोला शहर तक ले जाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा झामुमो का हर कार्यकर्ता और नेता मुख्यमंत्री को भेजे गए समन पर नाराजगी जता रहे हैं। कहा भाजपा की एक गहरी साजिश है। किसी तरह हेमंत सोरेन की सरकार को अस्थिर करना है। उन्होंने कहा भाजपा की झारखंड में लूट की मंशा कभी सफल नहीं होगी। झारखंड की जनता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ खड़ी है। मौके पर मिथुन चक्रवर्ती, बिल्टू हांसदा, रमेश माझी, दुर्गा हांसदा, मनोज तांती, जितेंद्र सिंह, नितिन हांसदा, रतन प्रधान, अनिल कुमार, सुरज गौड़, रॉकी सिंह, प्रधान देवगम, प्रभात, सुभाष नायक सहित सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता शामिल रहे।

# टाटा मोटर्स कंपनी का तीन दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट 21 नवंबर से




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा मोटर्स कंपनी ने कर्मचारियों के बीच खेल के प्रति जागरूकता फैलाने के प्रत्येक वर्ष कई प्रतियोगिता का आयोजन करती आ रही है। कंपनी प्रबंधन के द्वारा तीन दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता टाटा मोटर्स इंटक यूनियन के बीच 21 नवंबर से 23 नवंबर तक समय तय किया है। तीन दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन टेल्को वॉलीबॉल मैदान में किया जाएगा।गुरुवार को टाटा मोटर्स यूनियन कार्यालय में लॉटरी के माध्यम से टीम की घोषणा की गई। मौके पर कमेटी मेंबर और ऑफिस बेयरर के लिए 8 टीम की घोषणा की गई। टीम में सिग्ना, प्रिमा, 2518,4018,3118,1613, इर4,इर6 शामिल होंगे। सभी टीम में खिलाड़ियों का चयन किया गया। मौके पर महामंत्री आरके सिंह, यूनियन अध्यक्ष सहित अन्य उपस्थित रहे।

# गुरु नानक देव जयंती पर प्रकाशोत्सव को समर्पित प्रभात फेरी में शामिल हुए बच्चे, बुजुर्ग व महिलाएं



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी साकची द्वारा निकाली गई प्रभातफेरी में बच्चे, बुजुर्ग व महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ अपनी भागीदारी निभायी। गुरुवार को सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव को समर्पित पांच दिवसीय प्रभातफेरी में गुरु महाराज के सम्मान में शब्द-कीर्तन करते हुए श्रद्धालुओं ने अहले सुबह गली-गली से गुजरकर वातावरण को पवित्र किया। साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटि, सिख नौजवान सभा साकची, सिख स्त्री सत्संग सभा साकची, सुखमणि साहिब कीर्तन जत्था तथा समूह संगत के सहयोग से प्रभातफेरी का आगाज गुरुवार को हुआ जो कि 7 नवंबर तक जारी रहेगा. गुरुवार को प्रभात फेरी साकची गुरु नानक नगर ए,बी और सी जोन होते हुए वापस गुरुद्वारा साहिब साकची में आकर संपन्न हुइ। इस दौरान कई घरों में संगत ने अपने घर पर प्रभातफेरी का ठहराव कर गुरु घर की खुशियां प्राप्त की। साकची गुरुद्वारा के प्रधान निशान सिंह के नेतृत्व में महासचिव परमजीत सिंह काले, कोषाध्यक्ष जसवीर सिंह गांधी, मुख्य सलाहकार सुरजीत सिंह छीते, उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह, नौजवान सभा के प्रधान मनमीत सिंह, नौजवान सभा के सलाहकार प्रितपाल सिंह सिख स्त्री सत्संग सभा की बीबी मनजीत कौर व बीबी कमलजीत कौर आदि शामिल होकर प्रभातफेरी को सफल बनाया।

# बर्मामाइंस पुलिस ने दो अलग-अलग फायरिंग मामले का किया खुलासा, दो गिरफ्तार

**घटना में शामिल दोनों आरोपियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर सिटी एसपी के विजय शंकर के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। गुरुवार को एएसपी सुधांशु जैन ने दो अलग-अलग जगहों पर हुई फायरिंग के मामले का खुलासा कर दिया। घटना में शामिल दो आरोपियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गुरुवार को एएसपी शुभांशु जैन ने गोलमुरी कार्यालय में जानकारी देते हुए बताया दो अलग-अलग जगहों पर फायरिंग की घटना घटी थी। अपराधियों के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही थी।

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा छापेमारी के दौरान कैरेज कॉलोनी फुटबॉल मैदान के पास रहने वाला बसंत उपाध्याय और आनंद कुमार को हतियार के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया मनोज दास पर 23 जून को डनलप मैदान में बसंत उपाध्याय ने फायरिंग की थी। घटना के दिन पिस्टल लॉक होने के कारण गोली मिस फायर हुई थी। इसके बाद 10 जुलाई को अजीत गुप्ता पर आनंद कुमार ने फायरिंग की थी। घटना के बाद से ही दोनों फरार चल रहा था। पहले

पुलिस छापेमारी कर बसंत को गिरफ्तार किया था। उसके निशानदेही पर आनंद को भी गिरफ्तार किया गया। छापेमारी टीम में एसआइ विकास कुमार, राजेंद्र सिंकू,एएसआइ बिट्टू टुडू, हवलदार ईश्वरी यादव,आरक्षी मुन्ना कुमार, शशि शेखर शामिल रहे।

# जमशेदपुर अक्षेस के उड़नदस्ता ने की कार्रवाई

**नियमों का उल्लंघन करनेवालों पर गिरी गाज, 10 हजार से अधिक जुर्माना वसूला**



आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) के उड़नदस्ता ने गुरूवार को शहर के साकची बिष्टुपुर और सोनारी क्षेत्र में नियमों का उल्लंघन करनेवालों के खिलाफ कार्रवाई की। जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। उड़नदस्ता का नेतृत्व जेएनएसी के नगर प्रबंधक रवि भारती कर रहे थे।

इस दौरान बिष्टुपुर के रीगल स्क्वायर के पास सड़क से अनाधिकृत रूप से वाहन पार्किंग, ट्रेड लाइसेंस एवं बिना अनुमति के विज्ञापन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया। वहीं, साकची स्थित मंगला बाजार से प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग एवं सोनारी में सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से भवन सामग्री रखनेवालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 10 हजार 700 रुपए की जुर्माना वसूली की गयी। जेएनएसी के नगर प्रबंधक रवि भारती ने बताया कि बिना अनुमति के विज्ञापन एवं ट्रेड लाइसेंस नहीं प्रस्तुत करने वालो पर नोटिस के माध्यम से नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में जेएनएसी के प्रभारी कर दारोगा मनोज लाल दास, क्षेत्रीय कर्मी प्रकाश भगत, गणेश राम एवं जवान शामिल रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मेराल में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 900 मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को प्रखंड परिसर स्थित मेराल पूर्वी के पंचायत सचिवालय प्रांगण में शिविर का आयोजन कर आमजनों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ प्रवेश कुमार साव, मुखिया राम सागर महतो, वेटनरी डॉ केके सिंह, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि रूपु महतो, उप मुखिया अलीशेर अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में स्थानीय ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं के लिए 1400 आवेदन समर्पित किये। जिनमें 900 आवेदनों को स्वीकृत करते हुए उन्हें योजना का लाभ दिया गया। जिसमें 6 दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल, वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन के सुयोग्य लोगों का आवेदन के आवेदन स्वीकृत किए गए। वहीं सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के 700 आवेदनो को प्राथमिकता के आधार पर प्रक्रियाधीन किया गया। इसके अलावा फूलो झानों आशीर्वाद योजना, पशुधन विकास योजना के आवेदनों को स्वीकृत किया गया। मुखिया रामसागर महतो की अध्यक्षता में कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी डॉ लालमोहन के द्वारा किया गया।

### रंका के बारीगढ़ पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के प्रखंड अंतर्गत बारीगढ़ पंचायत में गुरुवार को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत की ग्रामीण जनता ने ऑफलाइन आवेदन जमा किए इस अवसर पर ग्रामीण जनता में काफी उत्साह देखा गया जिन्होंने इस प्रकार के शिविर आयोजित करने के लिए झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि गढ़वा जिला उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, विशिष्ट अतिथि रंका अनुमंडल पदाधिकारी रामनारायण सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, रमकंडा प्रखंड विकास पदाधिकारी पुष्कर सिंह मुंडा,बीस सूत्री उपाध्यक्ष श्रवण कमलापुरी, मुखिया विनोद प्रसाद, जिला कार्यकारिणी सदस्य इस्तेयाक अहमद,बीडीसी नसीम ईमाम, पंचायत अध्यक्ष अली रजा, उमाशंकर प्रसाद सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पत्रकार रविकांत वर्मा को अंचल निरीक्षक ने अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** दिव्यांगता के बावजूद पत्रकारिता के क्षेत्र में कामयाबी का झंडा गाड़ने वाले केतार के आजाद सिपाही पत्रकार रविकांत वर्मा को अंचल निरीक्षक चंदन कुमार सिंह ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस संबंध में थाना इंस्पेक्टर चन्दन कुमार सिंह ने बताया कि केतार के पत्रकार रविकांत कुमार कुछ जनहित मुद्दा को लेकर कार्यालय आये थे। दिव्यांगता के बावजूद बतौर पत्रकार उनके द्वारा जनहित में किये जाने वाले कार्यों को देखते हुए उन्हें भवनाथपुर प्रशासन की ओर से अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने रविकांत की कार्यशैली को देख अविभूत होकर कहा मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है। पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। इस मौके पर पुलिस बल के साथ कुछ ग्रामीण उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त सीओ को दी गयी विदाई



**केतार (आजाद सिपाही)।** सीओ मेघन महतो के सेवानिवृत्त होने पर केतार प्रखंड कार्यालय कक्ष में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीडीओ मुकेश मछुआ, प्रमुख चंद्रावंती देवी, मुखिया मूंगा साह, श्याम सुन्दर बैठा, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, रामबिचार साहू, अंचल कर्मी एवं प्रखंड कर्मी ने शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी।

**कार्यक्रम :** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का गढ़वा में कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

# भाजपा ही झारखंड में महिलाओं को सम्मान दे सकती है : आरती कुजूर

**महिला मोर्चा हर बूथ स्तर पर महिलाओं को जोड़ने का काम करे : ओमप्रकाश केशरी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर के प्रथम आगमन पर भाजपा जिला कार्यालय गढ़वा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता गुप्ता ने की। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित एवं वंदे मातरम गीत के साथ की गयी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि भाजपा ही झारखंड में महिलाओं को सम्मान दे सकती है महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए कहा कि महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं को हर घर से महिलाओं को पार्टी से जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। भारत विश्व गुरु बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसमें महिला शक्ति की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में झारखंड की झामुमो सरकार महिलाओं के लिए कुछ काम नहीं किया है। झारखंड में महिलाओं के ऊपर अत्याचार तेजी से बढ़ा है। हर दिन अलग अलग घटनाओं से महिलाओं को सामना करना पड़ रहा है। हेमंत सरकार में जनता त्राहि त्राहि कर रही है। इस सरकार में महिलाओं का कोई सम्मान नहीं है। लूट, हत्या बलात्कार की घटनाएं आम हो चुकी हैं। भाजपा सरकार ही झारखंड को सही दिशा में लेकर जा सकती है। झारखंड का विकास तभी संभव जब भाजपा की सरकार होगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि महिला मोर्चा की मजबूती से भाजपा काफी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला में महिला मोर्चा काफी मजबूत है इसका लाभ भाजपा को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा हर बूथ स्तर पर महिलाओं को जोड़ने का काम करे।

महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सह गढ़वा जिला प्रभारी रुपा सिंह ने कहा कि गढ़वा जिला में महिला मोर्चा संगठन को मजबूत कर भाजपा को सशक्त बनाया जाएगा। महिला सशक्तीकरण के लिए महिला मोर्चा दिन रात काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जिले भर में हर घर की महिलाओं को पार्टी से जोड़ना होगा।

महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री सीमा सिंह ने कहा कि महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं को संगठित कर संगठन को मजबूत बनाये। महिलाओं की समस्या को लेकर महिला मोर्चा को आगे रहना होगा जिससे महिला अत्याचार को रोका जा सके।

कार्यक्रम के दौरान महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता गुप्ता ने स्वागत भाषण के दौरान कहा कि प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर के आगमन से जिले भर के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। निश्चित रूप से महिला मोर्चा संगठन काफी मजबूत होगा। कार्यक्रम को श्री बंशीधर नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी, मीना गुप्ता, वीणा पाठक आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सोनू गुप्ता ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से महिला मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सोनी हेंब्रम, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, सुप्रित केशरी कंचन जायसवाल पार्वती सिंह, ममता कश्यप, लवली आनंद, प्रियंका गुप्ता, पूजा गुप्ता, मानती कुजूर, रीना देवी, सुनीता देवी, संगीता गुप्ता, कुंती कुंवर, बंदना देवी, पानपत्ति देवी, बिंदु देवी, आभा देवी, अनिमा शुक्ल सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बंशीधर नगर पंचायत अध्यक्ष ने वार्ड नंबर चार में दो योजनाओं का किया शिलान्यास

**राजा पहाड़ी शिव मंदिर पर लगभग एक करोड़ की लागत से शीघ्र ही पार्क का किया जायेगा निर्माण : विजयालक्ष्मी देवी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर चार में 29 लाख 44 हजार रुपये की लागत से प्रस्तावित दो योजनाओं का शिलान्यास गुरुवार को किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी, उपाध्यक्ष लता देवी एवं वार्ड पार्षद ने संयुक्त रुप से नारियल फोड़कर किया।

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी ने कहा कि ज्युद्दीन खान के घर से मध्य विद्यालय चेरवाडीह तक पीसीसी पथ एवं भीखु साव के घर से मिलेनियम पब्लिक स्कूल तक आरसीसी नाली व पटिया निर्माण का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि चेरवाडीह स्कूल तक पीसीसी पथ बन जाने से चेरवाडीह निवासियों को आने जाने में काफी सहूलियत होगी।

नपं अध्यक्ष ने कहा कि वार्ड नंबर 4 का यह इलाका बहुत ही पिछड़ा है। पढ़ने वाले बच्चों की परेशानी को देखते हुए पीसीसी पथ का निर्माण कराया जा रहा है। दस दिनों के अंदर पीसीसी पथ तैयार कर जनता को समर्पित कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजा पहाड़ी शिव मंदिर पर लगभग एक करोड़ की लागत से शीघ्र ही पार्क का निर्माण किया जायेगा।

नपं अध्यक्ष ने कहा कि हमने समुचित विकास का जो वादा किया था उसे समय रहते हुए पूरा करने का काम किया है। पीएम आवास योजना का शत प्रतिशत लाभ वार्डवासियों को मिला है। महिला समूह के द्वारा महिला सशक्तिकरण प्रोत्साहन राशि वितरण कर महिलाओं को स्वावलंबी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि नल जल योजना के तहत प्रत्येक वार्डों में सोलर युक्त तीन-तीन जल मीनार अधिष्ठापन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जल्द ही उसे भी धरातल पर उतारकर जनता को शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जायेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, जेई उदय शंकर, वार्ड पार्षद राजकुमार प्रसाद, ललिता देवी, राहुल देव पाल, मदन प्रसाद, संतु दुबे, मुन्ना गुप्ता, रामचरण चेरो, बुधन चेरो, सीआरपी इशरत खातून विनीत कुमार प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

### अनुसचिवीय कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया विरोध प्रकट

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य अनुसचिवीय अराजपत्रित कर्मचारी संघ के आह्वान पर गुरुवार को जिले के सभी कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर सरकारी कार्य किया। बताया कि आज से तीन वर्ष पूर्व सरकार द्वारा अनुसचिवीय कर्मचारियों को पदनाम ग्रेड वेतन एवं प्रोन्नति देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन उस पर अभी तक पहल नहीं की गयी। इसके बाद भी सरकार द्वारा हम लोगों की मांग पर पहल नहीं की गयी तो बाध्य होकर हड़ताल किया जाएगा। कर्मियों में जिला स्थापना शाखा के प्रमोद कुमार, समाज कल्याण विभाग के त्रिगुण स्वामी, मेराल प्रखंड के नाजिर सुनील कुमार, अंचल प्रधान सहायक मुरारी मिश्रा, जितेंद्र चौबे शामिल थे।

### निर्माणाधीन पथ पर बने गड्ढे में गिरकर बाइक सवार युवक घायल

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी बेलासपुर निमार्णाधीन पथ में मोटरसाइकिल से धुरकी अपने घर खाला जाने के क्रम में सड़क के किनारे गढ़वाल बनाने के लिए रखा हुआ पत्थर में अनियंत्रित हो कर गिरने से दुर्घटनाग्रस्त होकर गुरुवार को खाला निवासी 21 वर्षीय संतोष कुमार पिता ननकू राम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों व थाना के एएसआई सुबोध सिंह ने घायल युवक को मदद कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुरकी में इलाज के लिए भर्ती कराया। जिला परिषद सदस्य सुनीता कुमारी ने बताया कि निमार्णाधीन पथ में जानबूझकर सड़क के बीच में गड्ढा खोदा गया है। जिसमें मोटरसाइकिल सवार और पैदल चलने वाले लोग अक्सर गिर-गिरकर घायल हो जाते हैं। वहीं सदर पंचायत के मुखिया महबूब अंसारी ने बताया कि बहुत दिनों से राजा बांध पर गढ़वाल के लिए पत्थर रखा गया है और गड्ढा भी कहीं कहीं छोड़ दिया गया है इससे हमेशा दुर्घटना होती रहती है।

## एशियन चैंपियनशिप 2022 के लिए अनु प्रियदर्शी उज्बेकिस्तान रवाना

**मंत्री मिथिलेश ठाकुर सहित खेल संघों ने दी बधाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** तासकंद उज्बेकिस्तान देश के लिए भारतीय कुश्ती दल (मास रेसलिंग) एशियन चैंपियनशिप 2022 में भाग लेने के लिए रवाना हुआ। विदित हो कि गढ़वा जिला के कुश्ती खिलाड़ी अनु प्रियदर्शी भी पारंपरिक कुश्ती प्रतियोगिता के एशियन चैंपियनशिप में 55 केजी भार वर्ग में मांस रेसलिंग महिला कैटेगरी में भारत की दावेदारी पेश करेंगी। ऑल इंडिया ट्रेडिशनल कुश्ती फेडरेशन के बैनर तले इस वर्ष मार्च माह में रायपुर में आयोजित फेडरेशन कप कुश्ती प्रतियोगिता 2022 में अपने भार वर्ग में इन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। जिसके आधार पर इनका चयन एशियन चैंपियनशिप उज्बेकिस्तान ताशकंद के लिए राष्ट्रीय टीम में किया गया है। उक्त खेल का आयोजन दिनांक 04 से 07 नवंबर 2022 तक उज्बेकिस्तान देश के ताशकंद शहर में आयोजित किया जा रहा है। इस भारतीय दल के सदस्य चुने जाने पर पहलवान अनु प्रियदर्शी ने खुशी व्यक्त करते हुए अपने प्रशिक्षक के साथ ही, सहयोग के लिए स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज उनके सहयोग से मैं यह अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने जा रही हूं, उन्होंने हमारे जैसे कई खिलाड़ियों को सहयोग करते हुए इस मुकाम तक पहुंचाने का काम किया है, जिसके लिए मैं उनका धन्यवाद करती हूं।

कुश्ती खिलाड़ी अनु प्रियदर्शी के भारतीय टीम में चयन होने पर ट्रेडिशनल स्टाइल कुश्ती संघ के राज्य अध्यक्ष सह पूर्व सांसद ब्रज मोहन राम, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री झारखंड सरकार मिथिलेश कुमार ठाकुर, भारतीय पारंपरिक कुश्ती महासंघ के महासचिव सह कुश्ती प्रशिक्षक शैलेंद्र पाठक, विजय कुमार केसरी, प्रोफेसर उमेश सहाय, कमलेश कुमार गुप्ता उर्फ पिंटू बाबू, विधायक प्रतिनिधि खेल ओम प्रकाश गुप्ता, धीरज दुबे, कुश्ती प्रशिक्षक ललन पहलवान, अमृत शुक्ला, अनिता दत्त, रेखा चौबे, राकेश पाल, मनीष केसरी, उत्तम पांडे, पंकज केसरी, प्रीतम कुमार गॉड, कमलेश कुमार पांडेय, संतोष कांश्यकार, किशोर कुणाल, विवेक कुमार सिन्हा, पुनीत जयसवाल, रामप्रवेश तिवारी के साथ ही गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के महासचिव आलोक मिश्रा, उदय नारायण तिवारी, अरविंद कुमार, ओमप्रकाश तिवारी, जगन्नाथ राम, धर्मेंद्र पाल, सत्येंद्र यादव, अजय गुप्ता, अजय कांत, प्रभात रंजन तिवारी, रामाशंकर सिंह, अरविंद दुबे, कुश कुमार, ललन कुमार, सुशील तिवारी, सुबोध कुमार पाठक, जुल्फीकर अली, गढ़वा क्रिकेट संघ के सचिव गुड्डू सिंह, दीपक कुमार, अभिजीत कुमार सिंह, इत्यादि लोगों ने अच्छे प्रदर्शन हेतु अनु को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।


**OFFICE OF DEPUTY COMMISSIONER, GUMLA (DISTRICT DEVLOPMENT SECTION )**

Ref no.: - 06/2022-23 **Revise** Date: - 02.11.2022

**Very Short Tender for Selection of Agency for installation and maintenance of Indoor Gym Equipments for 05 years in District Gumla.**

| S. No | INFORMATION/SUBJECT | DETAIL |
|---|---|---|
| | A | B |
| 01 | NAME OF WORK | Very Short Tender for Selection of Agency for Installation and Maintenance of Indoor Gym Equipments for five (05) years in District Gumla |
| 02 | PERIOD OF WORK | 60 Days |
| 03 | DATE OF PUBLICATION OF BID | 03.11.2022 |
| 04 | EARNEST MONEY TO BE DEPOSITED | Rs.1,00,000.00 (Rupees One Lakhs Only) MSME registered organization to be exempted Draft to be made payable to Deputy Development Commissioner, Gumla |
| 05 | BID FEES | Rs 2500 in the form of bank draft **payable to Deputy Development Commissioner, Gumla. Payable at Gumla** for collecting bid document 1 day after pre-bid meeting. **(Non-Refundable)** |
| 06 | LAST DATE, PLACE & TIME FOR BID SUBMISSION | 10.11.2022, 11:30 A.M DISTRICT DEVLOPMENT SECTION , VIKAS BHAWAN, Gumla |
| 07 | DATE, TIME & PLACE FOR BID OPENING | 10.11.2022-2022, 3:30 P.M DISTRICT DEVLOPMENT SECTION , VIKAS BHAWAN, Gumla |
| 08 | HELPLINE NO. AND EMAIL ADDRESS | 06524-222209 ddcumla2014@gmail.com |

NOTE: - FOR FURTHER DETAIL PLEASE VISIT www.gumla.nic.in

Sd/-
In-Charge Officer,
District Development Section,
Gumla

PR 281392 (Rural Development)22-23*D



**कार्यालय जिला परिषद, गुमला**

**कम्पयूटर ऑपरेटर की संविदा के आधार पर नियुक्ति में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के लिये सूचना**

दिनांक 29.07.2022 को सम्पन्न जिला परिषद की सामान्य बैठक की कार्यवाही प्रतिवेदन पठित ज्ञापांक 529/जि0प0 गुमला दिनांक 29.08.2022 की कंडिका–17 पर पारित प्रस्ताव के आलोक में जिला परिषद, गुमला के कार्यों को सुचारू रूप से सम्पादित करने हेतु 03(तीन) कम्प्यूटर ऑपरेटर की संविदा आधारित नियुक्ति से संबंधित **औपबंधिक मेधा सूची, अस्वीकृत आवेदनों की सूची एवं कुल अभ्यर्थियों की सूची** का अवलोकन गुमला जिले के वेबसाईट **gumla.nic.in** एवं जिला परिषद, गुमला के सूचना पट्ट पर किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, गुमला

PR 281371 Panchayati Raj(22-23)#D



**कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, ITDA सिमडेगा**

**सूचना**

**नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1955 एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (अत्याचार) अधिनियम 1989**

भारत सरकार के द्वारा नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1955 एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (अत्याचार) अधिनियम 1989 के तहत झारखण्ड में National Call Center की स्थापना कल्याण कॉम्पलेक्स, मोराबादी, राँची में स्थापित की गई है।

झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के सदस्यों पर हो रहे अत्याचार के विरूद्ध भारत सरकार के द्वारा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु स्थापित इस National Call Center के लिए Toll Free No. जारी किया जा रहा है। जो निम्नवत् है :–

Toll Free No.-011-41211967

जिला कल्याण पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR281363 (Welfare)22-23*D


**बैठक :** कांग्रेस जिला प्रभारी परविंदर सिंह ने की भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों की समीक्षा

# गढ़वा जिले में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा आज से

**कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, भारत यात्रा के प्रदेश संयोजक सुबोध कांत सहाय, मंत्री बादल पत्रलेख, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर व केशव महतो कमलेश होंगे शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला प्रभारी परविंदर सिंह के गढ़वा पहुंचने पर भारत जोड़ो यात्रा की समीक्षा की गई और एक बैठक वरिष्ठ कांग्रेस जनों की रखी गई। जिसमें कार्यक्रम की सफलता की समीक्षा की गई। भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, भारत यात्रा के प्रदेश संयोजक पूर्व मंत्री भारत सरकार सुबोध कांत सहाय, झारखंड सरकार के मंत्री बादल पत्रलेख, झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, केशव महतो कमलेश पहुंच रहे हैं।

भारत जोड़ो यात्रा इंदिरा गांधी चौक से माल्यार्पण कर तिलदाग मोड़ तक की जाएगी। भारत जोड़ो यात्रा राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से जम्मू कश्मीर तक निकल रही है। जिन राज्यों में राहुल गांधी की यात्रा नहीं हो रही है वहां राज्य कांग्रेस द्वारा अपने-अपने प्रदेशों में भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है। झारखंड में भी यह यात्रा चल रही है। जिसके तहत 4 तारीख को गढ़वा जिले में भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है।

इस यात्रा का उद्देश्य देश में व्याप्त बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, गिरती अर्थव्यवस्था, सरकारी संसाधनों का निजी करण को जनता के बीच ले जाकर के भाजपा सरकार की विफलताओं को उजागर करना है।

यात्रा प्रारंभ होने का समय सुबह 10:00 बजे जो तिल दाग मोड में समाप्त होगी और एक सभा में तब्दील हो जाएगी।

बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार तूफानी जी, पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, भारत जरूर यात्रा के संयोजक श्रीकांत तिवारी पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष असिक अंसारी, युवा के महासचिव प्रभात दुबे, गढ़वा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष, अभिजीत कमल वरिष्ठ, कांग्रेसी नेता अलख निरंजन चौबे, रामवृक्ष यादव एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष उमेश त्रिपाठी, प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्र नाथ तिवारी, बृजेंद्र चौधरी, दिवाकर चौबे, ब्रजेश तिवारी आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## झानद ने बॉक्साइट माइंस क्षेत्र की समस्याओं को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह के नेतृत्व में बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति के अध्यक्ष प्रकाश उराँव , झारखंड आंदोलनकारी सह जेएनडी के नगर परिषद गुमला के प्रभारी अजीत विश्वकर्मा व रामलाल असुर ने गुमला उपायुक्त को 3 सूत्रीय मांग-पत्र सौंपा है । 3 सूत्रीय मांग-पत्र की छाया प्रति प्रेस विज्ञप्ति में संलग्न है । उपायुक्त के अनुपस्थिति में बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति का प्रतिनिधिमंडल दूसरे दिन मांगों पर उपायुक्त से मिलकर समस्या रखेंगे।

## ट्रांसफॉर्मर जलने के कारण छह माह से अंधेरे में रहने को विवश हैं कोही पाठ डीपाटोली गांव के ग्रामीण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के कोहीपाठ डीपाटोली गांव में छह महीने पूर्व ट्रांसफॉर्मर जलने के कारण अब तक गांव के लोग अंधकार में रहने को विवश हैं। इस बाबत ग्रामीणों ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि गांव में 63 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगा है जो 6 महीने पूर्व ही जल गया था। बावजूद बिजली विभाग व प्रखंड के अधिकारियों को भी अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक किसी तरह की पहल नहीं की गई। जिसके कारण हम सभी ग्रामीण अंधकार में रहने को विवश हैं। वहीं बच्चों के पठन-पाठन में भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ट्रांसफार्मर जल जाने से किसानों को भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणों ने अधिकारियों से जल्द से जल्द नया ट्रांसफॉर्मर गांव में लगवाने की मांग की। मौके पर ग्रामीणों में मंगलेश्वर उरांव, जनक गोप, कृष्णा गोप, सोभएन मिंज, सुरेंद्र गोप, गंगा टाना भगत, रामा टाना भगत, राम उरांव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## बनारी व जोरी में सीआरपीएफ 158 बटालियन ने ग्रामीणों के बीच किया राहत सामग्री का वितरण



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को बिशुनपुर प्रखंड के बनारी व जोरी सीआरपीएफ कैंप में 158 बटालियन के द्वारा बिशुनपुर प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र से आये ग्रामीणों के बीच सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत सोलर लाइट, टीन सेट, बर्तन सेट सहित अन्य सामान जरूरतमंद व गरीब लोगों के बीच वितरण किया गया। इस मौके पर सीआपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी संतोष पाल ने कहा कि जनता व पुलिस के बीच में जो कम्युनिकेशन गैप है उसे दूर करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। मौके में बिशुनपुर थाना प्रभारी सदानंद सिंह ने कहा कि गांव में जब भी कोई व्यक्ति बीमार पड़े तो उसे आप लोग सीधे अस्पताल लेकर जायें अंधविश्वास में पड़ कर झाड़-फूंक एवं डायन बिसाही के चक्कर में ना पड़ें, इससे मरीज की जान चली जाती है और गांव के एक व्यक्ति को डायन घोषित कर उसे प्रताड़ित किया जाता है। उन्होंने कहा कि डायन बिसाही के रूप में प्रताड़ित करना कानूनन अपराध है जो व्यक्ति इस प्रकार के अंधविश्वास को बढ़ावा देंगे उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मुख्य रूप से बनारी रेंज ऑफिसर अरुण कुमार, फॉरेस्टर राजेंद्र पंडित, बनारी मुखिया बसनु उरांव, घाघरा मुखिया कलेश्वरा उरांव, उप कमांडेंट मनोज कुमार, थाना निरीक्षक जेडी पन्नालाल सहित सीआरपीएफ के कई वरीय पदाधिकारी व जवान उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** उपायुक्त ने इंडोर स्टेडियम एवं निर्माणाधीन बैडमिंटन कोर्ट का किया औचक निरीक्षण

# इंडोर स्टेडियम बने आकर्षक और सुविधा युक्त : उपायुक्त

**उपायुक्त ने 10 नवंबर से पूर्व सभी बचे हुए कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण करने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव ने गुरुवार को इंडोर स्टेडियम एवं निमार्णाधीन बैडमिंटन कोर्ट का औचक निरीक्षण किया एवं स्टेडियम को सुविधायुक्त बनाने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने स्टेडियम के भवन की स्थित को देख नाराजगी जतायी एवं भवन निर्माण के जेई को प्राक्कलन बनाने को लेकर निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने पार्किंग एरिया बनाने, मेटल लाइट लगवाने, पेड़ की छटाई करवाने, सीसीटीवी अधिस्थापन आदि करवाने का निर्देश दिया। 15 नवंबर को इंडोर स्टेडियम का उद्घाटन किया जाना है साथ ही भव्य बैडमिंटन टूर्नामेंट का भी आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने 10 नवंबर से पूर्व सभी बचे हुए कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त श्री गौरव ने स्टेडियम में खिलाड़ियों को हर सुविधा मिले इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने स्टेडियम पूरे स्टेडियम के एक-एक कोनों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम परिसर में फूल लगाने, बैठने के लिए बेंच बनाने, सीलन पड़ी दीवारों को दुरुस्त करने तथा व्हाइट वॉश कराने का भी निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने गांधी पार्क में लगे ओपन जिम एवं ऑडिटोरियम का भी निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिया।

मौके पर उपविकास आयुक्त गुमला, एसडीओ सदर, सहायक समाहर्ता, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, एडीएफ फॉलोज समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## करोड़ों रुपये की लागत से बना कुम्हारी का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हुआ बदहाल

**मिशन बदलाव की टीम डीसी एवं मंत्रालय को भी अवगत कराने का करेगी काम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मिशन बदलाव का गांव चलो गांव बदलो अभियान के तहत बसिया प्रखंड के अध्यक्ष लखन गोप के नेतृत्व में कुम्हरी बसिया का दौरा किया गया। बैठक की अध्यक्षता कुम्हारी मुखिया बिरसा बड़ाईक ने की एवं बैठक में वार्ड सदस्य एवं मिशन बदलाव सदस्य भी शामिल हुए। मिशन बदलाव बसिया प्रखंड अध्यक्ष लखन गोप ने बताया कि बसिया प्रखंड के कुम्हारी में लगभग दो करोड़ रुपये से अधिक की राशि से बने अस्पताल भवन (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उपकेंद्र) बेकार पड़ा हुआ है। करोड़ों रुपये का भवन तो बनाया, लेकिन इसकी देखरेख की कोई व्यवस्था नहीं है। इस कारण कोई भवन खंडहर हो गया एवं बेकार पड़ा है। मुखिया बिरसा बड़ाईक ने कहा कि भवन तो टूट कर गिर रहा है। कुछ भवनों में रात में असामाजिक तत्वों को अड्डा बन जाता है। मिशन बदलाव सदस्य सीताराम बड़ाईक एवं सतनारायण साहू ने कहा कि भवन बना है लेकिन आज तक इसका उपयोग नहीं हुआ। डॉक्टर नहीं बैठते हैं। नर्स भी नहीं बैठती है। देखरेख की कोई व्यवस्था नहीं है। जिस कारण सभी भवन बेकार पड़े हुए हैं। मिशन बदलाव के बसिया प्रखंड कमेटी ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों, विधायक व सांसद को अस्पताल की वास्तुस्थिति के बारे में अवगत कराने के बाद भी चालू नहीं कराया जा सका है। अतः मिशन बदलाव की टीम गुमला जिला उपायुक्त एवं स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराने के बाद हॉस्पिटल चालू करवाने की मांग करेगी।

## अवैध बालू परिवहन करते पांच हाइवा और तीन मालवाहक ट्रक जब्त

**पांच चालक गिरफ्तार कर भेजे गये जेल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भरनो।** एनएच 23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो के नवाटोली पुल के समीप बीते बुधवार की देर रात को गुमला एसडीओ, एसडीपीओ, भरनो सीओ और थाना प्रभारी के द्वारा संयुक्त रूप से अवैध बालू परिवहन को लेकर जांच अभियान चलाया गया। जिसमें पांच हाइवा और तीन मालवाहक ट्रक को जब्त किया गया। सभी आठ वाहनों को अवैध तरीके से बालू परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। साथ ही इस दौरान पांच वाहन चालकों को भी पकड़ा गया है। जिन्हें गुरुवार को गुमला जेल भेज दिया गया। इधर गुरुवार की सुबह उक्त अज्ञात हाइवा और ट्रक के मालिकों और पांच चालकों के विरुद्ध भरनो थाने में खनन पदाधिकारी रामनाथ राय और सीओ संजीव कुमार द्वारा प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी। छापेमारी टीम में गुमला एसडीओ रवि जैन, गुमला एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल, भरनो सीओ संजीव कुमार, भरनो थाना प्रभारी कृष्णा कुमार तिवारी, सिसई थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी, एसआई शिवम गुप्ता, एएसआई चिंतामणी महतो सहित भरनो थाना के कई पुलिस जवान शामिल थे।

## प्राचीन दुर्गा मंदिर में मां जगधात्री पूजा का आयोजन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया ब्राह्मण टोली स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में आंवला नवमी के अवसर पर मां जगधात्री पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान पुरोहित कामेश्वर होता के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के बाद हवन एवं महाआरती का आयोजन व भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोकुल चंद होता, सुरेंद्र पाणिग्रही, सुशील होता, शरद चंद होता, बिश्वनाथ पाणिग्रही, संतोष बीसी, गिरजा बीसी, धनंजय मिश्रा, केदार महंती, जन्मजय पुरोहित, सतीश पाणिग्रही, मनीष पाणिग्रही आदि शामिल थे।

## झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा बसिया ने की बैठक

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार बसिया में गुरुवार को झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा बसिया की बैठक प्रखंड अध्यक्ष भोलानाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झारखंड आंदोलनकारियों के मान सम्मान, पेंशन, नियोजन के संबंध में चर्चा की गयी। साथ ही 10 नवम्बर को रांची के विधानसभा मैदान में होने वाली सभा में प्रखंड से भारी संख्या में पहुंचने का निर्णय लिया गया। मौके पर पीसी बड़ाईक, अवध चौरसिया, अमर बारला, लिबयनुस कुल्लू, एमानुएल कुल्लू, रतिया इंदवार, नवल किशोर ओहदार, पीयूष सोरेंग, हीरा गोप, बेंजामिन तिर्की आदि उपस्थित थे।

## कार्तिक उरांव जयंती समारोह 8 नवंबर को

**सिसई (आजाद सिपाही)।** ९८वीं कार्तिक उरांव जयंती समारोह आठ नवंबर को सिसई के कार्तिक नगर टंगरा टोली स्कूल मैदान में सुमति जतरा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद सिसई के प्रखंड सचिव सचिदानंद उरांव ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के दिन सिसई में देश के महान विभूति आदिवासियों के मसीहा छोटानागपुर के काला हीरा स्व. कार्तिक उरांव की जयंती एवं सुमति जतरा सह मेला का आयोजन किया जाता है। मेला में सभी गांव के पहान पुजारी, महतो, ग्राम प्रधान, वेल दिवान, कोटवार सहित सामाजिक व धार्मिक अगुआ एवं अधिक से अधिक खोड़ा दल को मेला में शामिल होने की गुहार लगायी है। इस मेला के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक जिगा सुसारन होरो, पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव, पूर्व आईपीएस डॉ अरुण उरांव, राज्यपाल के पूर्व ओएसडी डॉ प्रकाश उरांव, डॉ करमा उरांव सहित क्षेत्र के सांसद, पूर्व विधायक, मंत्री एवं समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

**कार्यक्रम :** चैनपुर में उपायुक्त ने किया सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन

# लाभुकों के बीच परिसंपत्ति एवं प्रशस्ति पत्र का किया वितरण

**उपायुक्त ने बारी-बारी से सभी स्टालों का किया निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड अंचल कार्यालय परिसर में गुरुवार को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव भी पहुंचे। कार्यक्रम में उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव ने जरूरतमंदों के बीच कंबल तथा सरकार के विभिन्न योजनाओं अंतर्गत लाभुकों के बीच परिसंपत्ति एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उपायुक्त का पारंपरिक रूप से स्वागत किया। कार्यक्रम में लगभग एक दर्जन स्टाल लगाए गए थे। जिसमें निर्वाचन, मनरेगा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, श्रम नियोजन, शिक्षा विभाग सहित स्वयंसेवी संस्थानों के स्टॉल शामिल थे।

उपायुक्त ने बारी-बारी से सभी स्टालों का निरीक्षण किया और उनके क्रियाकलापों की जानकारी ली। सभी स्टालों में उनके द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही थी तथा कुछ समस्याओं का निदान ऑन द स्पॉट किया जा रहा था। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी और लाभ देना है। उन्होंने आम लोगों से इस कार्यक्रम से जुड़ने और इसका लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने दूर दराज से आये लाभुकों से बातचीत की एवं कई लाभुकों को ऑन द स्पॉट योजना से जोड़ा।

वहीं उपायुक्त ने लोगों से कहा कि कार्यक्रम के तहत आप इसका लाभ उठायें और अगर आपको स्वास्थ्य से संबंधित कोई समस्या है उसका इलाज मुफ्त में होगा। महंगे इलाज की जरूरत नहीं है बल्कि उन्हीं पैसों से अपने बच्चों को शिक्षित करने में लगायें। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के 110 आवदेन, सेवा गारंटी अधिनियम के तहत 346 आवेदन, कृषि माफी योजना के एक आवेदन, लगान रसीद निर्गत हेतु 140 आवेदन, मनरेगा जॉब कार्ड के 4, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 24, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के तहत 221, वृद्धा पेंशन के 174 आवेदन सहित लगभग 1200 लोगों के आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें छह लोगों को केसीसी के एक लाख बीस हजार, सावित्री बाई फुले समृद्धि किशोरी योजना के 20 किशोरियों को योजना का लाभ, 6 सखी मंडल को एक-एक लाख रुपये, मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के तहत 12 लाभुक, विकलांग पेंशन के 2 लाभुक सहित लगभग 200 लाभुकों के आवेदन का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात उपायुक्त ने परिसर के अंदर बने जेएसएलपीएस के द्वारा झारखंड को डायन कुप्रथा मुक्त करने हेतु बने भवन गरिमा केंद्र का उद्घाटन भी किया। मुख्य रूप से बीडीओ डा. शिशिर कुमार सिंह, सीओ गौतम कुमार, एसआई दिवाकर मिश्रा, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुधा सिन्हा, पर्यवेक्षिका कावेरी गुप्ता, स्वास्ति देवी सहित जनसेवक, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक एवं हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## बसिया कलिगा पंचायत भवन प्रांगण में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के द्वितीय चरण का आयोजन कलिगा पंचायत भवन प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का निरीक्षण नोडल पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर के द्वारा किया गया। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग, एसडीओ संजय पीएम कुजूर, बीस सूत्री अध्यक्ष सुकरात उरांव, बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, सीओ रविन्द्र पांडेय समेत सभी विभागीय पदाधिकारी, प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य के साथ ग्रामीण उपस्थित थे। उक्त शिविर में पेंशन, केसीसी, पीडीएस, जाति, आवास आवेदन, मनरेगा जॉब कार्ड, मनरेगा मजदूर निबंधन, श्रम, फूलो झानो, सावित्री फूले, किशोरी समृद्धि समेत अन्य आवेदन ग्रामीणों द्वारा दिये गये। जिसमें कुछ को शिविर में ही निष्पादित कर दिया गया।

## भरनो पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण




**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखड के भरनो पंचायत भवन में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड स्तरीय सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने की जानकारी दी गयी। मौके बीडीओ तेज कुमार हस्सा और सीओ संजीव कुमार द्वारा बारी बारी से सरकार द्वारा चलाये जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस द्वारा 9 महिलाओं को पचास-पचास हजार का व्यक्तिगत ऋण, बैंक ऑफ इंडिया द्वारा पांच किसानों को केसीसी ऋण, बाल विकास द्वारा एक दिव्यांग को व्हील चेयर, सावित्री बाई फुले योजना अंतर्गत 12 स्कूली बच्चों को लाभ, 10 वृद्धाओं को कंबल, 8 मजदूरों के बीच जॉब कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लिये 200 आवेदन फार्म जमा किये गए। मौके पर बीडीओ तेज कुमार हस्सा, सीओ संजीव कुमार, सीडीपीओ सुनीता केरकेट्टा, डॉ अमरेश नारायण सिन्हा, प्रमोद कुमार, मुखिया शांति उरांव, प्रवीण कुमार सहित सभी विभागों के पदाधिकारी व कर्मी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## घाघरा प्रखंड के शिवराजपुर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के शिवराजपुर में गुरुवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ विष्णुदेव कच्छप व सीओ प्रणव ऋतुराज के अलावे कई लोग मौजूद रहे। इस दौरान कई लोग अपनी समस्या से संबंधित आवेदन स्टॉल में जमा किये। इस दौरान सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत सात किशोरियों को स्वीकृति पत्र, जेएसएलपीएस के तहत महिला मंडल को 1,50,000 रुपये, 30 जरूरतमंदों को कम्बल, 14 परिवारों को जॉब कार्ड, 6 पीपीओ तत्काल स्वीकृत कर वितरण किया गया। मौके पर बीडीओ विष्णु देव कच्छप, सीओ प्रणव ऋतु राज, जिला परिषद सदस्य मानती उरांव, प्रमुख सबिता देवी, बीपीओ अजय लकड़ा, सतीश बंसल, राजेश कुमार, बिनोद उरांव, निर्मल उरांव, शुभम सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता सानुल मियां के निधन पर शोक व्यक्त



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बस्ती स्थित भरनो पंचायत के हरिजन मुहल्ला निवासी वरिष्ठ और सक्रिय कार्यकर्ता सानुल मियां का बीती रात निधन हो गया। वे 60 वर्ष के थे और लंबे समय से हाई बीपी से ग्रसित थे। बुधवार की रात खाना खाकर सोये तो सुबह नहीं उठे। परिजनों ने उन्हें उठाने की कोशिश को तो उन्हें बिस्तर पर मृत पाया। सानुल की मौत की खबर सुनकर पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष चन्द्रशेखर उरांव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आशीष नाथ शाहदेव, राजनील तिग्गा, एजाज अंसारी, सिसई कांग्रेस अध्यक्ष बैबुल अंसारी, जहांगीर आलम, मोकतार आलम, साबिर फराश समेत कांग्रेस के कई नेता शोक संतप्त परिवार के घर जाकर उनके परिजनों को ढाढस बंधाया। कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि कांग्रेस का ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और एक सच्चा सिपाही हमलोगों के बीच नहीं रहे, जिनकी कमी हमें हमेशा महसूस होगी।

# पेट्रोल छिड़क कर विवाहिता को जिंदा जलाने का प्रयास, रेफर

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला अंतर्गत हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के विश्वासिया गांव में पेट्रोल छिड़ककर एक विवाहिता को जिंदा जलाने का प्रयास किया गया. इस मामले में विवाहिता पूरी तरह से झुलस गयी है. गंभीर रूप से झुलसी पीड़िता को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया. इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.



**गांव के तीन लोगों पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का आरोप**

इस मामले को लेकर विश्वासिया गांव निवासी कुंती कुंवर ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत कर गांव के प्रवेश यादव, पंचम यादव और समुद्री देवी के खिलाफ नामजद आरोपी बनाया गया है. शिकायत में कहा कि मेरी बेटी सुबह निकसार के लिए घर से बाहर गयी थी. इसी बीच उक्त तीन लोगों ने मेरी बेटी के ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दिया. शरीर में आग लगने से बेटी चिल्लाने लगी. आवाज सुनकर जब हम लोग बाहर निकलें, तो देखा कि वह जल रही है. यह देखकर हमलोगों ने आग बुझाई, तब तक वह बुरी तरह से झुलस गई थी.

**मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर**

बुरी तरह से झुलसी पीड़िता को आनन-फानन में हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिकी उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, मेदिनीनगर रेफर कर दिया. पीड़िता की मां ने उक्त तीन लोगों के खिलाफ पहले भी जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया.

**आरोपियों की जल्द होगी गिरफ्तारी**

वहीं, इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि लिखित शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है. जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी.

# जिला स्तरीय आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आज, मुख्यमंत्री लेंगे भाग

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का जिलास्तरीय आयोजन पुलिस लाइन स्टेडियम में 4 नवंबर को होगा। इस कार्यक्रम में सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाग लेंगे। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री के प्रस्तावित पलामू जिला आगमन तथा मेगा परिसंपत्ति वितरण एवं योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन को लेकर पुलिस लाइन स्टेडियम में व्यापक तैयारी की गयी है। कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया जाएगा। साथ ही जिला स्तर के आंकड़ों एवं आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के अद्यतन प्रगति से संबंधित एक बुकलेट का भी लोकार्पण किया जाएगा। मेगा परिसंपत्ति वितरण के तहत सरकार की विभिन्न



जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों को ऑन-स्पॉट दिया जाएगा। साथ ही उनके बीच परिसंपत्ति का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर तीन नवंबर की शाम आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पुलिस लाइन स्टेडियम में डीसी आंजनेयुलू दोड्डे,एसपी चंदन कुमार सिन्हा,डीडीसी मेघा भारद्वाज, प्रशिक्षु आईएएस विस्पुते श्रीकांत यशवंत, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सदर एसडीओ राजेश कुमार साह,आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद, नजारात उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी,जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन स्टेडियम का निरीक्षण कर अबतक किए गए तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही शीघ्र तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त पलामू आंजनेयुलू दोड्डे ने सभी पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों को भी निर्देशित किया कि वे प्रतिनियुक्ति स्थानों पर पूरी तन्मयता के साथ ड्यूटी का निर्वहन करें और जारी संयुक्त आदेश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चिन्हित लाभुक, जिन्हें योजनाओं का ऑन - स्पॉट लाभ दिया जायेगा, उन लाभुकों को मुख्य मंच तक व्यवस्थित तरीके से लायें और उन्हें पुनः निर्धारित स्थल पर बैठाना सुनिश्चित करायें। सभी दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं जवान अलर्ट मोड़ में रहें। एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम स्थल के लिए तीन द्वार है। एक जेनरल गेट है। दूसरा वीआईपी व मीडिया एवं तीसरा वीवीआईपी गेट है। वीआईपी गेट पर बिना पास किसी का प्रवेश नहीं हो। गेट पर अवांक्षित स्थिति उत्पन्न नहीं होने दें। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात किए गए मजिस्ट्रेट एवं पुलिस कर्मियों को दिशा-निर्देश दिया। वीआईपी, प्रेस, लाभुक, जनप्रतिनिधि एवं अन्य जनसामान्य व्यक्तियों के प्रवेश सहित अन्य जानकारी दी।

# सावधान बड़ी दुर्घटना होनेवाली है, जहां कटे हैं वन, वहां हुआ है विनाश, गवाह है प्राकृतिक आपदा : कौशल

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर स्थित पंचायत सचिवालय परिसर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने थाईलैंड के बारहमासी आम का पौधा लगाकर किया। उन्होंने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। पर्यावरणविद ने कहा कि अर्थ के लिए हो रहे अनर्थ के कारण प्रकृति नाराज हुई है। जिससे विश्व भर का तापमान और प्रदूषण बढा है। उस भयावह स्थिति से बचने के लिए लोगों को अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म को आत्मसात करना होगा। पर्यावरणविद श्री कौशल ने कार्यक्रम में शामिल बीडीओ अशोक कुमार, सीओ मोहम्मद मंसूरी, छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष गोपाल सिंह, प्रखंड उप प्रमुख संतोष यादव समेत अपने जन्मभूमि पर पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों के अतिथियों के सम्मान में हिमाचल का कपूर का पौधा पानी, देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया, पार्षद, बीडीओ, सीओ ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं ग्राम पंचायत डाली बाजार एवं ग्राम पंचायत मुरुमदाग के ग्रामीणों को फलदार पौधे देकर सम्मानित किया। छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि सरकारी लाभ लेने के लिए सभी लोगों को जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सूबे की सरकार गांव के हर जरूरतमंद लोगों तक लाभ पहुंचाने के लिए सभी पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें ऑन स्पॉट लाभ दे रही है। मौके पर उप मुखिया नगीना खातून, सूचित जायसवाल, अफजाल अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, जुवैर अंसारी, गुलाम गौस, धर्मदेव यादव, विनोद यादव, बाबुराम, शिवनाथ राम, अवधेश राम, अरविंद यादव, समीर सिंह, उमेश यादव, रामलल्लू प्रसाद, महावीर भुइयां, कृष्णा सिंह,राजेश्वर विश्वकर्मा समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

# विधायक ने फीता काटकर किया बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में बीस सूत्री कार्यालय का उदघाटन किया गया। इसका उद्घाटन स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह, बीससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, बीडीओ रतन कुमार, सीओ नंद कुमार आदि ने फीता काटकर किया। बीडीओ ने उद्घाटन के बाद विधायक आदि को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बिधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि आम लोगो को किसी भी तरह की कार्य मे क्विक सेवा मिलना चाहिए। इसके लिये पदाधिकारी व कर्मचारी सक्रिय रहें। मौके पर मुख्य रूप से पंसस बद्री सिंह, विनय पासवान, रतन लाल, विजय राजवंशी,चंदन सिंह,राज कुमार ठाकुर, जिशान अहमद, रविंद्र कांस्यकर,बैरिस्टर सिंह, प्रिंस शर्मा आदि मौजूद थे।

# तनावपूर्ण जिंदगी से मुक्ति के लिए रामनाम जाप जरूरी : रविंद्र सिंह

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के जेपी चौक स्थित पूर्व उप प्रमुख यमुना सिंह के आवास परिसर में आयोजित अष्टजाम अखंड कीर्तन का गुरुवार को विसर्जन किया गया। इस अष्टजाम कार्यक्रम में शहर के अलावा पोलडीह, बेडौलिया, मांडर, कोशी, सिंदुरिया, अलीनगर, निमहत, टोंगरा समेत दर्जनों गांव के श्रद्धालु शामिल हुये। विसर्जन कार्यक्रम की शुरूआत अयोध्या विवहूति भवन के शिष्य व परिकर चंद्रदीप सिंह ने रामधुनी व मंगलाचरण से की।उन्होंने कहा कि कलियुग में इस तरह के रामनाम का जाप से ही विश्व का कल्याण होगा। भृगुनाथ सिंह ने कई कर्ण प्रिय भजन प्रस्तुत करते हुये कहा कि मोक्ष का यह सबसे सरल मार्ग है।



मौके पर भाजपा नेता रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि प्रतिवर्ष अक्षय नवमी तिथि को यह आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र व समाज में सुख शांति व समृद्धि की कामना से इस आयोजन में दर्जनों गांव के कीर्तन मंडली शामिल होते हैं।क्षेत्र में खुशहाली के लिए रामनाम का जाप करते हैं.तनाव से मुक्ति के लिये रामनाम का जाप अति आवश्यक है। इस मौके पर मुख्य रूप से विजय सिंह, नागेंद्र सिंह, दिलीप कुमार सिंह, मनु पांडेय, अनुप कुमार सिंह, लुटकुन शरण, रविंद्र सिंह,उदय सिंह, सचिदानंद सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, मधुसुदन पाठक, योगेंद्र कुमार, उदय सिंह, बुचून शरण, रिषिकेश सिंह, रंजन कुमार सिंह, संतेंद्र कुमार सिंह, दुधेश्वर सिंह, योगेंद्र कुमार, अनिल कुमार सिंह,अनुज कुमार सिंह, अमरेश सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**पांडू/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांडू प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों से नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सम्मानित करने हेतू सम्मान समारोह का आयोजन पूर्व स्वास्थ मंत्री सह वर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी जी के द्वारा किया गया.ईस कार्यक्रम में विधायक श्री चंद्रवंशी ने दिप प्रवजलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की. श्री चंद्रवंशी ने कहा यह सम्मान समारोह आपसी जान - पहचान एवं निचले स्तर पर जीत कर आए जनप्रतिनिधियों के हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया. श्री चंद्रवंशी ने कहा जिस तरह से मै विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं, उसी तरह से आप भी अपने वार्ड, पंचायत एवं प्रखंड का प्रतिनिधित्व कर रहे है . आपसी समन्वय बनाकर अपने -अपने क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने की जरूरत है. आगे उन्होंने कहा जो कार्य प्रखंड स्तर से नहीं हो पा रहा हो उसे मेरे पास लाए मै आपका कार्य करने का हर सम्भव प्रयास करूंगा. इसमें कौन किस पार्टी से या किस जाती से है यह जानने की कोई जरूरत नहीं है. हम सभी जनप्रतिनिधि जनता के



कार्य को करने के लिए चुनकर आय है. हम सभी आपसी समन्वय बनाकर जनता का कार्य करें. मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वरसागर चन्द्रवंशी, जिला विधायक प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,पांडू जिला परिषद सदस्य मिना देवी , पांडू प्रमुख नीतू देवी, पांडू विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह,मंडल अध्यक्ष प्रेमसागर सिंह, महामंत्री मनोरंजन गुप्ता, पंकज पांडेय, जनक शर्मा, आशुतोष सुमन, सभी पंचायत के जनप्रतिनिधि के साथ -साथ कई लोग उपस्थित रहे.

## नौडीहा बाजार प्रखंड की सरईडीह पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**नौडीहा बाजार/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का द्वितीय चरण तीन नवंबर को प्रखंड के सरईडीह पंचायत यह कार्यक्रम लगा कार्यक्रम में सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए थे और लोग अपनी समस्या के निराकरण के लिए संबंधित स्टॉलो पर पदाधिकारियों को आवेदन देकर निष्पादन करने के लिए लोग मांग की चुकी सरकार के द्वारा दिशा निर्देश है कि जो समस्या ऑन स्पॉट निष्पादन करने लायक वैसे समस्या को निष्पादन किया जाएगा और जो समस्या ऑन स्पॉट निष्पादन करने में कठिनाई है वैसे समस्या को निबंधन कर लाभुक को एसएमएस के माध्यम से सुचना दी जाएगी ।

# धनंजय त्रिपाठी ने अपनी तीन मांगों को लेकर दिया धरना

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** कचहरी परिसर में समाजसेवी सह पूर्व प्रबंधक नई दिल्ली नगरपालिका परिषद धनंजय त्रिपाठी ने अपने तीन मांगो के साथ अन्य समस्याओं के विरुद्ध कचहरी परिसर में एकदिवसीय धरना दिया उसके पश्चात उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि दो बार ज्ञापन देने के बावजूद वे आरटीआई से जवाब न आने के कारण विवश होकर धरना प्रदर्शन देना पड़ा। श्री त्रिपाठी ने बताया की पहली मांग यह हैं कि मेदिनीनगर नगर निगम के अंतर्गत खासमहल के जमीन का लीज नवीनीकरण की दर में वृद्धि रोकने एवं फ्री होल्ड सरकार से कराने के लिए। दूसरी मांग यह है कि मेदिनीनगर नगर निगम के अंतर्गत खास महल के दुकानदारों का होल्डिंग टैक्स 3 रुपए इसक्वायर फीट करवाने के लिए। तीसरी व अहम मांग यह है कि 2018 में नगर निगम में जुड़े नए क्षेत्र रेडमा, बारालोटा, पोखराहा, सुदना, सिंगरा, शाहपुर, चैनपुर, सेमरटांड, बहेरवा,गुरहा में होल्डिंग टैक्स 10 रुपए प्रति एकड़ करवाने के लिए। उन्होंने बताया कि मैंने नगर निगम के 35 वार्ड के दौरे के दौरान हमने इसका नाम नरक निगम रख दिया है जब कोई दूसरा प्रतिनिधि कुर्सी पे बैठेगा तो अपने



कार्यो से नगर निगम बनाएगा,मैं 14 वर्षो तक नई दिल्ली नगरपालिका परिषद में प्रबंधक के रूप में कार्य किया हूं और वहाँ की विधि व्यस्था को देखा हूँ नौकरी छोड़ कर आने के बाद जब मैंने डालटनगंज नगर निगम की व्यवस्था देखा तो पाया की धन,व्यक्ति होने के बावजूद क्यों नरक निगम बना हुआ है मुझे पता चला कि जो नरक निगम के हुक्मरान है उनकी इक्छा शक्ति मर गयी हैं। समस्या इतनी की दो दिन भी कम पड़ जायेगा पर मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं अभी तक निगम। लीज नवीनीकरण के मामले में गिने चुने लोगों का काम हुआ था पिछले उपयुक्त द्वारा जब निगम बदलेगा तब इसकी जांच होकर करवाई होगी। जिसका दुकान 1540 का है तो 600२० फीट गुने 24 उसका टैक्स हो जाएगा 14400 तो ये दुकानदार कहाँ से इतना टैक्स भरेगा। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने जाकर के रुकवाया है जो 24 रुपये से 6 रुपये पे अभी तक रुका हुआ है। हमारी मांग है इसे 3 रुपए किया जाए। जो नए क्षेत्र जुड़े हैं वहाँ ज्यादातर लोग खेती करते हैं वो उतना टैक्स कहाँ देंगे वो भी 260 रुपए डिसमिल, जरा समझिए जिनके पास 5 एकड़ की जमीन की कीमत इसका टैक्स एक लाख 30 हजार सालाना कहां से देगा, ये जजिया कर से मुक्ति मिले जब तक सारी सुविधाएं नहीं लागू हो तब तक 10 रुपए प्रति डिसमिल किया जाए वरना सारे नए क्षेत्र को निगम से हटा दिया जाए। मौके पे शैलेश चंद्रवंशी,डीएस चौहान,रुद्र शुक्ला, प्रेम पासवान, पंकज तिवारी,अनिल तिवारी, कृष्णा तिवारी, तेजु साव,रामप्रवेश सिंह, उदय नारायण सिंह, मुन्ना पासवान, बिपिन चौरसिया, आसद कुमार, मंटू प्रसाद, सुनील चौधरी, सुदेश्वर चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, शांति देवी, रामलगन चौधरी, रेखा देवी, रिंकी देवी,सरस्वती देवी, नशिम खान, सलामू खान, मोहन चौधरी, शांति देवी, चीना मियां, दिलीप त्रिपाठी,राजू मियां, इक्तियक अली, राजकुमार सिंह,भोला पांडेय आदि उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचकर हिमाचल ने रचा इतिहास

# बांग्लादेशी बल्लेबाज नुरुल हसन ने विराट कोहली पर लगाया फेक फील्डिंग का आरोप

**एडिलेड।** बांग्लादेश के विकेटकीपर-बल्लेबाज नुरुल हसन ने भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली पर ₹फेक फील्डिंग₹ का आरोप लगाया है, जिस पर मैदानी अंपायरों ने ध्यान नहीं दिया और उनकी टीम को पांच रन से हार का सामना करना पड़ा। बारिश से बाधित इस मैच में डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर बांग्लादेश को 16 ओवर में 151 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला था और अंत में बांग्लादेश लक्ष्य से 5 रन दूर रह गई। नूरुल, जिन्होंने अंतिम ओवर में अर्शदीप सिंह की गेंद



पर एक छक्का और एक चौका लगाकर मैच में बांग्लादेश को बनाए रखा, मैच के बाद मैदानी अंपायरों की आलोचना करते दिखे। नुरुल ने बंगाली में अप्रत्यक्ष रूप से कहा, निश्चित रूप से, गीले आउटफील्ड का प्रभाव तब पड़ा जब हमने दोबारा खेल को फिर से शुरू किया। लेकिन एक फेक थ्रो भी था जिससे हमें पांच रन मिल सकते थे, लेकिन हमें वह भी नहीं मिला।₹ उन्होंने अंपायर क्रिस ब्राउन और मरैस इरास्मस पर इस घटना को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। नुरुल ने जिस घटना का जिक्र किया है वह बांग्लादेश की पारी के सातवें ओवर के दौरान हुआ था। कोहली ने ऐसा दिखावा किया था कि वह डीप से अर्शदीप सिंह के थ्रो को कैच करके नॉन-स्ट्राइकर के एंड पर फेंक रहे हों, जबकि वह गेंद नहीं पकड़ पाए थे। न तो अंपायर मरैस इरास्मस और न ही क्रिस ब्राउन ने इसे देखा। यहां तक कि बल्लेबाज भी इसे नहीं देख पाए। आईसीसी के खेलने की स्थिति नियम 41.5, जो अनुचित खेल से संबंधित है, क्षेत्ररक्षण टीम को ₹जानबूझकर, ध्यान भटकाने, धोखे या बल्लेबाज की बाधा₹ से रोकता है। यदि अंपायर को लगता है कि किसी ने नियम का उल्लंघन किया है, तो वह इसे डेड बॉल कह सकता है और पांच पेनल्टी रन दे सकता है। हालांकि एक संभावना यह भी है कि मैच अधिकारियों की आलोचना करने के लिए नूरुल पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

# फखर जमान की जगह मोहम्मद हैरिस पाकिस्तानी टीम में शामिल

**दुबई।** चोटिल फखर जमान की जगह मोहम्मद हारिस को पाकिस्तान की टी-20 विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। आईसीसी टी-20 विश्व कप 2022 की इवेंट टेक्निकल कमेटी ने मोहम्मद हारिस को जमान के प्रतिस्थापन के रूप में मंजूरी दे दी है। जमान के दाहिने घुटने में पोस्टीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (पीसीएल) की चोट लगी थी, जिसके बाद वह विश्व कप से बाहर हो गए थे और हारिस को उनके प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया था। किसी खिलाड़ी के प्रतिस्थापन के लिए इवेंट तकनीकी समिति की स्वीकृति की आवश्यकता होती है, इसके बाद ही प्रतिस्थापन खिलाड़ी को आधिकारिक तौर पर टीम में जोड़ा जा सकता है। आईसीसी मेन्स टी-20 विश्व कप 2022 की इवेंट टेक्निकल कमेटी में वसीम



खान (आईसीसी महाप्रबंधक - क्रिकेट), क्रिस टेटली, (आईसीसी हेड ऑफ इवेंट्स), पीटर रोच (क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया), शेन डॉयल (पुरुष टी20 विश्व कप स्थानीय आयोजन समिति), शॉन पोलक (स्वतंत्र) और इयान बिशप (स्वतंत्र) शामिल हैं।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## दो दिवसीय दौरे पर धनबाद पहुंचे कोलइंडिया चेयरमैन, बीसीसीएल मुख्यालय में सीएमडी ने किया स्वागत



धनबाद/महुदा (आजाद सिपाही)। कोल इंडिया के चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को धनबाद पहुंचे। इस दिन चेयरमैन बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन पहुंचे। जहां बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता व अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। वहीं, प्रमोद अग्रवाल ने बीसीसीएल के विभिन्न एरिया के जीएम के साथ वीसी के जरिए बैठक की। उसके बाद आइआइटी आइएसएम में निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकल गए। बातचीत के दौरान चेयरमैन ने मीडिया द्वारा किए गए सवालों के जवाब भी दिया। कहा कि बीसीसीएल काफी अच्छा कार्य कर रहा है। इसलिए रिव्यूय जैसी कोई बात नहीं है। किसी एरिया में कोई समस्या हो तो उसे कैसे हल किया जाए इस पर बातचीत की गई। कोल इंडिया बड़े निवेश भई करेगी, लेकिन यह सरकार से चर्चा के बाद ही संभव हो सकेगा। वहीं झरिया पुर्नवास पर कहा कि इस पर तेज गति से कार्य चल रहा है। इसको लेकर एक नई नीति बनाई जाएगी। झरिया पुनर्वास का संसोधित प्लान जल्द ही आ जायेगा। इस पर चर्चा हो चुकी है। इस बीच कर्मचारियों के वेज बोर्ड को लेकर कहा कि लगातार चर्चा चल रही है। उम्मीद है बेहतर परिणाम आएगा।

## याद किये गये मजदूर नेता गया प्रताप सिंह मजदूर वर्ग हमेशा करेगा याद : रागिनी सिंह



झरिया (आजाद सिपाही)। दशकों बाद कोई मजदूर नेता अपने मृदुभाषी व्यवहार और मजदूर हित में किए गए कार्यों की वजह से लोकप्रियता के आयाम तक पहुंचा है। पर विधि को यह मंजूर नहीं था और वे असमय सभी को छोड़कर चले गए। मजदूर वर्ग उन्हें हमेशा याद रखेगा। उक्त बातें गुरुवार को भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कही। वे दिवंगत मजदूर नेता गया प्रताप सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान कही। वे शिमला बहाल आदर्श नगर स्थित आवास पर पहुंची। जहां उन्होंने स्व गया प्रताप सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं रागिनी सिंह ने परिजनों से मुलाकात की। इस मौके पर उनके भाई सह पूर्व पार्षद शैलेंद्र सिंह, विश्वजीत सिंह, जमसं नेता अमरनाथ सिंह, पुत्र रूद्र प्रताप सिंह, अंकित सिंह, इंद्रजीत सिंह व उपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## पंचायत स्वयंसेवकों की मांगों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा अनुशंसा पत्र, सभी ने जताया आभार





जरीडीह बाजार/बेरमो (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के तीन सूत्रीय मांगों को लेकर बोकारो जिला के बेरमो प्रखंड सचिवालय स्वयंसेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष शादाब आलम के आग्रह पत्र पर संज्ञान लेते हुए झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर मांगों को पूरी करने का सिफारिश की हैं। इस संबंध में प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि एक आवेदन के माध्यम से विधानसभा अध्यक्ष को मांगों से अवगत कराया गया था और मांगों को पूरी करने के लिए मुख्यमंत्री से सिफारिश की आग्रह की थी। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने संज्ञान लेकर मुख्यमंत्री से मांगों को पूरी करने का सिफारिश किए हैं। विधानसभा अध्यक्ष की सिफारिश पत्र पर बोकारो जिला सहित राज्यभर के पंचायत स्वयंसेवकों ने विधानसभा अध्यक्ष का आभार जताया है। बताया कि यह लोग पिछले छह सालों से महज प्रोत्साहन राशि पर कार्यरत है। वर्ष 2016 में तत्कालीन झारखंड सरकार द्वारा पंचायत सचिवालय का गठन कर झारखंड के सभी पंचायत सचिवालय में इन लोगों को बहाल किया गया था। विधानस्भा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन लोगों को भरोसा दिया था कि सरकार बनने के बाद प्रोत्साहन राशि की जगह निश्चित मानदेय तय कर दिया जाएगा। तब से यह लोग अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत थे।

## साड़म में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



ललपनिया (आजाद सिपाही)। गोमिया प्रखंड अंतर्गत साड़म पश्चिमी एवं साड़म पूर्वी ग्राम पंचायत अंतर्गत संतोषी मंदिर स्थित फुटबॉल मैदान में ग्रामीणों के लिए आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिप अध्यक्ष सुनीता देवी, जिप सदस्य आकाश लाल सिंह, विधायक प्रतिनिधि सह आजसू के केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा, साड़म पश्चिमी पंचायत की मुखिया शोभा देवी, पूर्वी की मुखिया अनारकली, पंचायत समिति सदस्य विष्णु लाल सिंह, चांदनी देवी, प्रखंड बीस सूत्री सदस्य रामकिशुन रविदास आदि ने संयुक्त रूप से मौके पर ही योग्य लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस कार्यक्रम में आम ग्रामीणों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य, विद्युत, राजस्व, खाद्य आपूर्ति एवं सहकारिता विभाग, कोविड-19 टीकाकरण, कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, श्रम विभाग आदि 20 स्टाल लगाए गए थे। जिप सदस्य आकाशलाल सिंह ने कहा कि पंचायत के लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है। पंचायत का विकास सभी के सहयोग से ही संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में प्रखंड के कई पदाधिकारी उपस्थित नहीं थे। इसके बावजूद ग्रामीणों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान करने का प्रयास किया गया है। इस दौरान पीएम आवास, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना दीदी बाड़ी योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,पशुपालन आदि के लिए ग्रामीणों के आवेदन प्राप्त किए गए। वहीं फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत शराब बेचना छोड़ स्वरोजगार से जुड़ने को इच्छुक कई महिलाओं के बीच 10-10 हजार रुपये का चेक वितरण किया गया। इस मौके पर असनुल इस्लाम, मिथुन चन्द्रवंसी, अमित चन्द्रवंसी, योगेंद्र केवट, विक्रम डे, सुबोध उपाध्याय, सजंय ठाकुर, मिन्हाज अंसारी, संतोष प्रसाद, रामभरत सिंह, जितेंद्र केवट और सजंय दे आदि थे।

### कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन पर बंद ट्रेनों का ठहराव शीघ्र : सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी

# 18 से पहले ट्रेनों का ठहराव नहीं हुआ तो रोकेंगें रेल:ढुल्लू महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



लोगों को संबोधित करते सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, पास बैठे विधायक ढुल्लू महतो व अन्य।

**कतरास।** कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन में गुरुवार को भाजपा की एक आम सभा हुई। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि साजिश के तहत कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन से पिछले दो वर्षों तक रेलवे का परिचालन बंद रखा गया। आग के नाम पर बाघमारा की जनता को गुमराह किया गया। रेलवे को सबसे ज्यादा राजस्व कोयलांचल क्षेत्र से ही मिलता है और सुविधा के नाम पर रेलवे कोई काम नहीं करता है। सबसे बदहाल स्तिथि में कोयलांचल के स्टेशन हैं। उन्होंने कहा कि 18 नवंबर को होने वाली बैठक में बाघमारा की हर समस्याओं को रखेंगे। कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन में सभी ट्रेनों का ठहराव शीघ्र होगा। कतरास के विकास में हर संभव सहयोग देने को तैयार हूं। वहीं, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि 18 नवंबर से पहले अगर कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन में बंद ट्रेनों का ठहराव शुरू नहीं हुआ तो रेल का चक्का जाम करेंगें। एक सवाल के जवाब में कहा कि हम ब्राह्मणों का सम्मान करते हैं। कहा कि समूचित ट्रेनों का ठहराव नहीं हुआ तो सांसद के साथ मिलकर ट्रेन का चक्का जाम किया जाएगा। कहा कि बाघमारा के विकास में कहीं कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जनता की हर समस्याओं के साथ हम खड़ा हैं। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि शरद महतो, बच्चू राय, इंदर सिंह, रघु हजारी, मुखिया धनेश्वर महतो, मुखिया नरेश गुप्ता, जितेश रजवार, विष्णु चौरसिया, अशोक सिंह, नीलेश सिंह, अजय सिंह, मुकेश झा, भरत शर्मा, महेश पासवान, पिंकी सिन्हा, कुंदन सिंह, विकास बजरंगी, इंदर सिंह, बबलू बर्मन, जितेश रजवार, गौर चंद बाउरी, राकेश सिंह, राजू सरदार, बबलू बनर्जी, दिनेश उपाध्याय, हरेंद्र सिंह, हुलास यादव, शेखर सिंह, राजू शर्मा, सूर्यदेव मिश्रा, धर्मेंद्र गुप्ता, वशिष्ठ चौहान, प्रदीप गुप्ता, भोला शर्मा, निलेश सिंह और धनेश्वर महतो उपस्थित थे।

## मालगाड़ी का मलबा उठाने के दौरान दुर्घटना में एक की मौत

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद-गया रेलखंड पर गुरपा स्टेशन के पास दुर्घटनाग्रस्त मालगाड़ी के मलबों को हटाने गए रेलकर्मी दुर्घटना का शिकार हो गए। घटना बुधवार देर रात की है। क्रेन से धनबाद लोको शेड के स्टॉफ मलबों को हटाने में जुटे थे। इसी दौरान रेल कर्मचारी रंजीत कुमार और भृगभूषण मलबे की चपेट में आ गए। बाद में इलाज के दौरान रंजीत कुमार की मौत हो गई, जबकि मृगभूषण घायल है। उसे ट्रेन से धनबाद लाया गया। धनबाद स्टेशन पर एम्बुलेंस से उन्हें रेलवे अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि उनके पैर में गंभीर चोट आई है। गौरतलब है कि 26 अक्तूबर की सुबह गुरपा स्टेशन पर मालगाड़ी की 53 बोगियां बेपटरी हो गई थीं।

## भाजपा नेता के बेटा-बेटी के श्राद्धकर्म में पहुंचे सांसद, पूर्व मेयर और रागिनी सिंह

**दोनो की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस**

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** बनियाहीर निवासी भाजपा नेता राजेश पासवान के दिवंगत बेटे ज्ञान प्रकाश और बेटी अश्विनी उर्फ कनक के श्राद्ध कर्म में गुरुवार को भाजपा सांसद पशुपतिनाथ सिंह, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह आदि पहुंचे। सभी ने दोनों बच्चों के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त प्रकट करते हुए उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान रागिनी सिंह ने लोगों के बीच कंबल वितरित किया। वहीं, धनबाद सांसद ने कहा कि घटना ने उनको काफी विचलित किया है। जिसकों वे शब्दो मे बयान नहीं कर सकते। पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा कि इससे बड़ा दुख और कुछ भी नहीं हो सकता। इस विकट परिस्थिति में वे ईश्वर से प्रार्थना करते है की शोकाकुल परिवार को शक्ति प्रदान करें। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव, राजकुमार अग्रवाल, अजय निषाद, अखिलेश सिंह, दिलीप भारती, अरिंदम बनर्जी, स्वरूप भट्टाचार्य, शैलेंद्र सिंह, राजाराम पासवान, संजय यादव, रोहित बिंद, धरमवीर पासवान, पप्पू विश्वकर्मा, टुनटुन सिंह, विनोद सिंह और राहुल सिंह आदि उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में हुई थी दोनों की मौत

बतातें चलें कि झरिया-धनबाद मुख्य सड़क पर भगतडीह के पास एक अक्टूबर को सीमेंट लदे एक ट्रक की चपेट में आने से भाजपा नेता राजेश पासवान व उनके दोनों बच्चे घायल हो गए थे। जिसमें 10 वर्षीय अंगद की मौके पर ही मौत हो गई थी। इसके 20 दिनों के बाद इलाज के दौरान बेटी की भी अस्पताल में मौत हो गई थी।

### पूर्व मुखिया ने पीएम आवास के नाम पर किया फर्जीवाड़ा : मुखिया महेश पटवारी

# सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम से लोगों को मिल रहा काफी लाभ : शारदा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




**महुदा।** पदुगोड़ा पंचायत के पंचायत सचिवालय में आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार के तहत गुरुवार को एक कार्यक्रम आयोजित हुआ. जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, पुटकी अंचलाधिकारी सुभ्रा रानी व मुखिया महेश पटवारी ने किया। इस दौरान पंचायत के ग्रामीणों को अपेक्षित योजना लाभ से जोड़ने के लिए अलग-अलग विभागों के काउंटर जैसे पीएमएवाइजी योजना, बिजली विभाग, मत्स्य विभाग, राशन कार्ड, ई-श्रम कार्ड, पेंसन, राजस्व, कृषि, आधार, कोविड वेक्सिनेशन, जेएसएलपीएस सहित अन्य योजनाओं के लिए अलग-अलग विभागों के काउंटर की व्यवस्था कि गई थी। इस दौरान दर्जनों लाभुकों ने अपने कागजात पेश कर त्वरित लाभ लिया। कार्यक्रम के बीच दर्जनों लोगों को पेंसन एवं जॉब कार्ड स्वीकृतीपत्र, सहित धोती साड़ी एवं अन्य योजनाओं के प्रसस्ती पत्र अधिकारों ने पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष दिया। राज्य सरकार के इस कार्यक्रम को लेकर अंचलाधिकारी सुभ्रा रानी ने ग्रामीणों को संबोंधित करते हुए उन्हें तमाम योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं आयोजित समारोह के दौरान पंचायत के सैकडों ग्रामिणों को विभिन्न योजना की स्वीकृति देने की बात बताई गई। वहीं पदुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश पटवारी ने कहा कि पूर्व मुखिया ने पीएम आवास के नाम पर फजीर्वाड़ा किया हैं। उनके द्वारा ग्रामीणों को छ्ला गया एवं लाभों से वंचित रखा गया। जो लोग किसी कारण वश इस कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाए या ग्रामीणों को किसी भी तरह की कोई समस्या हो तो वो अपनी समस्या को हमारे पास रखें, जिसका समाधान किया जाएगा।

## सीएम 8 को बोकारो में, डीसी और एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा



**लुगूबुरू घंटाबाड़ी धोरोमगढ अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन 2022 का दो दिवसीय महोत्सव 7-8 को**

**गोमिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ललपनिया स्थित लुगूबुरू घंटाबाड़ी धोरोमगढ स्थल में सात और आठ नवंबर को संतालियों का दो दिवसीय 22वां अंतरराष्ट्रीय महोत्सव होने जा रहा है। इसमें देश-विदेश के आदिवासी पूजा करने आते है। दो दिवसीय राजकीय महोत्सव को लेकर डीसी कुलदीप चौधरी एवं एसपी चंदन कुमार झा ने गुरुवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही पदाधिकारियों एवं पूजा समिति के सदस्यों के साथ श्यामली गेस्ट हाउस में बैठक कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया। डीसी ने व्यवस्था से जुड़े एजेंसियों एवं कर्मचारियों से कहा कि जिन्हें जो काम की जिम्मेवारी दी गयी है। उसे हर हाल में एक-दो दिनों के अंदर सभी कार्य पूरी कर लें। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों एवं समिति के सदस्यों से लाइटिंग, टेंट, पेयजल, शौचालय, पथ, टेंट सिटी आदि व्यवस्था पर किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली और स्थल निरीक्षण भी किया। डीसी कुलदीप चौधरी ने कहा कि श्रद्धालुओं के आगमन के लिए तीन पॉइंट बनाए गए हैं। किसी भी प्रकार से श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं होने दिया जायेगा। तैयारी पर संतोष व्यक्त करते हुए डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री का आठ नवंबर को पवित्र धार्मिक स्थल पर आगमन होना है छोटी-छोटी बिंदुओं पर गहन मंथन कर कोई कमी न रहे। नीचे अवस्थित मंदिर में मुख्यमंत्री एवं अन्य विशिष्ट अतिथि गण पूजा करेंगे। पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे है। वहीं, एसपी चंदन कुमार झा ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लिए जिला पुलिस बल, सीआरपीएफ के फोर्स एवं जगुआर के फोर्स की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हेल्पडेस्क बनाए जा रहे हैं।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर खूँटी**

**सूचना**

10 वायु सैनिक चयन केन्द्र, वायु सेना स्टेशन बिहटा, पटना (बिहार) के चयन अधिकारी मनोज बंजरा और मुन्नालाल प्रजापति से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय वायु सेना में अग्निपथ भर्ती योजना (Agnipath Recruitment Scheme) के अंतर्गत अग्निवीर (वायु) 01/2023 की भर्ती के लिए Online Registration प्रारंभ हो रहा है, जो 7 नवम्बर से 23 नवम्बर शाम 5.00 बजे तक होगा। भारतीय वायुसेना पहली बार महिला अभ्यर्थियों को भी भर्ती करने जा रही है, वायु सेना में भर्ती होने की इच्छा रखने वाले युवा Official वेबसाइट http://agnipathvayu.cdac.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन दे सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
खूँटी।

PR 281324 Labour Employment and Traning(22-23)#D

**समाहरणालय,खूँटी**
**(जिला आपूर्ति शाखा)**
Email ID-dsokhunti@gmail.com

**आदेश**

खूँटी जिलान्तर्गत सभी जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं द्वारा प्रायः देखा जाता है कि उनके द्वारा कार्ड धारियों को राशन वितरण पश्चात् खाद्यान्न का उनके राशन कार्ड में वितरण की प्रविशिटी नहीं कि जाती है। जिससे लाभुकों को इस संबंध में कि उनको किस माह का राशन प्राप्त हुआ है। जिसकारण कार्ड धारियों एवं अधोहस्ताक्षरी के समीक्षा के क्रम में यह जानकारी लेना मुशकिल होता है कि विक्रेता द्वारा उन्हें किस माह का खाद्यान्न प्राप्त हुआ है।

अतः निदेश दिया जाता है कि राशन वितरण के क्रम में कार्ड धारियों के राशन कार्ड में राशन का प्रकार एवं मात्रा साफ–साफ तिथि एवं माह अनुसार अंकित करना सुनिश्चित करेंगे।

**इसे अति आवश्यक समझा जाय।**

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
खूँटी

PR 281312 (District)22-23*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–20/2022–.23**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम | : | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | : | दिनांक 11.11.2022 के अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 12.11..2022 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 12.11.2022 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | : | 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | 01) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग। |

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Deep Boring in the Campus of Police Superintendents Residential at Hazaribag | 244850/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 2 | Renovation of Kitchen in the Campus of Sadar Hospital , Hazaribag for the year 2020-21 | 249950/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 3 | Deep Boring in the Campus of A.D.J Court Building and Magisterial Court Building at Civil Court Hazaribag | 244850/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 4 | Construction of Floor and Staircase at Fisheries office Hazaribag Block Sadar for the year 2022-22 | 249400/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 5 | Renovation of ICTC in the Campus of Sadar Hospital , Hazaribag for the year 2020-21 | 249650/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 6 | E/R to Generator shed Behind Sub Judge Building in Court Campus at Hazaribag for the year 2022-23 | 240400/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 7 | Parking Shed and Sanitary Work in Commissioner Office Hazaribag for the year 2022-23 | 245850/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 8 | Repair Work of Qtr no G3(2) Block G at Judicial Colony Near Carmel Chowk Hazaribag for the year 2022-23 | 162900/- | 4000/- | 500/- | 01 माह |
| 9 | E/R to Boundary Wall in Residence sri Raman Kr Singh Correspondence Clerk Building Circle Behand B.C.D office in Residence at Hazaribag year 2022-23 | 80400/- | 2000/- | 500/- | 01 माह |
| 10 | E/R to Flag Hosting Stage in Court Campus at Hazaribag for the year 2022-23 | 227600/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 11 | Installation Submersible Moter Pump and Bath Room Fitting in Court Campus at Hazaribag for the Year 2022-23 | 208350/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 12 | Installation Submersible Pump Civil Court Campus at Hazaribag for the Year of 2022-23 | 91450/- | 2000/- | 500/- | 01 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR.NO.281319 Building(22-23):D

# रैली में इमरान पर फायरिंग

## पूर्व पाक पीएम घायल, कहा : दोबारा लड़ूंगा लड़ाई

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर रैली के दौरान हमला हुआ। हमलावर ने इमरान के कंटेनर के पास गोलीबारी की। इस दौरान इमरान खान सहित कुछ और लोग भी घायल हो गये। इमरान खान के पैर में गोली लगी है, लेकिन वह सुरक्षित हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है और उसे अज्ञात जगह पर लेकर गयी है। मीडिया में हमलावर के मारे जाने की खबर भी आ रही है। पाकिस्तान मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, वजीराबाद में जफर अली खान चौक के पास पूर्व पीएम और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) के अध्यक्ष इमरान खान के कंटेनर के पास फायरिंग हुई। इसमें इमरान सहित कुछ और नेता घायल हो गये। इस बीच इमरान खान का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि अल्लाह ने मुझे नयी जिंदगी दी है। मैं दोबारा से लड़ूंगा।



**दाएं पैर में गोली लगी:** इमरान खान के दाएं पैर में गोली लगी है और उन्हें करीब के ही अस्पताल में ले जाया गया है। इमरान के करीबी फवाद चौधरी ने कहा कि इमरान के पैर में गोली लगी है। पीटीआइ नेता फर्रूख हबीब ने कहा, कायरों ने अपना चेहरा दिखा दिया है। इमरान खान हमले में घायल हैं। पूरे देश को उनकी सलामती के लिए दुआएं करनी चाहिए। पाकिस्तान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी इमरान पर हुए हमले की निंदा की है।

# मुख्य प्रशासनिक सचिव को प्रोटोकॉल और कार्यक्रम की आवश्यकताओं के अनुसार त्रुटि मुक्त व्यवस्था करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत की माननीय राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू के ओड़िशा आगमन के लिए व्यापक प्रशासनिक तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए बुधवार शाम मुख्य प्रशासनिक सचिव सुरेश चंद्र महापात्र की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय तैयारी समिति की बैठक हुई। गृह विभाग की विशेष सचिव संतोष बाला ने राज्य लोक सेवा भवन सभागृह में आयोजित बैठक में राष्ट्रपति के दौरे के संबंध में प्रारंभिक जानकारी प्रस्तुत की। राष्ट्रपति भवन से प्राप्त प्रारंभिक सूचना के आधार पर मुख्य प्रशासनिक सचिव महापात्र ने पुलिस विभाग, पुरी जिला प्रशासन, खुर्दा जिला प्रशासन को निर्धारित प्रोटोकॉल और कार्यक्रम के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रपति के दौरे के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर, राष्ट्रगान, बैरिकेड्स, सुरक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, अग्निशमन सेवा, इंटरनेट और



दूरसंचार, औद्योगिक उपकरण, ट्रेफिक व्यवस्था, साधारण कानून व्यवस्था, मीडिया पास आदि पर चर्चा हुई। मुख्य प्रशासनिक सचिव ने राष्ट्रपति के हर उस स्थान पर पुलिस और संप्रुक्त विभागों के नोडल अधिकारियों को तैनात कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के सख्त आदेश दिए जहां राष्ट्रपति का दौरा होना है। श्री महापात्र ने कहा उन सभी व्यक्तियों का आरटीपीसीआर और कोविड जांच होगा जो राष्ट्रपति के पास जाते हैं और उनसे सीधे संपर्क में आयेंगे और एन-5 मास्क पहनना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। प्राप्त प्रारंभिक जानकारी से पता चलता है कि राष्ट्रपति इस महीने की 10 और 11 तारीख को दो दिन के लिए ओडिशा में रहेंगे। वह सुबह 10 बजे भुवनेश्वर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से वे श्रीक्षेत्र पुरी के लिए रवाना होंगे। मंदिर में महाप्रभु के दर्शन के बाद वह सिंह द्वार के पास उत्कलमणि पंडित गोपबंधु दास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। फिर वह पुरी राजभवन जायेंगे।

### ज्ञान पोर्टल 'ई-कुंभ' का उद्घाटन करेंगी

दोपहर को वे भुवनेश्वर आयेंगे और शहर के विभिन्न हिस्सों में स्थापित उत्कल के बरपुत्र के प्रति मूर्ति पर अपना श्रद्धा सुमन के साथ माल्यार्पण करेंगे। बाद में, राष्ट्रपति राजभवन का दौरा करेंगे और एक सिभिग रिसेप्सन समारोह आयोजित करने का प्रस्ताव है। 10 को कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति राजभवन में विश्राम करेंगे। यात्रा के दूसरे दिन (11 नवंबर) राष्ट्रपति के खंडगिरी में तपोबन हाइ स्कूल, यूनिट- II सरकारी गर्ल्स हाइ स्कूल और कुंतला कुमारी साबत आदिवासी छात्र निवास का दौरा करने की संभावना है। बाद में, राष्ट्रपति जयदेव भवन में सर्व भारतीय वैशयिक शिक्षा परिषद द्वारा तैयार उड़िया में इंजीनियरिंग पाठ्यपुस्तकों, विज्ञान और वैसयिक शब्दावली आयोग द्वारा तैयार उड़िया शब्दावली और विभिन्न भारतीय भाषाओं में ज्ञान पोर्टल 'ई-कुंभ' का उद्घाटन करेंगी। दूसरे दिन दोपहर में राष्ट्रपति भुवनेश्वर एयरपोर्ट से दिल्ली पालम एयरपोर्ट के लिए यात्रा करेंगी। बैठक में अपर मुख्य प्रशासनिक सचिव, मुख्य प्रशासनिक सचिव, प्रशासनिक सचिव, संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित पुलिस महानिदेशक सुनील कुमार बंसल शामिल थे। पुरी और खुर्दा के जिलापाल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

## धामनगर उपचुनाव : मृत पोलिंग अधिकारी को मिलेगा 15 लाख

# सीइओ ने की सहायता की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** धामनगर उपचुनाव के लिए जहां आज सुबह मतदान शुरू हुआ वहीं मतदान से पहले एक पोलिंग अधिकारी की मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार मृतक पूलिंग अधिकारी को सहायता राशि मिलेगा, उनके परिवार को 15 लाख रुपये की अनुकंप राशि दी जायेगी। उप चुनाव दायित्व के प्रभारी पोलिंग अधिकारी नटबर मुंडा थे। बीमारी के चलते उनका एससीबी में इलाज चल रहा था। नटबर मुंडा का आज सुबह निधन हो गया। सीईओ सुशील लोहानी ने सहायता राशि की जानकारी दी। गौरतलब है कि उप चुनाव दायित्व के लिए कार्यरत पोलिंग अधिकारी नटबर मुंडा का निधन हो गया है। खबर है कि उनका धामनगर उपचुनाव से पहले निधन हो गया। बूथ नंबर 139 पोलिंग ऑफिसर थे नटबर मुंडा। यह जानकारी भद्रक के जिलापाल सिद्धेश्वर बंदाल ने दी। उनके मुताबिक 'कल नटबर का तबियत बिगड़ गया। जिलापाल के निर्देश पर नटबर को एससीबी को भेजा गया था। पूलिंग अधिकारी की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं धामनगर उपचुनाव के लिए वोटिंग जारी है। बताया गया है कि अपराह्न 3 बजे तक 52.13% फीसदी वोटिंग हो चुकी है। अब 252 केंद्रों पर मतदान हो रहा है। हालांकि धामनगर उपचुनाव के लिए मतदान सुबह सात बजे से शुरू हो गया है। मतदान शाम सात बजे तक चलेगा। कुल 2 लाख 38 हजार 417 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1 लाख 23 हजार 38 पुरुष मतदाता हैं, जबकि 1 लाख 15 हजार 346 महिला मतदाता हैं. कुल 252 बूथों पर मतदान हो रहा है। 10 संवेदनशील बूथों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये हैं। 15 मॉडल बूथ और 5 पिंक बूथ हैं।

### मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने जताया शोक

सीएम ने कहा धामनगर उपचुनाव में शामिल मतदान अधिकारी नटबर मुंडा के निधन के बारे में जानकर मुझे दुख हुआ है। उनकी आत्मा को शांति मिले और शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी संवेदनायें।

# 30 सितंबर 2022 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम की घोषणा

- घरेलू स्तर पर अंतिम उपभोक्ता क्षेत्र में मांग मजबूत बनी रही। सजग बिक्री योजना के बल पर जेएसएल ने घरेलू बिक्री पर अपना ध्यान बढ़ाया।

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड, जेएसएल के निदेशक मंडल ने आज 30 सितंबर 2022 को समाप्त तिमाही के लिए अनऑडिटेडवित्तीय परिणामों की घोषणा की। वित्तवर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही के दौरान जेएसएलकी एकल आय 5ए442 करोड़ रुपये एबिट्डा 411 करोड़ रुपये और मुनाफा 189 करोड़ रहा। कंपनी ने 270360 मीट्रिक टन, एमटी की बिक्री दर्ज की। 30 सितंबर- 2022 तक कंपनी का शुद्ध विदेशी ऋण 1779 करोड़ रुपये रहा और कंपनी ने अपना ऋण इक्विटी अनुपात लगभग 05 पर बनाये रखा। समेकित आधार परए वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही के दौरान जेएसएल की आय 5605 करोड़ रुपये एबिट्डा 358 करोड़ और मुनाफा 152 करोड़ रहा। तिमाही के दौरान स्टेनलेस स्टील की वैश्विक मांग में गिरावट आयी। इसके मुख्य कारणरीयल एस्टेट और निर्माण क्षेत्र की मांग में नर्मी, उच्च ऊर्जा लागत और फेडरल रिजर्व द्वारा आक्रामक रूप से मुख्य दरों में वृद्धि रहे। इसके अलावाए वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही के दौरान कच्चे माल की कीमतों में गिरावट आयी निकल की कीमत में तिमाही स्तर पर 24ः और फेरोक्रोम में 18ः की गिरावट आयी। घरेलू स्तर पर अंतिम उपभोक्ता क्षेत्र में मांग मजबूत बनी रही। सजग बिक्री योजना के बल पर जेएसएल ने घरेलू बिक्री पर अपना ध्यान बढ़ाया। परिणाम स्वरूप वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल बिक्री का लगभग 95 भाग घरेलू ग्राहकों पर केंद्रित था। एमओयू और नये ओइएम ग्राहकों के लिए कंपनी की योजना से सकारात्मक भावना बनी रही। इन सभी कारकों के मद्देनजर जेएसएल की बिक्री मात्रा में वृद्धि आयी। तिमाही दर तिमाही आधार पर लगभग 28ः की वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही के दौरान ऑटोमोबाइल क्षेत्र में मांग बनी रही।

### समीक्षाधीन तिमाही में औसत बिक्री सालाना स्तर पर बढ़ी

कंपनी ने 432 सहित नये स्टेनलेस स्टील ग्रेड की आपूर्ति की। साथ ही ऑटो क्षेत्र में बड़े ग्राहकों को 436 और 439 जैसे ग्रेड की भी आपूर्ति की। पाइप और ट्यूब, पी एंड टी क्षेत्र में समीक्षाधीन तिमाही में औसत बिक्री सालाना स्तर पर 41ः बढ़ी। इसके अलावा लिफ्ट और एलीवेटर क्षेत्र में भी मांग मजबूत रही। भारतीय रेल ने माल ढुलाई में अपने हिस्से को बढ़ाने पर जोर जारी रखा। इसके कारण आरवाइ 2–»23 के दौरान, रेलवे वैगन सेगमेंट में की बिक्री 25ः बढ़ी। भविष्य में, वंदे भारत ट्रेनसेट भारतीय रेल के लिए एक प्रमुख क्षेत्र रहेगा। साथ ही अगले 5 वर्षों में, भारतीय मेट्रो परियोजनाओं में 80000 करोड़ रुपये का निवेश करने की उम्मीद है।

## 24 नवंबर से विधानसभा का शीतकालीन सत्र

# पहले दिन अतिरिक्त बजट पेश किया जायेगा




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** विधानसभा का शीतकालीन सत्र इसी महीने शुरू होगा. यह 24 नवंबर से शुरू होकर 31 दिसंबर तक चलेगा। माना जा रहा है कि मौजूदा शीतकालीन सत्र में कुल 33 कार्य दिवस होंगे। हालांकि वित्त मंत्री निरंजन पुजारी इस सत्र के पहले दिन अतिरिक्त बजट पेश करेंगे। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। विधानसभा के परिचालन के लिए वाचस्पति जल्द ही सर्वदलीय बैठक बुला सकते हैं।

# लाल किले पर हमले के दोषी की फांसी की सजा बरकरार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** साल 2000 में हुए लाल किले पर हमले के मामले में दोषी मोहम्मद अशफाक आरिफ को सुप्रीम कोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया है। गुरुवार को शीर्ष न्यायलय ने आरिफ की मौत की सजा को बरकरार रखा। मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित की अगुवाई में सुनवाई कर रही बेंच ने याचिका को खारिज कर दिया है। लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी आरिफ को 22 दिसंबर 2000 में दिल्ली के लाल किले में सेना के बैरक पर हमले का दोषी पाया गया था। इस हमले के मास्टरमाइंड माने गये आरिफ को साल 2005 में दिल्ली की ट्रायल कोर्ट ने मौत की सजा सुनायी थी। वहीं, साल 2007 में दिल्ली हाईकोर्ट ने मौत की सजा की पुष्टि कर दी थी। साल 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने भी दोषी की फांसी की सजा को बरकरार रखा था। दिसंबर 2000 को हुए हमले में तीन लोगों की मौत हो गई थी। घटना के चार दिनों के बाद आरिफ को पत्नी रेहमाना यूसुफ फारूकी के साथ गिरफ्तार किया गया था। ट्रायल कोर्ट ने साल 2005 में आरिफ समेत 6 लोगों को दोषी पाया गया था। सभी पर हत्या, आपराधिक साजिश और भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने के आरोप थे। हालांकि, अरिफ के अलावा अन्य लोगों को कैद मिली थी। साल 2007 में उच्च न्यायालय से भी उसे राहत नहीं मिली। उस दौरान सबूतों के अभाव में अन्य आरोपियों को रिहा कर दिया गया था।



### 22 दिसंबर 2000 को क्या हुआ था

22 साल पहले 22 दिसंबर को कुछ घुसपैठियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी थी और तीन लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। इनमें 7वीं राजपुताना राइफल्स के दो जवान भी शामिल थे। बाद में पाकिस्तानी नागरिक आरिफ को गिरफ्तार किया गया। 10 अगस्त 2011 में भी शीर्ष न्यायलय ने दोष के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

### दिल्ली में सांस लेना फिर मुश्किल

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पराली जलने और गाड़ियों से हो रहे प्रदूषण की वजह से दिल्ली की हवा एक बार फिर जहरीली होने लगी है। नतीजतन गुरुवार सुबह एयर क्वॉलिटी इंडेक्स (अदक) 418 तक पहुंच गया और पूरी दिल्ली घने कोहरे की चपेट में आ गई।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**